RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 65
नई दिल्ली, रविवार, 8 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





चेतन शर्मा चयन समिति के अध्यक्ष बरकरार
स्पोर्ट्स-12


# उड़ान में पेशाब करने का आरोपी गिरफ्तार

## बेंगलुरू से पकड़ा गया शंकर मिश्रा, दिल्ली की अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

● एयर इंडिया के सीईओ ने घटना के लिए मांगी माफी, गलती करने वाले पायलट समेत अन्य कर्मियों पर कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एयर** इंडिया की फ्लाइट में बुजुर्ग महिला सहयात्री के ऊपर पेशाब करने का आरोपी शंकर मिश्रा तमाम तिकड़में अपनाने के बावजूद बच नहीं पाया। उसे घटना के छह सप्ताह बाद शुक्रवार की रात बेंगलुरू से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस से बचने के लिए उसने अपनी दाढ़ी कटा ली थी और फोन भी बंद कर लिए थे। मुम्बई स्थित घर छोड़कर बेंगलुरू आ गया था। वह केवल सोशल मीडिया के जरिए ही अपने दोस्तों-परिचितों से बातचीत कर रहा था।

शनिवार को मिश्रा को दिल्ली लाकर अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अमेरिका की बैंकिंग कंपनी वेल्स फार्गो में उपाध्यक्ष (इंडिया) रहे शंकर मिश्रा ने न्यूयॉर्क से दिल्ली की फ्लाइट में बीते साल 26 नवंबर को बुजुर्ग महिला सहयात्री के ऊपर पेशाब कर दिया था। दिल्ली आकर भी वह आराम से अपने घर चला गया। अब मामला गरमाया तो वह फरार हो गया। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से उसकी लोकेशन का पता लगाने के बाद दिल्ली पुलिस और बेंगलुरू की केंद्रीय अपराधा शाखा की संयुक्त टीम ने मिश्रा को बेंगलुरू के घर से पकड़ लिया।



नई दिल्ली में पुलिस की गिरफ्त में उड़ान में महिला के ऊपर पेशाब करने का आरोपी शंकर मिश्रा

घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए अमेरिकी कंपनी ने एक दिन पहले ही मिश्रा को नौकरी से निकाल दिया था। इस कंपनी का मुख्यालय कैलिफोर्निया में है। दिल्ली पुलिस ने मामले में जांच के लिए मिश्रा के साथ-साथ एयर इंडिया के उस पायलट व अन्य कर्मियों से भी पूछताछ की, जो घटना वाले दिन फ्लाइट का संचालन कर रहे थे। इस बेहद संवेदनशील घटना से निपटने में लापरवाही व गैर पेशेवर रवैये के आरोपों का सामना कर रही एयर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने माफी मांगी है। साथ ही कहा कि चार केबिन क्रू और फ्लाइट में मौजूद दो में से एक पायलट को डी-रोस्ट कर दिया गया है। यानी उन्हें ड्यूटी से हटा दिया है। सीईओ ने यह भी कहा कि एयरलाइन अपनी उड़ानों में शराब परोसने, असामान्य घटनाओं से निपटने, बोर्ड पर शिकायत पंजीकरण और शिकायत से निपटने की नीति की समीक्षा कर रही है। सीईओ ने एक बयान में स्वीकार किया कि एयरलाइन (शेष पेज 8)

## सहयात्री का दावा, क्रू ने पीड़िता को सीट के लिए दो घंटे कराया इंतजार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● आरोपी मिश्रा की बगल वाली सीट पर बैठे थे अमेरिका में रहने वाले डॉ. सौगत भट्टाचार्जी

**एयर** इंडिया की न्यूयॉर्क से दिल्ली आने वाली फ्लाइट में बुजुर्ग महिला पर पेशाब करने वाला यात्री ही नहीं दोषी नहीं, एयर इंडिया के क्रू मेंबर का रवैया भी उचित नहीं था। यात्री के पेशाब करने की यह घटना 26 नवंबर को हुई थी। उस फ्लाइट में आरोपी शंकर मिश्रा की बगल वाली सीट पर सफर करने वाले डॉ. सौगत भट्टाचार्जी ने पूरी घटना की लिखित शिकायत एयर इंडिया से की है।

अमेरिका में रहने वाले डॉ. सौगत ने कहा कि घटना के बाद क्रू मेंबर ने सीट के लिए पीड़ित महिला को दो घंटे तक इंतजार कराया। एक बार तो कर्मचारी महिला को उसी सीट पर बैठने के लिए मजबूर करने लगे, जो पेशाब से भीगी हुई थी। अमेरिका में ऑडियोलॉजी के डॉक्टर सौगत भट्टाचार्जी दिल्ली जाने वाली उड़ान की बिजनेस क्लास में आरोपी के बगल वाली सीट पर बैठे थे।

भट्टाचार्जी ने एयरलाइंस को एक हस्तलिखित शिकायत में कहा कि प्रथम श्रेणी में चार सीटें खाली होने के बावजूद पीड़ित यात्री को उसकी गंदी सीट पर ही वापस जाने के लिए मजबूर किया गया। शिकायत में भट्टाचार्जी ने कहा कि वह बिजनेस क्लास की पहली पंक्ति में 8ए (विंडो) पर आरोपी शंकर मिश्रा के बगल में बैठे थे और मिश्रा सीट 8सी (शेष पेज 8)

# जोशीमठ में 603 घरों में दरार, 55 परिवार हटाए



जोशीमठ में प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**पायनियर समाचार सेवा।** जोशीमठ/देहरादून

● मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया, अधिकारियों को राहत व बचाव कार्य तेज करने का निर्देश

**ऐसे** समय में जब कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार हो रहे धंसाव के चलते जोशीमठ को बचाना अब मुश्किल है, वही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को शहर का दौरा किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने धंसाव वाले क्षेत्रों से लोगों तुरंत सुरक्षित स्थानों पर भेजने के निदेश भी दिए।

चमोली जिला प्रशासन के मुताबिक शहर में 603 भवनों में दरारें आईं है जबकि 55 परिवारों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। इससे पहले गुरुवार को राज्य प्रशासन ने तपोवन-विष्णुगढ़ हाईड्रो पावर प्रोजेक्ट तथा जोशीमठ निगम के दायरे में चल रहे निर्माण कार्यों के समेत सभी निर्माण गतिविधियों को रोकने का आदेश दिया है। शनिवार को प्रभावित परिवारों से बातचीत में धामी ने उनको हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया।

इससे एक दिन पहले उन्होंने अधिकारियों से प्रभावित परिवारों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का निर्देश दिया था। धामी ने कहा कि जोशीमठ धार्मिक, आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक पहलु से महत्वपूर्ण है और यह हमारी आस्था तथा पर्यटन का केंद्र भी है। हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती प्राचीन ज्योतिर्मठ को (शेष पेज 8)

## हिमाचल मंत्रिमंडल का विस्तार आज

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला, नई दिल्ली

**हिमाचल** प्रदेश मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार रविवार को होगा। राजभवन के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आठ जनवरी को सुबह 10 बजे राजभवन में होगा। इस बीच पार्टी सूत्रों ने नई दिल्ली में बताया कि सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार में सात नए मंत्री शामिल किए जाएंगे, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह के अलावा धनीराम शांडिल और हर्षवर्धन चौहान के नाम भी हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज पूर्वाह्न में कहा था कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए संभावितों की सूची मंजूरी के लिए कांग्रेस आलाकमान को सौंप दी है। उन्होंने दिल्ली से लौटने के बाद यहां संवाददाताओं से कहा था कि मंत्रिमंडल का विस्तार रविवार या उसके बाद संभव है। सुक्खू ने दिल्ली में इस मुद्दे पर पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया (शेष पेज 8)

# ड्रग तस्करी में पहले भी गिरफ्तार हो चुकी निधि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कंझावला घटना**

● दिसंबर 2020 में तेलंगाना से ला रही थी 30 किलो गांजा, आगरा रेलवे स्टेशन पर पकड़ी गई, अब है जमानत पर

**कंझावला** में कार से घसीटकर मौत का शिकार हुई अंजलि सिंह की सहेली के बारे में शनिवार को नया खुलासा हुआ है। वह ड्रग तस्करी के मामले में दिसंबर 2020 में आगरा में गिरफ्तार हो चुकी है। आगरा कैंट थाने में उसके खिलाफ केस दर्ज है और वह इस समय जमानत पर है। इससे पहले एक वीडियो और एक अस्पताल की रिपोर्ट वायरल हुई, जिसमें कथित तौर पर दिखाया गया कि छह महीने पहले भी अंजलि का एक्सीडेंट हुआ था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, निधि को 6 दिसंबर, 2020 को आगरा रेलवे स्टेशन पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, (1985) के तहत गिरफ्तार किया गया था। वह तेलंगाना से ट्रेन के जरिए 30 किलो गांजा (ड्रग्स) ला रही थी। निधि के साथ समीर और रवि नाम के दो लड़कों को भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उन खबरों का खंडन किया है कि निधि को अंजलि की मौत मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि उसे केवल जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया था।

अंजलि के बारे में एक ताजा सीसीटीवी फुटेज में कथित रूप से दिखाया गया है कि कैसे अंजलि 16 जुलाई, 2022 की रात को अपने स्कूटर को चलाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। वीडियो में दिख रहा है कि अंजलि बहुत तेज गति से अपना स्कूटर चला रही है और अचानक सड़क किनारे रखे टायरों में उसका स्कूटर टकरा गया। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि अंजलि उछलकर सड़क पर जा गिरी। हादसे में अंजलि को गंभीर चोटें आई थी और उसे अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था। सूत्रों के अनुसार उस दौरान मेडिकल परीक्षण से पता चला था कि वह शराब के नशे में थी। इस मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने गुरु गोबिंद सिंह सरकारी अस्पताल से रिपोर्ट हासिल की है। नए साल पर बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी से कंझावला तक 12 किमी तक एक कार की चपेट में आने और घसीटने के बाद अंजलि की मौत हो गई थी।

उसकी सहेली निधि, जो दुर्घटना के समय उसके स्कूटर पर पीछे बैठी थी, ने दावा किया है कि वह दुर्घटना के बाद साइड में गिर गई और डर कर मौके से भाग गई। उसने यह भी दावा किया कि अंजलि 31 दिसंबर की रात एक होटल में अपने दोस्तों से मिलने गई थी। निधि ने कहा कि अंजलि नशे में थी और यहां तक ??कि मेरे साथ उसने झगड़ा भी किया था। अंजलि की मां ने इस दुर्घटना को सोची-समझी साजिश करार दिया है और निधि के आरोपों को निराधार बताया है। इस बीच शहर की एक अदालत ने शनिवार को कंझावला दुर्घटना मामले (शेष पेज 8)

## अमेरिका में छह साल के बच्चे ने शिक्षिका को गोली मारी

**एपी।** नोरफोक

**अमेरिका** के वर्जीनिया में छह साल के छात्र ने अपने स्कूल में एक शिक्षिका को गोली मार दी। शुक्रवार को कक्षा एक में पढ़ने वाले इस छात्र का शिक्षिका के साथ विवाद हुआ था। न्यूपोर्ट न्यूज शहर की पुलिस और स्कूल प्रबंधन ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि रिचनेक एलिमेंट्री स्कूल में गोलीबारी की घटना में हालांकि कोई छात्र जख्मी नहीं हुआ। न्यूपोर्ट न्यूज के पुलिस प्रमुख स्टीव ड्रीयू ने बताया कि शिक्षिका की उम्र लगभग 30 वर्ष है और गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। हालांकि, दोपहर बाद तक उसकी स्थिति में सुधार आया। ड्रीयू ने पत्रकारों से कहा, गोली चलने की घटना कोई दुर्घटना नहीं थी। छात्र और शिक्षिका एक-दूसरे को जानते थे तथा दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उन्होंने बताया कि बच्चा कक्षा में हथियार लेकर आया था और (शेष पेज 8)

# बिहार में शुरू हुई जाति आधारित गणना

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में शनिवार से शुरू हुई जाति आधारित जनगणना के बारे में कहा कि केन्द्र सरकार के इसके लिए तैयार नहीं होने पर राज्य सरकार अपने स्तर पर यह कवायद करा रही है। अपनी समाधान यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री वैशाली जिले के गोरौल प्रखंड अंतर्गत हरसेर गांव में मनोज पासवान के घर पहुंचे। पासवान के घर से वैशाली जिले में आज जाति आधारित जनगणना की शुरुआत की गई।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने मनोज पासवान और जाति आधारित गणना करने वाले कर्मचारियों से बातचीत की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में नीतीश ने कहा, जाति आधारित गणना का काम अच्छे से शुरू हो गया है। हमने जाकर खुद देखा है और गणनाकर्मियों को कहा है कि ठीक से सभी चीजों को नोट कीजिए। किसी व्यक्ति का अगर घर यहां है और वह राज्य के बाहर रहता है तो उसकी जानकारी भी लेकर नोट कीजिए सभी पार्टियों की सहमति से जाति आधारित



पटना में लोगों से जाति जनगणना के लिए सूचनाएं लेते कर्मचारी

गणना का काम शुरू हुआ है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार से भी हमने कहा था कि जाति आधारित गणना कराइए लेकिन वे लोग तैयार नहीं हुए, इसलिए हम अपने स्तर से इसे करवा रहे हैं।

हमलोग जाति की गणना के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति का अध्ययन भी करवा रहे हैं ताकि यह पता चल सके कि समाज में कितने लोग गरीब हैं और उनको कैसे आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गणना पूरी होने पर इसकर रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी और उसमें जो भी आंकड़े सामने आएंगे उनके आधार पर आगे काम होगा। उन्होंने कहा कि गणना रिपोर्ट की एक प्रति केन्द्र को भी भेजी जाएगी। उन्होंने कहा, केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी पूरे देश को विकसित करने की है।

अगर कोई राज्य पीछे है तो उसको आगे बढ़ाना भी केंद्र सरकार का काम है। इस यात्रा में मुख्यमंत्री के साथ शामिल उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सुबह पटना में पत्रकारों से कहा था, यह बिहार में महागठबंधन सरकार द्वारा उठाया (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,900 | |
| निफ्टी | 17,859 | |
| सोना | 55,650 | /10g |
| चांदी | 68,700 | /kg |

## क्विक न्यूज

### हावड़ा से दो संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने हावड़ा के टिक्यिापाड़ा इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े संदिग्ध आतंकवादी होने के संदेह में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी से मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की एक टीम ने शुक्रवार रात दोनों आरोपियों को टिक्यिापाड़ा के आफ्ताबुद्दीन मुंशी लेन स्थित उनके ठिकाने से पकड़ा। अधिकारी ने कहा, दोनों हावड़ा में आतंकवादी समूह का विस्तार करने में शामिल रहे हैं। हम उनकी भूमिका के बारे में और पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि दोनों आरोपी स्थानीय युवाओं को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए भड़का रहे थे।

## मैक्कार्थी अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष बने

● रिपब्लिकन नेता को बाइडन ने दी बधाई, 15वें चरण के मतदान के बाद चुने गए

**भाषा।** वाशिंगटन

**रिपब्लिकन** पार्टी के नेता केविन मैक्कार्थी को शनिवार को ऐतिहासिक 15वें चरण के मतदान में अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष चुन लिया गया जिससे देश में पिछले कुछ समय से पैदा गतिरोध खत्म हो गया। मैक्कार्थी (57) डेमोक्रेटिक पार्टी की 82 वर्षीय नैंसी पेलोसी का स्थान लेंगे जो आठ नवंबर को हुए मध्यावधि चुनाव के बाद सदन में बहुमत खो बैठी थीं।

इस चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी ने 435 सदस्यीय सदन में 222 सीट जीती थीं जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी ने 212



सीट जीती थीं। मैक्कार्थी ने 15वें चरण तक चले मतदान में 216 वोट हासिल किए जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी के 52 वर्षीय हकीम सेकोउ जेफरीज को 212 वोट मिले।

रिपब्लिकन सांसद अपनी पार्टी के छह बागियों के मतदान के लिए उपस्थित होने के बाद ही बहुमत का जादुई आंकड़ा छूने पर कामयाब रहे। मैक्कार्थी प्रतिनिधि सभा के 55वें अध्यक्ष होंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मैक्कार्थी को बधाई दी और कहा कि यह वक्त जिम्मेदारीपूर्वक शासन करने (शेष पेज 8)

# सीजन का सबसे ठंडा दिन, पारा 1.5 डिग्री पहुंचा

## दिल्ली का औसत तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, ठंड से कांपा दिल्ली-एनसीआर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी और आसपास के शहरों समेत उत्तर भारत में ठंड से कोई राहत नहीं मिली है। शनिवार को दिल्ली के एक मौसम केंद्र रिज में न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। वहीं औसत तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस मौसम में सबसे कम तापमान है। रात तो ठंड से बुरा हाल रहा ही, शनिवार को दोपहर तक ठंड के चलते घरों से निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर में निकली धूप ने कुछ राहत दी।

राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान इस मौसम के सामान्य से तीन डिग्री कम 16.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में रिकॉर्ड गिरावट के चलते दिल्ली में लोग हाड़ कंपा देने वाली सर्दी से बचने के लिए सड़कों के किनारे अलाव का सहारा लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार,



नई दिल्ली में कड़ाके ठंड के बीच सड़क पर मूंगफली बेचती महिला

पिछले 24 घंटों में मध्य प्रदेश के नौगोंग क्षेत्र में सबसे कम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस और राजस्थान के चूरू में 0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा कि रविवार को भी उत्तर भारत में घने कोहरे और शीत लहर से कोई राहत नहीं मिलेगी। जहां तक राजधानी दिल्ली का सवाल है तो यहां लोधी रोड और आयानगर मौसम केंद्रों में न्यूनतम तापमान क्रमशः 2 डिग्री और 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले शुक्रवार को आयानगर में न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 100 प्रतिशत और शाम साढ़े पांच बजे 69 प्रतिशत दर्ज की गई। घने कोहरे की एक परत शहर के वातावरण में छायी रही, जिससे पालम में दृश्यता लगभग 50 मीटर तक रही।

घने कोहरे के चलते सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास पालम वेधशाला में सुबह साढ़े पांच बजे दृश्यता 25 मीटर थी। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने कहा कि शनिवार को हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में भीषण (शेष पेज 8)

# 684 करोड़ में बनेगी नोएडा की पहली सिग्नेचर बिल्डिंग

## पीपीपी मॉडल पर 2 मंजिल पर सिर्फ पार्किंग होगी, टॉप फ्लोर पर घर होंगे, 150 कमरों का होटल बनेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के सेक्टर-94 में 97 हजार वर्ग मीटर में नोएडा कन्वेंशन एंड हैबिटेट सेंटर का निर्माण होने जा रहा है। यह नोएडा प्राधिकरण की सिग्नेचर बिल्डिंग होगी। पहले इसका निर्माण यूपी राज्य निर्माण निगम कर रही थी। लेकिन अब इसे पीपीपी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर बनाया जाएगा।

आगामी बोर्ड में इस प्रस्ताव को लाया जाएगा। वहां से शासन के पास भेजा जाएगा। अप्रूवल मिलने के बाद कंपनी का चयन किया जाएगा। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवीण सलोनिया ने बताया कि तकनीकी कारणों की वजह से यूपीआरएनएन से ये काम वापस ले लिया गया है। ऐसे में नई कंपनी इसका निर्माण करेगी और संचालन कर अपना पैसा निकालेगी। इसका एक हिस्सा नोएडा प्राधिकरण राजस्व के रूप में अपने पास भी रखेगी।

उन्होंने बताया नोएडा सहित विदेश में कई बड़ी बिल्डिंग का डिजाइन तैयार करने वाली निर्माण कंसल्टेंट कंपनी ने इसका डिजाइन तैयार किया है। परियोजना की कुल लागत 684.50 करोड़ रुपए है।

जिसमें सिविल कार्य में 395.26 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इलेक्ट्रिक का काम 125.38 करोड़ में किया जाएगा। व अन्य मद में 163.86 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मास्टर प्लान 2031 के तहत सेक्टर.94 के भूखंड संख्या.4 व 5 पर नोएडा कन्वेंशन एंड हैबिटेट सेंटर का निर्माण किया जाना है।

सेक्टर-94 के ले-आउट प्लान के मुताबिक भूखंड का भू-प्रयोग व्यवसायिक है। डिजाइन तैयार करते समय मिश्रित भू.उपयोग का भी ध्यान रखा गया है। इसका कुल बिल्टअप एरिया 158189 वर्गमीटर है। और भवन की ऊंचाई दो बेसमेंट सहित 151 मीटर की होगी। इसमें 3579 कारों की पार्किंग होगी। कन्वेंशन और हैबिटेट सेंटर की बनाई जाने वाली इमारत ग्रीन प्लेटिनम रेटिंग की होगी। दो मंजिला पार्किंग मैकेनिकल पार्किंग होगी। ऐसी इमारत नोएडा में पहली होगी। जिसे नोएडा की सिग्नेचर बिल्डिंग कहा जाएगा।

### पांच भागों में पूरी होगी परियोजना

*भाग-1 को वेस्ट ब्लॉक जिसमें कुल 21659 वर्गमीटर क्षेत्र, भाग.2 सेंट्रल ब्लॉक इसमें 12924 वर्गमीटर व भाग.3 को ईस्ट ब्लॉक इसको 15691 वर्गमीटर में बांटा गया है। इसके अलावा भाग.4 होटल के लिए होगा इसके लिए 1980 वर्गमीटर जमीन आरक्षित की गई।*

### ये होगा प्रारूप

- 2050 और 750 सिटिंग क्षमता के ऑडिटोरियम
- 150 कमरों का एक होटल
- 6 बैक्वुवेट हॉल क्षमता 400 से 500 होगी
- ओपन एयर थियेटर
- पार्किंग व्यवस्था के लिए कंप्लैक्स
- सेक्टर.94 से मेट्रो के जरिए सीधे प्रवेश की व्यवस्था
- प्रदर्शनी के अलावा अलग से एक्टिविटी एरिया

### कनवेंशन और हैबिटेट सेंटर की खासियत

- सभी जगह एलइडी लाइट
- ग्रीन बिल्डिंग के रूप में होगा निर्माण
- लगभग .5 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन
- स्मार्ट बिल्डिंग कांसेप्ट के जरिये बनेगी इमारत
- परिसर में लोगों को मिलेगा स्मार्ट कार्ड से प्रवेश

## 250 बाइकों के चालान कटे

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दुपहिया और तिपहिया वाहनों का संचालन बंद कराने के लिए पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। गाजियाबाद पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाकर करीब ढाई सौ बाइकों व तिपहिया वाहनों के चालान काटे। दोबारा एक्सप्रेसवे पर दिखने पर इन्हें सीज करने की चेतावनी भी दी। आपको बता दें कि इस एक्सप्रेस.वे पर सिर्फ चार पहिया वाहनों का संचालन स्वीकृत है। पहले दिन से ही आदेश हैं कि बाइक, बुग्गी, ऑटो-टेम्पो, ई.रिक्शे जैसे वाहन एक्सप्रेस.वे पर संचालित न किए जाएं। इसके बावजूद प्रतिबंधित वाहनों का संचालन लगातार हो रहा था। ये स्थिति तब है, जब रोजाना पुलिस कैमरे के जरिये ऐसे वाहनों के ऑनलाइन चालान काट रही है। ऐसे वाहनों का संचालन प्रतिबंध सुनिश्चित करने के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा खुद सड़क पर उतर आए।

# ऑन ड्यूटी पीएसओ ने अपने साथी को मारी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 में स्थित एक कंपनी में दो पीएसओ जवानों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी बीच एक पीएसओ जवान ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से दूसरे को गोली मार दी, जिसमें उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए 2 टीमों का गठन किया गया है। ईकोटेक.1 की थाना प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि इस वारदात की जानकारी उनको शनिवार की शाम 4;15 पर हुई थी। सरिता मलिक ने बताया कि कॉफ र्जे कम्पनी मे दो पीएसओ के बीच हुई कहासुनी के दौरान पीएसओ चांद को पीएसओ अर्ज कुमार ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी गई। वारदात के बाद अर्ज कुमार मौके से फरार हो गया। कंपनी में तैनात अन्य लोगों ने चांद को गंभीर हालत में कासना के जिम्स अस्पताल में एडमिट करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। सरिता मलिक ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 52 साल थी। मृतक ड्यूटी पर तैनात था।

### फैक्ट्री के मालिक ने किया था डबल मर्डर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 6 दिन पहले दो दोस्तों की हत्या मामले का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, केमिकल फैक्ट्री के मालिक ने दोनों की हत्या कराई थी। दोनों दोस्त केमिकल फैक्ट्री मालिक से अक्सर रुपए मांगते थे। इनकार पर पॉल्यूशन फैलाने के आरोप में फैक्ट्री बंद कराने की धमकी देते थे। इसी को लेकर 31 दिसंबर की रात में उनका झगड़ा हुआ। इसके बाद फैक्ट्री मालिक ने हत्या कर शव फेंकवा दिया। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। टीला मोड़ थाना क्षेत्र में गांव रिस्तल के रहने वाले दुर्गेश कसाना और गौरव कसाना दिल्ली की निजी कंपनी में नौकरी करते थे। 31 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे दोनों दोस्त लापता हो गए। तीन जनवरी को परिजनों ने थाने में दोनों की मिसिंग रिपोर्ट दर्ज कराई। 4 जनवरी को दोनों के शव जंगल में पड़े मिल गए।

PUBLIC NOTICE

Be it known to the public at large that there is a property dispute pending between my client Mrs. Shikha Raisinghani, W/o Mr. Sandeep Raisinghani, R/o B-6/31/2, Safdarjung Enclave, New Delhi 110029 and Veera Builders through Satish Jain, Off: T-21, Basement, Green Park Extn., New Delhi-110016, Mrs. Sushila Tiwari, C/o Mr. Sandeep Tewari & Mrs. Sunita Tewari, all residents of Tower No. F-704, 7th Floor, Chintels Paradiso, Dwarka Expressway, Sector-109, Gurugram, Haryana-122017, in respect of entire property bearing No. B-6/56, Safdarjung Enclave, New Delhi-110029, in Saket District Court, as my client is having a share in the aforesaid property and suit bearing no. Civil Suit for DJ and ADJ bearing No. 291 of 2022, and Civil Suit for DJ and ADJ bearing No. 479 of 2022. If any person/ Party/ Group, enters into any kind of sale/ agreement/ purchase transaction in respect of the above said property, the same shall be treated as null and void, and such person shall be liable to indemnify my client Mrs. Shikha Raisinghani, W/o Mr. Sandeep Raisinghani, R/o B-6/31/2, Safdarjung Enclave, New Delhi 110029 on account of the losses suffered by my client for the said transactions.

(LINOY VARGHESE)
ADVOCATE (DELHI HIGH COURT)
OFFICE: B-244, LOWER GROUND FLOOR,
GREATER KAILASH PART -1, NEW DELHI-110048

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Nazra Khatoon W/o. Junaid Alam, R/o. L-2, Abul Fazal Enclave-I, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi - 110025 have changed my son's name from James Alam to Mahtab Alam for all future purposes.

PD(90242)A

खाली करने हेतु सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सूचना

एतद्द्वारा आवेदकों/गारंटरों/बंधकदाताओं मैसर्स कॉन्टीनेंटल कॉन्ट्रैक्टर्स एवं समीर सुबाश वाली एवं सुबाश गोपीनाथ वाली एवं कंचन वाली एवं एएमपी ; मैसर्स लक्ष्मण टूल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं कंचन वाली – मैसर्स लक्ष्मण टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक एवं साकेत सुबाश वाली – मैसर्स लक्ष्मण टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक एवं समीर सुबाश वाली – मैसर्स लक्ष्मण टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक एवं सुबाश गोपीनाथ वाली – मैसर्स लक्ष्मण टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक एवं मैसर्स राइनो नट्स ऐंड बोल्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एवं साकेत सुबाश वाली – मैसर्स राइनो नट्स ऐंड बोल्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक एवं समीर सुबाश वाली – मैसर्स राइनो नट्स ऐंड बोल्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक एवं सुबाश गोपीनाथ वाली – मैसर्स राइनो नट्स ऐंड बोल्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पार्टनर एवं कंचन वाली – मैसर्स कॉन्टीनेंटल कॉन्ट्रैक्टर्स के पार्टनर को सूचना दी जाती है कि कार्यालय सं. 201, द्वितीय तल, ए-विंग, अरविंद चैम्बर्स, अरविंद चैम्बर्स परिसर सीएचएसएल, साई सर्विस सेंटर के ऊपर, डब्ल्यू.ई. हाइवे, सिंधिया सोसायटी, सीटीएस नंबर 348, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-400069 स्थित सम्पत्ति, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत 15 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त किया जा चुका है, से चल वस्तुएं इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन की अवधि के भीतर खाली कर दें (हटा लें)।
कृपया नोट करें कि यदि आप चल वस्तुएं खाली करने (हटाने) में असफल रहेंगे, तो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड सम्पत्ति की नीलामी वहां रखी चल वस्तुओं सहित करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी लागत एवं परिणामों के लिए आप जिम्मेदार होंगे तथा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

तिथि : 07 जनवरी, 2023 — हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA 494/2019, IA 2240/2019 | Vehicle No. UP14GT8288, Make and Model- SWARAJ MAZDA LTDSAMRAT, Manu Year- 2017. Reserve Price: Rs. 2,00,000/-, EMD: Rs. 20,000/- |

**Auction Date: December 23, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Type:** Open Auction
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS RAHUL SHARMA, CS (Comm.) No. 1063 of 2020 | Vehicle No. DL7CR1774, Make and Model- MARUTI SUZUKI INDIA LTD BALENO, Manu Year- 2019 |
| ICICI BANK LTD VS NIRDESH KUMAR, CS SCJ 2490/17 | Vehicle No. DL1LV1048, Make and Model- TATA ACE, Manu Year- 2014. Reserve Price: Rs. 35,000/-, EMD: Rs. 5,000/- to be made in favour of ICICI Bank Limited payable at Delhi |

**Auction Date: January 21, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Type-** Online Auction
Last date of summation of EMD- January 20, 2023 Before 05:00PM
Auction Portal Name & URL Link: Bid Karo www.bidkaro.net
Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**Terms of Sale**
The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself/ themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount (excluding EMD wherein applicable)within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. If you fail to deposit sale amount within 5 days, your EMD (wherein applicable) shall be forfeited.
The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

### ग्रेटर नोएडा में सड़क हादसे में 4 लोग घायल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र के 130 मीटर रोड पर डाढ़ा गोल चक्कर के पास कार व कंटेनर की टक्कर हो गई। जिसमें कार सवार 4 लोग घायल हो गए।

शनिवार की सुबह बीटा .2 थाना क्षेत्र के अंतर्गत डाढ़ा गोल चक्कर के पास 130 मीटर रोड पर आई-10 कार व कंटेनर की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें कार सवार प्रिंस, आदित्य, शगुन और साक्षी गंभीर रूप से घायल हो गए।


सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को ग्रेटर नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। ग्रेटर नोएडा से नोएडा जा रहे धनपुरा निवासी प्रिंस व आदित्य और उनके साथ मायचा गांव निवासी सगुन व साक्षी की 10 कार का तेज रफ्तार कंटेनर से एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट के बाद कार कंटेनर के नीचे फंस गई और वहां पर अफरा.तफरी मच गई। जिसके बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को कार से बाहर निकाला। कार सवार चारों लोग घायल हो गए। सभी घायलों की उम्र 18 से 20 साल के बीच हैं।

**पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने की क्राइम मीटिंग**

# बढ़ते अपराध को लेकर 5 थाना प्रभारी हटाये

- अच्छा काम करने वाले एसएचओ को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतम बुद्ध नगर में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने क्राइम मीटिंग के दौरान बड़ा एक्शन लिया है। क्राइम कंट्रोल करने में नाकामयाब रहे 5 थाना प्रभारियों को थानों से हटा दिया।

वहीं अच्छा कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को पुलिस कमिश्नर ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। बता दें कि 5 में से 2 थाना प्रभारियों को खराब स्वास्थ्य के चलते हटाया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुलिस मुख्यालय सेक्टर 108 पर क्राइम मीटिंग की। इस क्राइम मीटिंग के दौरान सभी थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने क्राइम कंट्रोल न कर पाने वाले लापरवाह पुलिस वालों पर कड़ी कार्रवाई की। पांच थाना प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। इनमें से चार को लाइन हाजिर किया गया है। थाना फेस टू और सेक्टर 49 प्रभारी को स्वास्थ्य ठीक न होने के चलते हटाया गया है। इनमें थाना बीटा 2 प्रभारी अंजनी सिंह, थाना सेक्टर 49 प्रभारी राकेश कुमार, थाना फेस टू प्रभारी और थाना फेस वन वीरेश गिरी प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं थाना सेक्टर 39 प्रभारी राजीव कुमार को एएचटीयू भेज दिया गया है। बाकी 4 थाना प्रभारी को लाइन भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि इस दौरान दो थाना प्रभारियों ने अपना स्वास्थ्य ठीक न होने की बात कही। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने साफतौर पर निर्देश दिया कि जो भी पुलिसकर्मी कार्य में लापरवाही बरतेगा और क्राइम कंट्रोल करने में नाकामयाब रहेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। क्राइम मीटिंग के दौरान तीन थाना प्रभारियों को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सम्मानित भी किया। इस दौरान बिसरख थाना प्रभारी अनिल राजपूत को 25 हजार का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। थाना सेक्टर 20 प्रभारी मनोज कुमार को 15 हजार का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

ईकोटेक 1 थाना प्रभारी सरिता मलिक को भी 10 हजार का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सहायक पुलिस आयुक्त को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बैठक के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को साफतौर पर निर्देश दिए गए हैं। अपने थाना क्षेत्र में हुई आपराधिक घटनाओं के शत प्रतिशत अनावरण करने के लिए टीम लगाएं और उसका शीघ्र खुलासा करें।

लंबित पड़ी हुई विवेचनाओ का शीघ्र निस्तारण करें। वारंटी और वांछित अपराधियों की जमकर धरपकड़ करें। इस दौरान उन्होंने गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए साथ ही शराब माफियाओं और ड्रग्स माफियाओं के विरुद्ध टास्क फोर्स का गठन कर इन पर रोकथाम लगाने और कड़ी कार्रवाई करने के लिए भी निर्देश दिया गया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4490/ई-निविदा सूचना/2022-23 — दिनांक : 07/01/23

ई-निविदा सूचना:

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु ई-निविदा, टू - बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कॉमर्शियल बिड) के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | डोईवाला | खडकमाफ पेयजल योजना के सुदृढीकरण कार्य अन्तर्गत के नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली में पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 324400.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |
| 2 | सहसपुर | गुजराडा करनपुर पेयजल योजना के सुदृढीकरण कार्य के अन्तर्गत सतही/उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली में पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 343400.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 09.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 09.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | 12.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 17.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 23.01.2023 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 23.01.2023 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 24.01.2023 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय"
अधिशासी अभियन्ता

## संक्षिप्त समाचार



मैसर्स पेन ओएसिस सोसायटी में फायर सर्विस यूनिट द्वारा मॉक ड्रिल/ट्रेनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 व्यक्तियों ने भाग लिया।

### अधेड़ महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गाजियाबाद।** घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में एक अधेड़ महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एमएमजी अस्पताल में हुई महिला की मौत की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे दुधेश्वरनाथ चौकी प्रभारी मोहन सिंह ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर उसकी मौत की गुत्थी सुलझाने के प्रयास शुरू कर दिये। इस संदर्भ में एसीपी अंशू जैन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एमएमजी अस्पताल में एक ऐसी उपचाराधीन महिला की मौत हो गई है जिसे यहां लावारिस अवस्था में मरने के लिये छोड़ दिया गया था। जैन ने बताया कि पुलिस द्वारा की गई प्राथमिक जांच के दौरान पता चला कि जिस महिला की मौत हुई है उसका नाम सोनी 50 वर्ष पत्नी मुकेश निवासी पक्का बाग सिकंद्राबाद है। उसे 1 दिसंबर 2022 को अंजू नामक महिला ने अस्पताल में भर्ती करवाया था। इसके बाद से मृतक महिला यहां पर लावारिस अवस्था में ही उपचाराधीन थी। महिला कौन थी, उसके परिजन कौन व कहां के रहने वाले हैं और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई आदि सवालों का जवाब तलाशने के लिये पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### चलती कार की छत पर हीरोपंती, बना रहा था रील

**नोएडा।** युवक एक लग्जरी कार की छत पर बैठकर रील बना रहा है। इसे उसके साथी ने शूट किया और रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया है। 15 सेकेंड के इस वीडियो में युवक कार की छत पर बैठा है और मोबाइल में कुछ देख रहा है। हालांकि वीडियो को एडिट कर कार की स्पीड को कम किया गया है। सड़क खाली है, बताया गया कि पीक आवर में इस सड़क पर काफी रश रहता है। दादरी में कार से हीरोपंती के 2 वीडियो सामने आए है। दोनों वीडियो को शूट कर रील सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। पुलिस फिलहाल वीडियो बनाने वालों तक नहीं पहुंच सकी है। मगर नंबर और फुटेज के वायरल होने के सोर्स तलाशे जा रहे हैं। पहले वीडियो में 2 युवक कार का गेट खोलकर स्टंट करते नजर आ रहे हैं। स्टंट कर रहा युवक कार ड्राइव भी कर रहा है। दोनों कार के गेट से बाहर आते है और पीछे मुड़कर हाथ मिलाते है। कार बिना नंबर प्लेट की है। 10 सेकेंड के इस वीडियो की रील बनाकर इसे अपलोड किया है।

### आईपीएल की तर्ज पर होगा वेटरन प्रीमियर लीग

**गाजियाबाद।** जयपुर में बोर्ड फॉर वेटरन क्रिकेटर इन इंडिया बीवीसीआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि आईपीएल की तरह ही इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग का आयोजन देहरादून में आयोजित की जाएगी। बैठक में वर्ष 2023 के वेटरन क्रिकेट एक्टिविटी कैलेंडर पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया कि सितम्बर.अक्टूबर में आईवीपीएल का आयोजन देहरादून में कराया जाए जिसमें पहले वर्ष छह टीमें प्रतिभाग करेंगी। हर टीम में दो विदेशी खिलाड़ी व दो पूर्व इंडियन टेस्ट खिलाड़ी का शामिल होना अनिवार्य होगा।बैठक में सेन्टल जोन उपाध्यक्ष प्रवीण त्यागी, गोवा उपाध्यक्ष विनोद फडके, वेस्ट जोन उपाध्यक्ष मयंक खंडवाला, संयुक्त सचिव सेनन नागर, संयुक्त सचिव सुनील कुलकर्णी, यूपी वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन महासचिव नलिन जैन शामिल हुए।

### ग्राम गढ़ी चौखंडी में विकास कार्य का शुभारंभ

**नोएडा।** जनता की मांग पर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम गढ़ी चौखंडी में विभिन्न गलियों में विकास कार्य कराने का कार्य आज से चालू किया। गढ़ी चौखंडी में विकास कार्य शुरू होने पर ग्रामवासियों ने सांसद डा महेश शर्मा व नोएडा विधायक पंकज सिंह का आभार व्यक्त किया। ग्राम गढ़ी चौखंडी में शुरू हुए विकास कार्य का शुभारंभ भाजयुमो अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में गांव के बुजुर्गों व युवाओं ने नारियल फोडकर की। इस दौरान शादीराम यादव, रामपाल प्रजापति, तेजसिंह तोमर, मैसी यादव, सुशील यादव, बबलू यादव, राजे यादव, जयवीर यादव, लख्मी यादव, पोई यादव, आकाश यादव, विकास यादव, कुलदीप प्रजापति, ब्रह्म सिंह, राजेश्वर तोमर, प्रेमी यादव, जगत यादव, राजेश यादव, अशोक प्रजापति, कपिल यादव, रिंकू यादव, विजय शर्मा, धर्मवीर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नोएडा में युग निर्माण पार्टी की घोषणा

**नोएडा।** युवाओं को राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उचित सम्मान और अधिकार दिलाने के मकसद से नोएडा में युग निर्माण पार्टी की घोषणा की गई। सेक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान युग निर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन गुर्जर और राष्ट्रीय महासचिव कपिल गुर्जर ने बताया कि जब से देश आजाद हुआ है तभी से गुर्जर समाज के युवाओं की उपेक्षा के साथ तमाम राजनीतिक पाटियों ने हमारे समाज का फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि इन राजनीतिक पार्टीयों ने न हमें अधिकार न सम्मान व सत्ता में हिस्सेदारी दी। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज और युवाओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए ही युग निर्माण पार्टी का गठन किया गया है।

# निगम की आखिरी बोर्ड बैठक में हंगामा



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम बोर्ड की बोर्ड बैठक में विकास कार्यों को लेकर जमकर हंगामा हुआ। नगर निगम बोर्ड की बैठक ठीक 11 बजे शुरू हुई मगर कोरम पूरा नहीं होने के कारण 15 मिनट के लिए बैठक को स्थगित किया गया।

इसके बाद हंगामा तब शुरू हुआ जब पार्षद मनोज चौधरी ने कहा कि जब सदन में बोर्ड पास कर चुका है कि प्रत्येक वार्ड में 60 लाखों रुपए के विकास कार्य होंगे तो यह अब तक क्यों नहीं कराये गए। क्या यह सदन का अपमान नहीं है। पार्षद सुनील यादव ने कहा कि उनके वार्ड में पानी की सप्लाई के लिए पाइप डाले जा रहे हैं।

सड़क को कौन ठीक कराएगा। पार्षद आनंद चौधरी ने नगर आयुक्त पर आरोप लगाया कि वह कैंप ऑफिस पर नहीं मिलते हैं। पार्षद अर्चना शर्मा ने लाइट की लचर व्यवस्था का मुद्दा उठाया। इन सब का जवाब नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने चार्ज लिया तब 350 करोड़ों रुपये नगर निगम पर बकाया था। अब 230 करोड़ रुपए रह गया है। जो वर्क आर्डर हो चुके हैं उन पर विकास कार्य तेजी के साथ कराने की कोशिश है। इसके बाद पार्षद अनिल स्वामी ने जल निगम द्वारा किए गए कार्यों का खुलासा किया।

## सदन में पूरक बजट हुआ पेश

नगर निगम बोर्ड की बैठक में पूरक बजट पेश हुआ। नगर निगम ने सदन में जो बजट पेश किया उसके हिसाब से 1401 करोड़ 45 लाख रुपये की आय और 1344 करोड़ 47 लाख के व्यय का बजट पेश किया गया। नगर निगम प्रशासन ने बजट में प्रारंभिक अवशेष 452 करोड़ 97 लाख रुपये दर्शाया गया। जबकि विशुद्ध आय 948 करोड़ 48 लाख रुपये दिखाई गई। इस तरह से कुल मिलाकर आय 1401 करोड़ 45 लाख दिखाई गई है। नगर निगम ने जो व्यय दिखाया है वह 1344 करोड़ 47 लाख रुपये दर्शाई गई है। इस तरह से वित्तीय वर्ष 2023.24 के लिए रिजर्व पैसा 569 करोड़ए 88 लाख रुपये का अनुमान लगाया गया है। इससे पहले पूरक बजट को नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में नवंबर में पेश किया गया था। कुछ संशोधनो के साथ कार्यकारिणी ने इस पूरक बजट को पास कर दिया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# निगम सदन में हंगामा: भाजपा व आप का सड़कों पर शक्ति प्रदर्शन

## आप का एलजी आवास पर धरना




उपराज्यपाल भवन के बाहर आप पार्षद संग विरोध प्रदर्शन करती विधायक आतिशी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और नगर निगम सदन में उनके द्वारा नामित 10 नेताओं को निर्वाचित प्रतिनिधियों से पहले शपथ दिलाने का विरोध किया। पार्टी ने उपराज्यपाल पर आरोप लगाया कि वह संविधान को नष्ट कर रहे हैं।

सत्तारूढ़ दल ने दावा किया कि यह महापौर और उपमहापौर के चुनाव में एल्डरमेन से मतदान कराने के लिए 'गुप्त चाल' का हिस्सा था।

उपराज्यपाल सक्सेना ने छह जनवरी को होने वाले महापौर चुनाव से पहले मंगलवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए 10 एल्डरमेन नामित किए थे। आप ने आरोप लगाया था कि मनोनीत सभी सदस्य भाजपा कार्यकर्ता हैं और नगर निकाय ने दिल्ली सरकार को जानकारी दिए बिना उनके नाम सीधे सक्सेना को भेज दिए थे।

शनिवार को आप नेता और कार्यकर्ता सिविल लाइंस स्थित राज निवास के बाहर बैनर लेकर एकत्र हुए और सक्सेना के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन में शामिल वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल संविधान को नष्ट कर रहे हैं और दिल्ली नगर निगम (डीएमसी) अधिनियम के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, दिल्ली सरकार को दरकिनार कर 10 एल्डरमेन क्यों नामित किए गए। पीठासीन अधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ व्यक्ति को क्यों नहीं नामित किया गया। वे एल्डरमेन को मतदान का अधिकार देने की कोशिश क्यों कर रहे थे? उपराज्यपाल को इन सवालों का जवाब देने की जरूरत है। वह संविधान को नष्ट कर रहे हैं। एल्डरमेन शब्द उन लोगों को संदर्भित करता है जो अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं। हालांकि, महापौर चुनाव में उनके पास मतदान का अधिकार नहीं है।

**उपराज्यपाल संविधान को नष्ट और डीएमसी अधिनियम के खिलाफ काम कर रहेः आतिशी**

उपराज्यपाल के आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई और मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया तथा इलाके के चारों ओर अवरोधक लगा दिए गए।

## जो सूची सरकार ने भेजी, उसी में से सत्या शर्मा को चुना : एलजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राज्यपाल वीके सक्सेना ने सत्या शर्मा को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सदन की बैठक के लिए पीठासीन अधिकारी (प्रोटेम स्पीकर) के तौर पर मनोनीत करने में नियमों का पालन किया और शर्मा का नाम उन छह नामों में से चुना गया, जो आम आदमी पार्टी सरकार की ओर से भेजे गए थे।

राजनिवास के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल सक्सेना पर एमसीडी में 10 एल्डरमेन के मनोनयन और पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति में शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को उन्हें पत्र लिखा था। केजरीवाल ने पत्र में कहा था, निर्वाचित सरकार को एमसीडी में एल्डरमेन को नामित करना चाहिए। यह चौंकाने वाला और दुखद है कि कैसे उपराज्यपाल ने सरकार से परामर्श किए बिना अपनी पसंद तय कर ली। उन्होंने कहा था, पीठासीन अधिकारी के रूप में वरिष्ठतम पार्षद की नियुक्ति की परंपरा को दरकिनार किया गया और उपराज्यपाल ने पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने की निर्वाचित सरकार की शक्ति में अतिक्रमण किया।

**एमसीडी के सदन की बैठक के लिए पीठासीन अधिकारी को नियमों के तहत मनोनीत किया**

उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी में उनके सहयोगियों द्वारा किए जा रहे दावों के विपरीत, उपराज्यपाल ने नव-निर्वाचित एमसीडी के अंतरिम पीठासीन अधिकारी को नामित करते समय संवैधानिक प्रावधानों और अधिनियमों का निष्ठापूर्वक पालन किया। बयान में कहा गया कि सक्सेना ने अचानक और अप्रत्याशित रूप से शर्मा को पीठासीन अधिकारी नामित नहीं किया। इसमें कहा गया कि एमसीडी या आप सरकार ने पीठासीन अधिकारी के रूप में चुने जाने पर विचार करने के लिए पांच अन्य पार्षदों के साथ शर्मा का नाम उपराज्यपाल को भेजा गया था। शर्मा के अलावा मुकेश गोयल, प्रीति, शकीला बेगम, हेमचंद गोयल और नीमा भगत का नाम भी शामिल था।

## गांधी स्मारक पर बैठे भाजपा नेता




राजघाट पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते नेता विपक्ष रामवीर बिधूड़ी व अन्य भाजपा नेता।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित पार्टी के नेताओं ने नगर निगम की बैठक में आप पार्षदों द्वारा किए गए कथित हंगामे को लेकर शनिवार को राजघाट स्थित महात्मा गांधी स्मारक के पास धरना दिया।

सांसद हर्षवर्धन और रमेश बिधूड़ी सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने आप की आलोचना करते हुए कहा, शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की बैठक में उसके पार्षदों की गुंडागर्दी ने उसका अराजक चेहरा उजागर कर दिया।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राजघाट पर तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते हुए आप के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही पोस्टरों पर लिखा है कि आम आदमी पार्टी संवैधानिक व्यवस्था तोड़ना बंद करो। सेंटर में सदन के दौरान हुए हंगामे के विरोध में राजघाट के आगे काली पट्टी बांधकर भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और सांसद डॉ हर्ष वर्धन समेत अन्य कार्यकर्ता और पार्षद धरने में शामिल थे। आप पार्षदों ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सदन की बैठक में एल्डरमेन की शपथ का विरोध किया था, जो एक हंगामे में तब्दील हो गया जिसमें कई लोग घायल हो गए।

बिधूड़ी ने कहा, केजरीवाल ने महात्मा गांधी का नाम लेकर आम आदमी पार्टी बनाई। आप के पार्षदों ने एमसीडी सदन में जो किया उससे गांधी की आत्मा को जरूर दुख हुआ होगा। हंगामे के कारण एमसीडी सदन की बैठक स्थगित कर दी गई और मेयर व डिप्टी मेयर के साथ-साथ नगर निकाय की स्थाई समिति के सदस्यों का चुनाव नहीं हो सका। शुक्रवार को एमसीडी सदन में हुई झड़प में भाजपा और आप ने एक-दूसरे पर अपने पार्षदों पर हमला करने का आरोप लगाया।

**निगम बैठक में आप के पार्षदों पर गुंडागर्दी का लगाया आरोप**

आप ने आरोप लगाया कि सत्या शर्मा ने नियमों के खिलाफ भाजपा ने महापौर और उप महापौर के चुनाव में एल्डरमेन को वोट देने का अधिकार दिलाने के लिए सबसे पहले एल्डरमेन को शपथ दिलाई।

## अंजलि की मौत मामले में एक आरोपी को मिली जमानत



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कंझावला मामले में अदालत ने आरोपियों का कथित तौर पर बचाव करने वाले अंकुश खन्ना को शनिवार को जमानत दे दी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट सान्या दलाल ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण करने वाले खन्ना को यह देखते हुए जमानत दे दी कि उसके खिलाफ लगे आरोप जमानती हैं।

न्यायाधीश ने कहा कि जांच अधिकारी (आईओ) के अनुसार, खन्ना ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा था कि आरोपी दीपक वाहन चला रहा था। हालांकि, अब तक की जांच में पता चला है कि आरोपी अमित गाड़ी चला रहा था।

अदालत ने जांच अधिकारी की इस दलील पर भी गौर किया कि अंकुश खन्ना ने एक अन्य आरोपी आशुतोष के साथ सह-आरोपियों को दीपक के आवास पर छुपाने में मदद की थी। न्यायाधीश ने कहा कि कथित अपराध जमानती हैं। इसलिए आरोपी को 20,000 रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही रकम की जमानत राशि पर जमानत दी जाती है। अदालत ने अभियुक्तों से कहा कि जब भी आईओ द्वारा आवश्यक हो, वे जांच में शामिल हों और सबूतों के साथ छेड़छाड़ न करें। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोपी की 14 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी।

### शाहरुख खान ने की पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद

सुल्तानपुरी थाना क्षेत्र के कंझावला क्षेत्र में कार से घसीटकर अंजलि की मौत के बाद शाहरुख का एनजीओ मीर फाउंडेशन परिवार की मदद के लिए आगे आया है। एनजीओ ने अंजलि के परिवार को सहायता राशि दी है। अंजलि के मामा प्रेम का कहना है कि उनकी मदद की गई है उन्हें पैसे भी मिल गए हैं। हालांकि उन्होंने यह बात बताने से इन्कार कर दिया है कि उन्हें कितने पैसे मिले हैं। एनजीओ का कहना है कि अंजलि घर में अकेली थी, जो परिवार की जीविका चलाती थी। वह घर में अपनी मां, भाई-बहन का ख्याल रख रही थी। अंजलि की मौत के बाद उनके परिवार जीविका चलाने के लिए परेशानी होती, इसलिए एनजीओ पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आया।

## बजट का पैसा सरकार ने प्रचार में किया खर्च : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भाजपा ने शनिवार को अरविंद केजरीवाल सरकार पर तीखा हमला बोला और दिल्ली सरकार के आउटकम बजट (परिणामी बजट) का हवाला देते हुए दावा किया कि उसकी बड़ी परियोजनाओं से संबंधित कोई भी वास्तविक काम नहीं हुआ है। भाजपा ने बजट का पैसा प्रचार में खर्च करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि आउटकम बजट के तहत विधायकों को आवंटित विकास निधि से जुड़ी 4,470 परियोजनाओं में से केवल 418 ही इस साल पूरी हो पाई हैं।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल द्वारा घोषित बड़ी परियोजनाओं को लेकर धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने रोजगार बजट की घोषणा की थी, लेकिन उसके अपने आउटकम बजट के अनुसार अब तक इस पर कुछ नहीं किया गया है।

पात्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दावा किया था कि उनकी सरकार मोबाइल फोन में एक सुविधा शुरू करेगी, जिससे मुश्किल में फंसी महिलाएं महज एक बटन दबाकर पुलिस से संपर्क कर सकेंगी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया, पैसा धरातल पर काम करने के लिए नहीं बल्कि केजरीवाल के प्रचार के लिए खर्च किया जा रहा है। हल्ला तो बहुत करते हैं लेकिन काम कुछ नहीं करते। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि डिजिटल कक्षाओं का वादा किया गया था, लेकिन इस दिशा में भी कुछ नहीं हुआ और आउटकम बजट भी कहता है कि केवल 37 प्रतिशत छात्रों को स्कूल वर्दी सब्सिडी योजना से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में वादा किया था कि बेघर बच्चों को आश्रय और शिक्षा प्रदान की जाएगी। आउटकम बजट में इसकी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है और योजना के लिए दिशानिर्देशों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है।

**आउटकम बजट पर विपक्षी दल ने सरकार पर साधा निशाना, विकास के काम नहीं होने का जड़ा आरोप**

## सदर बाजार में तीन मंजिला इमारत में विस्फोट, 4 घायल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी के सदर बाजार इलाके में शनिवार रात एक इमारत में हुए विस्फोट में चार लोग घायल हो गए। जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर दमकल और स्थानीय पुलिस मलबा हटाने में जुटी हुई है। अभी तक विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के मुताबिक, कुतुब रोड स्थित न्यू पार्किंग के पास पुरानी तीन मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर कपड़े की दुकान है। रात करीब सात बजे इमारत के एक हिस्से में अचानक जोरदार धमाका हुआ। धमाके से कपड़े की दुकान की छत गिर गई। मलबे की चपेट में आनेसे 4 लोग घायल हो गए।

पहले सिलेंडर विस्फोट की बात कही जा रही थी। मौके पर दमकल की गाड़ियां भी पहुंच गईं, लेकिन आग लगने या सिलेंडर विस्फोट की बात सामने नहीं आई है।

सभी घायलों को बाड़ा हिंदू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ ही घायलों के पहचान की कोशिश की जा रही है। मौके पर दमकल की गाड़ियां राहत और बचाव का कार्य करने में लगी हुई है।

### अफ्रीकी नागरिक डेढ़ किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को मोहन गार्डन क्षेत्र से एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन के साथ अफ्रीकी नागरिक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त द्वारका एम हर्षवर्धन के अनुसार, उन्होंने बुधवार को प्राप्त एक विशेष इनपुट पर कार्रवाई पर सफलता मिली। पकड़े गए ड्रग्स तस्कर ने अपनी पहचान पश्चिम अफ्रीका के नाइजीरिया के पीटर नालु (33) के रूप में बताई।

4 जनवरी को टीम को एक विदेशी व्यक्ति पीटर के बारे में सूचना मिली कि वह हेरोइन की तस्करी में लिप्त है और पोसवाल चौक, पूरन प्रॉपर्टीज एंड बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर, 55 फुटा रोड, मोहन गार्डन के पास से गिरफ्तार किया गया।

## बुजुर्ग महिला की झुग्गी तोड़ने पर नगर निगम को नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को एक बुजुर्ग महिला की झुग्गी तोड़ने के मामले में नोटिस जारी करते हुए उसके आश्रय को दुबारा बनाने को कहा है।

जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग कुत्तों की देखभाल करती है और उनके लिए अस्थायी आश्रय बनाई थी, जिसे एमसीडी ने तोड़ दिया था। महिला की झुग्गी तोड़ने को लेकर स्वाति मालीवाल द्वारा जारी नोटिस के जवाब में एमसीडी ने कहा कि उन्हें जी-20 के संबंध में क्षेत्रों को सौंदर्यीकरण करने का निर्देश दिया गया था। स्वाती ने कहा कि आवारा कुत्तों की देखभाल करने वाली महिला के आश्रय के तोड़ने पर एमसीडी को नोटिस जारी किया था।

**दिल्ली महिला आयोग ने मामले में लिया संज्ञान**

इसके जवाब में एमसीडी ने कहा कि उन्हें जी-20 सौंदर्यीकरण करने का निर्देश दिया गया था। जबकि जी-20 में अभी बहुत समय है, क्यों उन्हें शीत लहर में बेघर कर दिया गया। उनके आश्रय को फिर से बनाने के लिए उन्हें सम्मन जारी कर रहे हैं।



न्यूयार्क के डिप्टी मेयर दिल्ली पहुंचीं। इस दौरान सांसद संजय सिंह ने इस दौरान दिल्ली मॉडल की चर्चा की।

## एम्स और झज्जर के लिए चलीं डीटीसी बसें

**दिल्ली और हरियाणा के बीच रोजाना यात्रा करने वाले हजारों यात्री लाभान्वित होंगे**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली और हरियाणा के निवासियों को नए साल के तोहफे के रूप में डीटीसी ने शनिवार को दिल्ली में नजफगढ़ टर्मिनल से हरियाणा में एम्स-झज्जर (बाढ़सा गांव) तक दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस सेवाओं का विस्तार किया।

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने एक कार्यक्रम के दौरान ढांसा बस स्टैंड से रूट पर चलने वाली डीटीसी इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस सेवा से दिल्ली और हरियाणा के बीच प्रतिदिन यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को लाभ होगा। ये बसें दौराला बॉर्डर के रास्ते नजफगढ़ टर्मिनल और एम्स झज्जर के बीच चलेंगी। इस बस रूट की कुल लंबाई 26.4 है। इससे पहले एक बैठक में 29 दिसंबर 2022 को नजफगढ़ के पास हरियाणा के बाढ़सा गांव के निवासियों ने दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को एक ज्ञापन सौंपा था जिसमें उक्त मार्ग पर डीटीसी बसें चलाने के अनुरोध किया गया था। जिसके बाद परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने अनुरोध को स्वीकार करते हुए एम्स झज्जर तक डीटीसी बसों की सेवा का विस्तार करने की घोषणा की थी। इस अवसर पर बोलते हुए, दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लोगों को सुविधाजनक, सस्ती और सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने 3 बसों के साथ इस बस रूट की शुरुआत की है, ज़रूरत पड़ने पर हम इस रूट पर और बसें चलाएंगे।

## जेएनयू व आईआईटी के 38 प्रोफेसरों के साथ करोड़ों की हुई ठगी

**पूर्व सहयोगी पर डीडीए स्कीम में घर दिलाने का झांसा देकर चूना लगाने का आरोप**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) और अन्य संस्थानों के कई प्रोफेसरों ने जेएनयू के एक पूर्व कर्मचारी पर आवास विकास योजना के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन पर घर देने का वादा कर उनसे करोड़ों रुपए ठगने का आरोप लगाया है।

सात साल से अधिक समय तक इंतजार करने के बाद जब इन शिक्षाविदों को खोखले वादों के अलावा कुछ नहीं मिला तो उनका धैर्य टूट गया और उन्होंने दिल्ली पुलिस में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई। प्रथम दृष्टया, पुलिस को इस मामले में आरोपियों के खिलाफ दोष साबित करने योग्य साक्ष्य मिले हैं और उसने प्राथमिकी दर्ज की है।

दरअसल, जेएनयू के पर्यावरण विज्ञान विभाग के एक तकनीकी कर्मचारी डॉ. डी पी गायकवाड़ ने 2015 में सेवानिवृत्त होने से ठीक पहले एक सोसायटी बनाई और इसे नोबल सोशियो-साइंटिफिक वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन नाम दिया।

डॉ. डीपी गायकवाड़ ने यह दावा करते हुए अपने साथियों को इस सोसायटी की सदस्यता बेच दी कि लैंड पूलिंग पॉलिसी के तहत द्वारका नजफगढ़ क्षेत्र में एल-जोन में सोसायटी की जमीन है। गायकवाड़ ने जेएनयू, आईआईटी-दिल्ली और आस-पास के अन्य संस्थानों के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों से विभिन्न किस्तों में तीन साल के लिए दो लाख रुपए से लेकर 16 लाख रुपए तक एकत्र किए, और उन्हें आश्वासन दिया कि यह परियोजना चालू है।

धोखाधड़ी का शिकार हुए जेएनयू के आण्विक चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर गोबर्धन दास ने कहा, इसे वास्तविक दिखाने के लिए वह हममें से कई लोगों को जमीन का एक टुकड़ा दिखाने के लिए ले गया, लेकिन बाद में पता चला कि एनएसएसडब्ल्यूओ जमीन का मालिक नहीं था। प्रोफेसर गोबर्धन दास ने कहा, एनएसएसडब्ल्यूओ के सभी सदस्यों को धोखा देकर मोटी रकम वसूलने के बाद उसने बातचीत बंद कर दी।

डॉ. डीपी गायकवाड़ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले 10 लोगों में से एक आईआईटी-दिल्ली के प्रोफेसर विश्वजीत कुंडू ने कहा, उसने धोखाधड़ी की अपनी चाल जारी रखी और फरवरी 2019 में, उसने एनएसएसडब्ल्यूओ की हमारी सदस्यता को सिद्धार्थ ऑफिसर्स हाउसिंग एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी (एसओएचएसडब्ल्यूएस) नामक एक अन्य संस्था को स्थानांतरित करने की पेशकश की, जिसके माध्यम से हमारे फ्लैटों को वितरित किया जाना था।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 8 जनवरी, 2023



# आयुष्मान कार्ड के ऑनलाइन अपडेट न होने से लाभार्थी सुविधा से वंचित

प्रवीन शर्मा। सोहना

**प्रदेश** सरकार द्वारा दी जा रही आयुष्मान कार्ड सुविधा अपडेट न होने के कारण उपभोक्ता दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हो रहे हैं। जिससे लाभार्थियों को नि:शुल्क उपचार सुविधा नहीं मिल रही है। प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में बीपीएल सूची और आयुष्मान लाभार्थियों की सूची जारी की गई। जिसके तहत लाभार्थियों को तुरन्त प्रभाव से पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य सेवा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से दी जाने की घोषणा प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने की घोषणा भी की गई है। लेकिन लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड से राजकीय अस्पताल को छोड़ अन्य योजना से



अपना आयुष्मान कार्ड दिखाते सोहना के वार्ड-13 निवासी भजनलाल।

जुड़े गैर सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा नहीं मिल रही है। जिसके कारण लाभार्थी अपना उपचार कराने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे है।

**क्या कहते हैं लाभार्थी** : शहर के वार्ड-13 निवासी भजनलाल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई नई बीपीएल और आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों की सूची में उसका नाम आ गया है। उसका व उसकी पत्नी का आयुष्मान कार्ड बन भी गया है। वह पिछले तीन माह से पेट दर्द से परेशान है। उसका पिला राशन कार्ड भी बना है। लेकिन उसे आयुष्मान कार्ड से स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल रही है। जिसका कारण उसका आयुष्मान कार्ड ऑनलाइल अपडेट नहीं हुआ है। दलीप सिंह का कहना है कि वह पिछले 15 दिन से नागरिक अस्पताल में आयुष्मान कार्ड अपडेट होने की जानकारी प्राप्त करने के लिए चक्कर काट रहा है। जब भी वह आकर जानकारी मांगता है। उसके कार्ड को हरबार जांच किया जाता है। लेकिन हर बार कार्ड अपडेट न होने की जानकारी दे दी जाती है।

> “**आयुष्मान** कार्ड अपडेट न होने की समस्या को लेकर उनके पास एक दिन में 20 से 25 लाभार्थी आ रहे हैं, लेकिन आयुष्मान कार्ड ऑनलाइन अपडेट होने के बाद ही नागरिकों को उपचार की सुविधा मिलने लगेगी। जिसके लिए उन्होंने अपने उच्चाधिकारियों को भी बता दिया है।
>
> **डॉ. दशरथ राव ( एसएमओ )**

**250 लाभार्थियों को आयुष्मान की सुविधा** : नागरिक अस्पताल से पिछले करीब दो माह में 250 के लगभग नागरिकों के आयुष्मान कार्ड वितरण किए जा चुके है। जैसे-जैसे उनके पास गुरुग्राम से आयुष्मान का कार्ड बनकर आ रहा है। वैसे-वैसे लाभार्थियों को दिए जा रहे है।

# ड्यूल डेस्क खरीद भ्रष्टाचार मामले में हुई तीसरी गिरफ्तारी

**तावडू।** जिले में ड्यूल डेस्क खरीद भ्रष्टाचार मामले में विजिलेंस की कार्रवाई जारी है। मामले में जिला शिक्षा व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की गिरफ्तारियों के बाद अब एक प्रधानाचार्य की गिरफ्तारी हुई है। जिन्हें कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

राज्य चौकसी ब्यूरो गुरुग्राम के प्रवक्ता उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि ड्यूल डेक्स घोटाले में कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी के बाद अब खंड शिक्षा अधिकारी तावडू रमेश मलिक को भी न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक और प्रधानाचार्य जसवंत की भी गिरफ्तारी की गई है। इससे पहले रिमांड अवधि के दौरान दोनों गिरफ्तार अधिकारियों को आमने-सामने बैठाकर गहनता से पूछताछ की गई। दो जनवरी को एक शिकायतकर्ता ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर दस लाख रुपये मांगने की शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने दो लाख रुपये जिला शिक्षा अधिकारी रामफल धनखड़ और डेढ़-डेढ़ लाख रुपये जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी तावडू रमेश मलिक को देने की बात कही। उसके बाद उन्होंने शिक्षा अधिकारियों द्वारा विभाग में किए जा रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य चौकसी ब्यूरो गुरुग्राम को लिखित शिकायत दी थी।

## संक्षिप्त-समाचार

### ठंड और धुंध से जन जीवन पर पड़ रहा असर



**मेवात।** हाड़कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है। रही सही कसर कोहरा पूरी कर रहा है। डॉक्टर भी कड़ाके की ठंड व कोहरे को देखते हुए लोगों को घरों से जरूरत पड़ने पर ही बाहर निकलने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन बुजुर्गों व बच्चों को इस जानलेवा ठंड से बचाने की बेहद आवश्यकता है। कुल मिलाकर ठंड व धुंध के कारण वाहन भी सड़कों पर फर्राटा भरने के बजाय रेंगते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। लोगों के सामने इस ठंड को भगाने के लिए अलाव के साथ-साथ घरों में छिपे रहने के अलावा दूसरा कोई चारा नजर नहीं आ रहा है। आपको बता दें कि पिछले कई दिन से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पारा 3-4 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क रहा है। कोहरा भी अपना असर दिखा रहा है। फसलों के लिए ही भले ही इस मौसम को कारगर माना जा रहा हो, लेकिन आमजन को इस मौसम में पूरी तरह से प्रभावित किया है। बाजार देरी से खुल रहे हैं। ग्राहक बाजार से ठंड की वजह से पूरी तरह से गायब हैं। दुकानदार सुबह से शाम तक ग्राहकों का इंतजार करते रहते हैं। कुल मिलाकर ठंड का सितम लगातार जारी है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए सरकारी स्कूलों में छुट्टियां कर दी गई हैं। कुल मिलाकर हरियाणा में अगले कुछ और दिन कड़ाके की सर्दी का सितम लोगों को झेलना पड़ सकता है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए एडवाइजरी जारी कर दी है और बुजुर्गों तथा बच्चों को घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। वर्ना कड़ाके की ठंड सेहत बिगड़ने से लेकर जान पर भी भारी पड़ सकती है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने जागरूकता को निकाली रैली



**फिरोजपुर झिरका।** शहर के सिविल लाइन रोड पर स्थित श्रीशांति सागर जैन कन्या कॉलेज में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कोरोना जैसी वैश्विक महामारी, बिजली की बचत, जल संरक्षण एवं यातायात के नियमों के विषय पर विशेष चर्चा एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं को यह समझाया गया कि कोरोना महामारी से बचने के लिए दो गज की शारीरिक दूरी व चेहरे पर मास्क और अपने हाथों में सैनिटाइजर का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। समय-समय पर कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण कराना चाहिए। इस कार्यक्रम के चलते राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ऊर्जा संरक्षण के बारे में भी जानकारी छात्राओं को प्रदान की गई जिसमें ऊर्जा संरक्षण के लिए सोलर एलर्जी, पवन चक्की का उपयोग करके ऊर्जा संरक्षण का कार्य कर सकते हैं। महाविद्यालय की अन्य छात्राओं ने भी उत्साहवर्धन के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया और इस विशेष कार्यक्रम की से भागी बनी। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार सोनी मुख्य अतिथि बीएड ने अपने संबोधन में छात्राओं को कोरोना जैसी वैश्विक बीमारी से स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करने पर बल दिया गया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामजी तिवारी बीएड कॉलेज के प्राचार्य देवदत्त मिश्रा, डीएड प्रभारी सुमन बाला, रोमा, अथर्वन श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, शालु जैन,मेघा, कंचन,प्रिया,अनीता रानी, नवीन शर्मा, गुलशन दीक्षित अपने विचार व्यक्त किए।

### नप के लाखों खर्चे के बाद भी अरावली में अवैध निर्माण-खनन




**सोहना।** नगर परिषद प्रशासन रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में होने वाले अवैध खनन तथा निर्माण की सुरक्षा में हर माह लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद फेल हो रहा है। नगर परिषद द्वारा अरावली के मुख्य मास्तों पर लगाए गए नाकों पर एक दर्जन कर्मचारी तैनात किए गए है। जिन पर 24 घंटा अरावली पहाड़ी की सुरक्षा करने का जिम्मा सौंपा हुआ है। सोहना नगर परिषद के वार्ड-1 के गांव रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी क्षेत्र में अवैध निर्माण कार्य जोरों पर है। इसके साथ-साथ पहाड़ी में रात के अंधेरे में अवैध खनन भी हो रहा है। जिसको लेकन नगर परिषद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं, क्योंकि अरावली पहाड़ी में होने वाले अवैध निर्माण और खनन के कार्य पर 24 घंटा नजर रखने के लिए एक दर्जन कर्मचारियों को तैनात किया हुआ है। परिषद की तरफ से अरावली पहाड़ी को जाने वाले रास्तों पर पुलिस की भांति नाके लगाए हुए है। इन नाकों पर परिषद के 24 घंटा कर्मचारी तैनात होते है। जिनका सबसे पहले कर्तव्य अरावली में किसी भी प्रकार की भवन निर्माण सामग्री को न जाने देने की। यदि कोई जबरदस्ती करके लेकर जाता है। उसकी सूचना तुरन्त परिषद प्रशासन को सूचित करना है। इसके बावजूद अरावली पहाड़ी में हो रहे अवैध निर्माण कार्यों के लिए सामग्री धड़ल्ले से जा रही है। इसको प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही कहें अथवा आपसी मिलीभगत। जानकारी के अनुसार अरावली क्षेत्र में रात्रि के समय लोग अवैध निर्माण कार्य करते हैं। अवैध खनन करके पत्थरों का उपयोग निर्माण में कर रहे हैं। जबकि खनन व निर्माण दोनों ही अवैध हैं। सूत्रों का कहना है कि शिकायत मिलने पर प्रशासन मौके पर पहुंचता है। लेकिन आरोपी के खिलाफ आपसी सांठगांठ करके मामले को रफादफा कर दिया जाता है। समय-समय पर अरावली में की जाने वाली जांच में अवैध निर्माण और खनन कार्यों की जांच की जाती रहती है। अवैध निर्माण करने वालों को तुरन्त प्रभाव से नोटिस भी दिए जाते हैं।

### शहर में बढ़ा आवारा पशुओं का आतंक

**सोहना।** नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में आवारा घूमने वाले पशुओं की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। गली-मोहल्लों से लेकर घरों के दरवाजे तक पहुंचने वाले आवारा पशुओं ने नागरिकों का बाहर निकलना भी मुश्किल कर दिया है। पिछले करीब तीन साल से आवारा घूमने वाले पशुओं की परिषद द्वारा धड़पकड़ नहीं की गई है। नगर परिषद प्रशासन की अंदेखी के कारण शहर में आवारा घूमने वाले पशु और सूअरों का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ता ही जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र में सूअर से लेकर गाय और भैस पालन पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद शहर में सूअर पालन और दूध की डेरी के नाम पर गाय-भैसे आबादी क्षेत्र में धड़ल्ले से रख जा रहा है। जिनके प्रति नगर परिषद प्रशासन मौन होकर बैठा है। सुबह सूरज निकलने से पहले शहर की सड़कों पर आवारा गाय की टोलियां उतर आती है। शहर में आवारा घूमने वाली गाय की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। वर्तमान समय में आवारा घूमने वाली गाय की संख्या 500 से 600 के लगभग हैं। जिनका आतंक शहर के सार्वजनिक स्थान अनाज व सब्जी मंडी, फव्वारा चौक, अस्पताल मार्ग, अग्रसैन चौक, पुराना अलवर मार्ग, हनुमान बगीची सहित शहर का एक भी वार्ड ऐसा न है।

# प्रबंध निदेशक ने किया मानेसर के स्काडा का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## मानेसर में बिजली आपूर्ति के ऑनलाइन सिस्टम का एमडी ने लिया जायजा

**दक्षिण** हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने गुरुग्राम के मानेसर स्थित सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा एक्विजिशन (स्काडा) केंद्र का निरीक्षण किया। मानेसर औद्योगिक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को नियंत्रित करने वाले स्काडा केंद्र पर उपस्थित अधिकारियों ने लाइव हो रही बिजली आपूर्ति का विवरण और विस्तार से जानकारी दी।

एचएसआईआईडीसी के परिसर में स्थित स्काडा केंद्र से मानेसर औद्योगिक क्षेत्र में आपूर्ति करने वाले सभी 6 सब स्टेशनों और 218 फीडरों को नियंत्रित किया जाता है। किसी भी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति इस केंद्र से चालू या बंद की जा सकती हैं। कहीं भी फाल्ट होने की स्थिति में इस कंट्रोल रूम पर इसकी जानकारी रहती है और तुरंत ही फाल्ट ठीक किया जाता है। किसी भी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए 116 फीडर पर रिंग मैन यूनिट (आरएमयू) लगा दिए गए हैं। इन फीडरों पर फाल्ट आने की स्थिति में पूरा फीडर बंद नहीं किया जाता और बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाती है। इसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग होती है। इस केंद्र से लोड ग्रोथ का भी पता चल जाता है और भविष्य में बिजली आपूर्ति की योजनाओं को तय करने में भी यह सहायक है। प्रबंध निदेशक ने भोड़ाकलां उपमंडल का भी दौरा किया। गत दिवस भी मारुति सब डिवीजन एवं सेक्टर 23ए पावर हाउस का दौरा किया गया। प्रबंध निदेशक ने सब डिवीजन की व्यवस्था में सुधार करने और उपभोक्ता को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के आदेश दिए। उन्होंने डीलिंग क्लर्क से प्रतिदिन उपभोक्ताओं ज़ो नियमित रूप से अटेंड किए जाने बारे जानकारी ली। उन्होंने अच्छे व नम्र व्यवहार से उपभोक्ताओं को आदर पूर्वक अटेंड करने और उनकी समस्याओं के समाधान करने बारे कहा।



मानेसर में ऑनलाइन बिजली आपूर्ति सिस्टम का निरीक्षण करते डीएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक अमित्र खत्री।

प्रबंध निदेशक उपमंडल कार्यालय की व्यवस्था में ज़िए गए सुधार के निरीक्षण के लिए एक पखवाड़े बाद पुन: दौरा करेंगे। उन्होंने बिजली निगम के हित में कार्य करते हुए बिजली चोरी रोकने और बिलों की बकाया राशि की रिकवरी करने के आदेश दिए। बिजली चोरी की राशि की रिकवरी करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इस दौरे के दौरान उनके साथ मुख्य अभियंता नवीन कुमार वर्मा, अधीक्षण अभियंता एमएल रोहिल्ला, मनोज यादव, जयदीप फोगाट एवं मानेसर औद्योगिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# फ्लोरा एक्सपो में साईकिल सवारी का दिया संदेश




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएसआईसी** एग्जीबिशन कॉम्प्लेक्स ओखला, नई दिल्ली में आयोजित 16वां इटरनेशनल फ्लोरा एक्सपो के दूसरे दिन 7 जनवरी को फूलों और पौधों से सजी साइकिलों पर ब्लूमिंग राइड का आयोजन किया गया। एनएसआईसी से सेन्ट्रल दिल्ली तक साइकिल सवारी एवं पुन: सेन्ट्रल दिल्ली से एनएसआईसी तक लौटते हुए 20 किलोमीटर की यात्रा की गई, जिसके दौरान लोगों को प्लास्टिक के फूलों की जगह ताजे फूलों का प्रयोग करने का संदेश दिया गया।

इस ब्लूमिंग राइड में शामिल साईकिल मैन ने कहा कि हम मानव जीवन की कल्पना तभी कर सकते हैं, जब हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। दैनिक जीवन में जिस तरह हम प्लास्टिक से बनी चीजों का इस्तेमाल करते हैं, वह हमारे साथ सम्पूर्ण वातावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। प्लास्टिक का पुन: प्रबंधन करना मुश्किल है। ऐसे में हमें प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसी तरह हमें प्लास्टिक के फूलों को प्रयोग करने से भी बचने की जरूरत है। ताजे फूल प्रकृति की खूबसूरती तो दर्शाते ही हैं, हमें भी तरोताजा रखते हैं। इस अवसर पर भारत सरकार से भी कृत्रिम एवं प्लास्टिक के फूलों को प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया गया।

गौरतलब है कि 6 से 8 जनवरी के बीच चल रहे इस तीन दिवसीय फ्लोरा एक्सपो में पारंपरिक फूल और बागवानी उद्योग के पेशेवरों, बड़े उद्योगों के थोक खरीदारों, फूलों की दुकानों, खुदरा विक्रेताओं को अपने व्यापार को बढ़ाने के लिये एक बेहतरीन मंच मिल रहा है। इंटरनेशनल फ्लोरा एक्सपो का आयोजन प्रति वर्ष नियमित रूप से किया जाता है, जो भारत और अन्य देशों के हितधारकों को उनके उत्पादों, प्रौद्योगिकियों, नवाचारों और संबद्ध गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए आकर्षित करती है।

# कोन इंडिया ने किया कार्यालय और मालगोदाम का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**एलिवेटर** और एस्केलेटर उद्योग में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कोन कॉर्पोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी कोन एलिवेटर इंडिया ने उत्तरी भारत में विस्तार करते हुए नये बड़े कार्यालय एवं गुड़गांव में अत्याधुनिक कला अनुभव केन्द्र खोले जाने की घोषणा की। नव वर्ष की शुरूआत के साथ ही कोन इंडिया की टीम गुड़गांव के गोल्फ कॉज एक्सटेंशन रोड पर स्थित सनसिटी सक्सेस टावर के प्रीमियम बिजनेस कॉम्प्लेक्स में एक नये और ज्यादा बड़े कार्यालय में चली गई। इसके साथ ही कंपनी ने एलिवेटर और एस्केलेटर एवं इसके पुर्जों की तेजी से डिलीवरी करने एवं ग्राहकों के नये एवं नजदीकी सुविधा के लिये मालगोदाम (वेयरहाउस) का भी उद्घाटन किया।

बेहद खूबसूरती के साथ सुसज्जित नया कार्यालय बड़ा होने के साथ ही हरियाली से घिरा है। कोन इंडिया के प्रबंध निदेशक, अमित गोसांई ने कहा कि यह कोन के विकास के नये अध्याय की शुरूआत है। हम भारत में अपना विस्तार करने एवं विश्व स्तरीय टिकाऊ समाधान तक



लोगों की सीधी पहुंच बनाने के लिये प्रतिबद्ध हैं। गुड़गांव में नया बड़ा कार्यालय हमारे निरंतर विकास के दृष्टिकोण से तैयार किया गया है, जो ग्राहकों के साथ हमारे संबंधों को और मजबूत करेगा। साथ ही हमारा उद्देश्य सेल्स, इंस्टालेशन, सर्विस, स्पेयर पार्ट्स, एएमसी या आधुनिकीकरण के लिये ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव कराना है। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यालय तक आसानी से पहुंचा जा सकता है और गुड़गांव के अंदर, आस-पास व हरियाणा के कुछ जगहों, जैसे-रोहतक, मानेसर, रेवाड़ी के ग्राहकों तक इसकी सुविधा देने की क्षमता है। इस नई सुविधा में अत्याधुनिक अनुभव केन्द्र भी है, जिसमें विश्व का पहला डिजिटली कनेक्टेड एलिवेटर्स-द कोन डीएस क्लास भी शामिल है। इसमें ग्राहक, कोन को संचालित करने वाली गुणवत्ता एवं नवाचारों से परिचित हो सकेंगे। यह ग्राहकों को कोन के उत्पादों के प्रदर्शन, उसकी क्षमता एवं तकनीक का वास्तविक अनुभव करायेगा। कोन की मुख्य पहलों में कार्बन न्यूट्रल ऑपरेशन में कम उत्सर्जन वाले वाहनों के बेड़े में बदलाव लाना है। इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करते हुए कर्मचारियों को कम उत्सर्जन वाले वाहनों का चयन करने के लिये प्रेरित किये जाने के साथ उन्हें चार्जिंग प्वाइंट प्रदान किया जा रहा है। जैसा कि इस नये कार्यालय की इमारत के बेसमेंट में 50 ईवी चार्जिंग प्वाइंट शामिल है।

# बेहतर उत्पादन के लिये सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का लाभ उठाएं किसान

**गुरुग्राम।** प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने व फसल उत्पादन के दौरान होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही किसान हित में जो निर्णय लिए जा रहे हैं, उनको भी पूरी ईमानदारी के साथ धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है।

इसी उद्देश्य से किसानों को कम पानी लागत से बेहतर व ज्यादा पैदावार लेने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। किसानों से सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से किसान खेत में पानी खड़ा होने, खेत में पानी के असमान वितरण, उर्वरक उपयोग दक्षता को कम करने जैसे नुकसानों से अपनी फसल ज़ो बचाकर अधिक से अधिक पैदावार ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने किसानों को कृषि से संबंधित सिंचाई के नए आधुनिक तकनीकी साधन प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना शुरू की है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इस संबंध में बताया कि रासायनिक उर्वरकों को घोल के रूप में पानी के साथ फसल में डाला जा सकता है।

# कृषि आय और ग्रामीण आजीविका बढ़ाने के लिए कृषि निर्यात में सुधार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## मल्लिका वर्मा, डायरेक्टर - सरकारी मामले, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया

**पिछले** कुछ सालों में भारत से कृषि निर्यात में वृद्धि हुई है और 2021-22 में यह बढ़कर 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया। इस रूझान ने भारतीय किसानों को ऊंची आय के साथ बेहतर संभावनाएं प्रदान की है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे मौजूदा तनाव और कोविड-19 महामारी फैलने के कारण भारत के लिए अपने अतिरिक्त और सतत कृषि उत्पादन के साथ अनेक अवसर उत्पन्न हुए हैं। कृषि उत्पाद के निर्यात द्वारा किसानों को मिलने वाली उच्च आय ग्रामीण आजीविका में सुधार करने में सक्षम है क्योंकि देश की आधी से ज्यादा आबादी अपनी रोजी-रोटी के लिए कृषि एवं सहयोगी गतिविधियों पर आश्रित है। मल्लिका वर्मा, डायरेक्टर-सरकारी मामले ने कहा, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया भारतीय कृषि एवं खाद्य क्षेत्र को विश्व के बाजारों में अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। किसानों द्वारा खेती और कृषि मार्केटिंग के पारंपरिक तरीकों को बदले जाने की जरूरत है। उन्हें



अंतर्राष्ट्रीय बाजार की मांगों के अनुरूप गैर-पारंपरिक फसलें उगानी होंगी। विश्व में दूसरा सबसे बड़ा कृषि उत्पादक देश होने के बावजूद भारत दशकों से काफी कम निर्यात करता आया है। निर्यात बढ़ाने के लिए भारत सरकार के सतत प्रयासों के बल पर हम सन 2019 में सर्वोच्च 10 निर्यातक देशों की सूची में शामिल हो पाए। भारत में कई फसलों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ रही हैं, और देश चावल, गेहूं, कपास, गन्ना, और बाजरा का सबसे बड़ा उत्पादक देश बन रहा है। भारत कृषि जलवायु की अपनी विविध परिस्थितियों और श्रम की कम लागत के चलते अन्य देशों के मुकाबले ज्यादा पुख्ता स्थिति में है, लेकिन फिर भी कम उत्पादकता और वैल्यू एडिशन, सतत व अच्छी कृषि विधियों, गुणवत्ता प्रबंधन और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रति ढीले रवैये के कारण हम सालों से पिछड़ रहे थे। हालांकि मौजूदा वर्षों में स्थिति बदली है। भारत सरकार उत्पादकता बढ़ाने, उच्च मूल्य की फसलों के विविधीकरण, कटाई के बाद प्रोसेसिंग व लॉजिस्टिक्स को मजबूत बनाने और निर्यात बढ़ाने के लिए तत्परता से नीतियों का पालन कर रही है। के अनुसार मल्लिका वर्मा, डायरेक्टर सरकारी मामले, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया वैकि कृषि व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भारतीय किसानों को कई बाधाओं को पार करना होगा। उन्हें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, विदेशी ग्राहकों की पसंद, खाद्य पदार्थों का उपभोग करने के तरीकों, अंतर्राष्ट्रीय नियमों एवं गुणवत्ता के मानकों, और अच्छी कृषि विधियों को सीखने की जरूरत है।

# मत्स्य पालन: विशेष अनुदान का लाभ उठाएं अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवक

**गुरुग्राम।** मत्स्य पालन विभाग में नई-नई स्क्रीमों के अतिरिक्त हरियाणा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के बेरोजगारों के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए केन्द्र सरकार की कुछ योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं।

अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मछली पालन के लिए पंचायती तालाब पट्टे पर लेने के लिये प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर पचास हजार रुपये प्रति हैक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत, दोनों में से जो कम हो, का अनुदान प्रदान किया जाता है। वहीं द्वितीय वर्ष के लिए पट्टा राशि पर 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम पच्चीस हजार रुपये प्रति हेक्टेयर में से जो भी कम हो, का अनुदान भी प्रदान किया जाता है। पानी में से मछली पकड़ने के लिये ठेकेदारों को कुल बोली का 25 प्रतिशत अथवा चार लाख रुपये अधिकतम सीमा तक राशि प्रदान की जाएगी। अनुसूचित जाति का व्यक्ति बेहतर ढंग से मछली पालन का कार्य कर सके इसके लिये विभाग द्वारा मत्स्य पालन का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

# नई पहल : 25 आवारा कुत्तों को ठंड से बचाव को पहनाए जैकेट

## आवारा घूमने वाली गोवंश के लिए भी जैकेट बनाने की शुरू की जाएगी कवायद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सामाजिक** कार्यकर्ताओं ने बेजुबान जीव जन्तुओं को हाड़कंपा देने वाली सर्दी से सुरक्षा करने की पहल शुरू कर दी है। बीते दिन में गली-मोहल्लों से लेकर आम रास्तों में घूमने वाले 25 कुत्तों को सर्दी से बचाव के लिए कपड़े की जैकेट पहना रहे हैं। जल्द ही आवारा घूमने वाली गाय व उनके बच्चों के लिए भी जैकेट बनाने की कवायद शुरू की जाएगी।

पिछले करीब एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की सर्दी ने जनजीवन को हिलाकर रख दिया है। ऐसे में सर्दी से काप रहे आवारा घूमने वाले कुत्तों को सर्दी से बचाने के लिए कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नई पहल शुरु की है। गांव हिलालपुर निवासी मनोज शर्मा, राजकुमार शर्मा, दुर्गा राघव, रुपसिंह और सुनील जैन ने मिलकर शहर के आम रास्ते व गलियों में आवारा घूमने वाले कुत्तों



सोहना में आवारा कुत्ते को सर्दी से बचाव के लिए जैकेट पहनाते सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गा राघव और अन्य।

को सर्दी से बचाव के लिए जाकिट पहनाने की पहल शुरु की है। राजकुमार शर्मा ने बताया कि जल्द ही बेघर गाय व उनके छोटे बच्चों को भी सर्दी से बचाव के लिए जाकिट पहनाने की कवायद शुरु की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर व गांव में अब तक 25 कुत्तों को यह जैकेट पहनाई गई है। जिसमें छोटे पिल्ला भी शामिल हैं। दुर्गा राघव ने बताया कि आम रास्ते में ऐसे स्थानों की तलाश की जा रही है। जहां पर सर्दी से बचाव के लिए आवारा घूमने वाले कुत्तों को बैठने का सर्दी से बचाव की सुविधा उपलब्ध की जा सके। जिसमें जुट से बनी बोरियां से लेकर घरों में से फेंके जाने वाले रुई से बने गद्दे, तकिया या सौफे की गद्दियों को रखा जा सके। यह सब कार्य अपने निजी खर्चे से उपलब्ध कराई जाएगी।

# 33 हजार से ज्यादा किसानों का 190 करोड़ कर्ज माफ : सूर्यप्रताप शाही

● बकाए बिजली बिल के लिए यूपी के किसानों को अब जेल नहीं भेजा जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**उत्तर** प्रदेश के 19 जिलों के 33 हजार से ज्यादा किसानों को नए साल में बड़ी खुशखबरी मिली है। किसानों का 190 करोड़ रुपए कर्ज माफ किया जा रहा है। शनिवार वाराणसी पहुंचे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह घोषणा की। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि बकाए बिजली बिल में यूपी के किसानों को अब जेल नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि नलकूप का बकाया होने के बाद भी उसका बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। 50 फीसदी अनुदान पर किसानों को बिजली मुहैया कराई जा रही है।

मंत्री ने आगे बताया कि प्रदेश सरकार 19 जिलों के 33000 किसानों का 190 करोड़ रुपए कर्ज माफ किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद कैबिनेट में किसानों की कर्जमाफी का निर्णय लिया गया था। इसके तहत लाखों किसानों के कर्ज माफ हुए थे। उस दौरान किन्ही कारणों से छूट गए 33408 किसानों के भी 190 करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया जाएगा। सरकार ने इस बारे में गजट जारी कर दिया है।

**मोटे अनाज को बढ़ावा दिया जाएगा**–आने वाले दिनों में मोटे अनाज को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सबसे अधिक दरों पर तय किया जा रहा है। मकर संक्रांति के बाद इसकी नीति तैयार की जाएगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में देश ओर प्रदेश का किसान उन्नत हो रहा है। आजादी के बाद पहली बार तीन गुना ज्यादा अनाज खरीद का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री ने दावा किया कि तिलहन उत्पादन आने वाले दिनों में मील का पत्थर साबित होगा। किसानों को हर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। प्रदेश में यूरिया और डीएपी की कमी नहीं है।

चौक पुलिस ने की कार्रवाई

# पुलिस ने कुंडीगढ़ में दुकान पर छापा मारकर भारी मात्रा में चाइनीज मांझा किया बरामद

● एक युवक को भी किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**चौक** थाना क्षेत्र के कुडीगढ़ टोला में शनिवार को चौक पुलिस ने पतंग की दुकान पर छापा मारकर भारी मात्रा में चाइनीज मंझा बरामद किया। पुलिस ने चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदार सलमान अहमद पुत्र वकील अहमद नामक दुकान को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके पास से 30 किलो 500 ग्राम चाइनीज मंझा बरामद कर लिया।

विदित हो कि पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ शहर में प्रत्येक थानेदारों को आदेश दिया था कि जिस थाना क्षेत्र अंतर्गत चाइनीज मांझा बेचते हुए दुकानदार पाए जाएं उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए। शनिवार को चौकी प्रभारी दालमंडी अजय कुमार व दारोगा अभिनव श्रीवास्तव तथा अपने कांस्टेबल विरेन्द्र पाल के साथ कुंडीगढ़ क्षेत्र में दौरा कर रहे थे तभी एक मुखबिर से सूचना मिली कि सलमान अहमद पुत्र वकील अहमद नामक व्यक्ति भारी मात्रा में चाइनीज मांझा लाकर अपने दुकान में धड़ल्ले से बेच रहा है।

पुलिस ने इसकी सूचना थाना प्रभारी शिवाकांत मिश्र को दी। मिश्र ने अपने दल–बल के साथ मौके पर पहुँचकर दुकानदार के यहां छापा मारकर भारी मात्रा में चाइनीज मांझा बरामद कर लिया। सरकार ने इस चाइनीज मांझा के बेचने पर रोक लगा दी है। इस मांझा से कई जानवर व नागरिकों की सिर कटने से मौत हो चुकी है।

# गंगा पार बस रही टेंट सिटी में स्पा और मेडिटेशन के अलावा इंडोर गेम की भी सुविधा

● 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में शहरी सुविधाओं के साथ ही सैलानियों के लिए क्लब हाउस बनाया गया है

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**गंगा** पार बस रही टेंट सिटी में पर्यटकों की सुख सुविधाओं के हर इंतजाम किए जा रहे हैं। धर्म अध्यात्म से जुड़ने के साथ ही पर्यटकों को यहां मनोरंजन के हर साधन भी उपलब्ध होंगे। टेंट सिटी के क्लब हाउस, स्पा और मेडिटेशन सेंटर में पर्यटक सुखद समय बीता सकेंगे। इसके अलावा लाइब्रेरी और आर्ट गैलरी भी उनके लिए खास होगी। अस्सी घाट के सामने 600 टेंट की सिटी को तीन कलक्टर में विकसित किया जा रहा है। 10 हेक्टेयर में क्षेत्रफल में शहरी सुविधाओं के साथ ही सैलानियों के लिए क्लब हाउस बनाया गया है। यहां अलग–अलग इंडोर गेम की सुविधा होगी। बैंडमिंटन और फुटबाल कोर्ट को खास डिजाइन से तैयार किया गया है। बच्चों के मनोरंजन का ध्यान रखते हुए ऊंट और घोड़े की सवारी का भी इंतजाम किया गया है।

टेंट सिटी में सैलानियों के लिए स्पा सेंटर भी बनाया गया है और असोम के एक्सपर्ट यहां मौजूद रहेंगे। टेंट सिटी में चार अलग अलग स्पा सेंटर में कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। सैलानियों को ध्यान और योग से जोड़ने के लिए मेडिटेशन सेंटर भी होगा। इसके अलावा रिसेप्शन एरिया, गेमिंग जोन, रेस्टोरेंट, डायनिंग एरिया, कांफ्रेंस हॉल, लाइब्रेरी और आर्ट गैलरी आदि की व्यवस्था की गई है। यहां चलने वाले रेस्टोरेंट का लाभ टेंट सिटी में ठहरने वाले सैलानी उठा सकेंगे। रेस्टोरेंट से वो अपने कॉटेज में भी भोजन ऑर्डर देकर मंगा सकेंगे।

टेंट सिटी परियोजना को विकास प्राधिकरण की ओर से सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं इसमें करीब छह करोड़ रुपये की धनराशि से पेयजल, सीवर, बिजली सड़क सहित अन्य जन सुविधाओं को विकसित किया गया है। टेंट सिटी बसाने वाली कंपनी प्रवेग कम्यूनिकेशन 400 और लल्लू जी एंड संस 136 टेंट तैयार कर रहे हैं।

**टेंट सिटी के हर चौराहों पर मोक्ष का संदेश** –टेंट सिटी तक पहुंचने के लिए नमो घाट के अलावा रामनगर की ओर से सड़क भी तैयार की गई है। सैलानी रामनगर की तरफ से सड़क मार्ग से भी तंबुओं के शहर में पहुंच सकेंगे। टेंट सिटी में पर्यटकों को अलग अनुभूति का एहसास कराया जा सके इसके लिए यहां के नौ चौराहों को भी खास डिजाइन से तैयार किया जा रहा है। हर चौराहे पर पर्यटकों को मोक्ष का संदेश मिलेगा। चौराहों पर ध्यान की अलग–अलग मुद्राओं की प्रतिमाएं जीवन से मृत्यु के सफर के साथ ही पर्यटकों को शांति का संदेश देंगी।

# करोड़ो खर्च होने के बावजूद भी ओडीएफ योजना धराशाई

● छतोह ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन हुआ धड़ाम।

**संवाददाता।** नसीराबाद रायबरेली

**सूबे** की योगी सरकार भले ही कितने नियम कानून लागू कर दे। लेकिन विभागीय जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजों पर झूठी रिपोर्ट प्रेषित कर वाहवाही लूट रहें है। आलम यह है कि योगी सरकार के आदेश निर्देश विभागीय अधिकारियों के टेबल पर दम तोड़ कर सिर्फ मजाक का पात्र बन कर रह गये हैं। सरकार की दर्जनों महत्वांकाक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जिले स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक भले ही भाजपा सरकार के मंत्रियों का जमावड़ा लग चुका हो। लेकिन हकीकत में इन मंत्रियों की विकास कार्यों से संबंधित की गयी समीक्षा जिले में मजाक बन कर रह गयी है। जिसकी सबसे बड़ी विडंबना तो यह रही कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने सरकार व उनके मंत्रियों को झूठी रिपोर्ट प्रेषित कर योगी सरकार को ही सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांवों को ओडीएफ कराए जाने को लेकर भले ही अरबों खरबों रूपए पानी की तरह बहाए हैं। शासन द्वारा ज्यादातर प्रत्येक ग्रामीणों को शौचालय मुहैया करवाया गया। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायतों में लाखों रूपये खर्च कर सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। जिससे गांवों को स्वच्छ बनाया जा सके। लेकिन छतोह ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में हकीकत का आलम ये है कि ज्यादातर सामुदायिक शौचालयों में ताला लटकने के साथ ही यह पूरी तरह से जर्जर व बदहाल पड़े है। साथ ही सुबह शाम होते ही ग्रामीण खुले में शौच कर स्वच्छ भारत मिशन पर प्रश्नचिंह लगा रहें है। जिससे ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक में बैठे विभागीय जिम्मेदारों की उदासीनता से सरकार का ओडीएफ अभियान धरातल पर पहुंचने से पहले ही पूरी तरह से धराशायी होकर रह गया। जबकि विभागीय जिम्मेदारों के रिकार्ड में सब आज इल वेल है। इस बाबत मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# पारिवारिक विवाद में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता।** ऊंचाहार

**पट्टी** रहस कैथवल गांव निवासी महिला ने अपने जेठ पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

गांव निवासी अर्चना देवी का कहना है कि उसका पति अमरजीत शहर में रहकर मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। जिसके चलते उसका जेठ उसे आए दिन गाली गलौज कर मारपीट किया करता है। गत शुक्रवार की रात जेठ रंजीत कुमार ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया है।

महिला ने शनिवार को कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# कुष्ठ अभियान 15 जनवरी से

● कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**जनपद** से कुष्ठ रोग खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में कार्यालय विवेकानन्द सभागार में डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया गया और कुष्ठ अभियान को 15 जनवरी से 15 फरवरी तक चलाया जायेगा। यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एके राय ने दी।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिले में अभियान के दौरान सभी सामुदायिक, प्राथमिक व स्वास्थ्य उप केंद्रों पर आने वाले हर उम्र के मरीजों की कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग कर तत्काल उपचार किया जायेगा। इसके अलावा अभियान में 12 टीमों का गठन किया गया जो अपने–अपने ब्लाकों में डोर–टू–डोर कुष्ठ रोग खोजने का काम करेंगे इसके लिए जिले के आशाओं को पत्र के माध्यम से निर्देशित कर दिया जायेगा। जिले के सभी केन्द्रों पर निशुल्क दवा उपलब्ध है। मरीजों के लिए हर केन्द्रों पर पांच बेड का एक वार्ड भी मौजूद है। वर्तमान में जनपद में 115 कुष्ठ के रोगी चिन्हित हैं। प्रशिक्षण में 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी के अलावा कुष्ठ विभाग के डॉक्टर व कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि कुष्ठ रोग के तहत अंगुलियों में मिलने पर मंडलीय चिकित्सालय में आने पर मैं खुद उनका ऑपरेशन कर ठीक करने का प्रयास करूंगा। कुष्ठ की बीमारी माइक्रोबेकेटीएम लेप्रेरी मच्छर के काटने से होता है। इससे बच्चों से लेकर बड़ों को चमड़ा व नसें काम करना बन्द कर देती हैं।

## लक्षण

कुष्ठ रोग में बच्चों में 20 प्रकार के लक्षण मिलते हैं। इसमें मुख्यत: चमड़े का कलर बदल जाता है और चमड़े सुन्न हो जाते हैं। साथ ही चमड़े की जांच में पता चलता है कि कुष्ठ के लक्षण है या नहीं। इसके अलावा चमड़ा का तैलीय होना कान का ऊपर हिस्से का मोटा होना, अंगुली का मुड़ना के साथ ही आंखों का बन्द होना मुख्य लक्षण है।

# बैंक के स्थापना दिवस पर बाटे गए कंबल

**संवाददाता।** मुग़लसराय/चन्दौली



**यूको** बैंक के 80 वां स्थापना दिवस व अंकित कुमार सिन्हा के याद में केंद्रीय कारागार वाराणसी में 100 कंबल का वितरण व काशी अनाथालय में बच्चों के लिए उनी कपड़े का वितरण शिवपुर ब्रांच मैनेजर अमृता श्रीवास्तव ने किया । इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर ने कहा कि इस कड़कड़ाती ठंड में जहां लोग घरों से बाहर नही निकल पा रहे है वही गरीब असहाय लोग इस ठंड में गर्म कपड़े बिना अपना अपनी दिनचर्या चला रहे हैं । इसी को देखते हुए हमलोगों ने बैंक के स्थापना दिवस पर जिला कारागार में 100 कंबल वितरण व कोरोना काल मे हमारे घर के एक सदस्य अंकित कुमार सिन्हा की कोरोना से असामयिक मौत हो गयी थी जिसकी याद में काशी अनाथालय में बच्चों के लिए ऊनी कपड़े का वितरण किया गया। जिला कारागार में कैदियों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था । इस अवसर पर सूबेदार यादव विजय यादव अर्जुन कुमार अर्चना श्रीवास्तव दीपांशु श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रायबरेली कांग्रेस के पदाधिकारी भारत जोड़ो यात्रा में हुए शामिल



**संवाददाता।** रायबरेली

**उ0प्र0** में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में क्षेत्रीय कांग्रेसी नेता भी बढ़चढ़ कर प्रतिभाग कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रवींद्र सिंह ने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई जा रही अजीत सिंह व राकेश सिंह राना, विनय द्विवेदी, निर्मल षुक्ला, गुलाटी सिंह कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को जनता का अपार समर्थन हासिल हो रहा है।

यात्रा यूपी में चल रही है जिसके प्रथम चरण में सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा के नेतृत्व में लगातार तीन दिनो तक शामली, गाजियाबाद व बागपत जनपदो में दर्जनों क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा में शामिल हुए पदयात्रा की गई। यात्रा को यूपी की जनता जिसका असर आने वाले चुनावों व 2024 के लोकसभा चुनावों में भी देखने को मिलेगा। यात्रा में सरेनी विधानसभा से रवींद्र सिंह, मदन सिंह, कामता गौड, गिरीश बहादुर सिंह, विनोद प्रताप, महेश शर्मा, आदि ने शिरकत की।

# सेवा और सहारा संकल्प है हमारा : सोनिया रस्तोगी

**संवाददाता।** रायबरेली



**भाजपा** की पूर्व प्रत्याशी सोनिया रस्तोगी ने साकेत नगर कष्तान का पुरवा और इंदिरा नगर क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर कंबल वितरित किए। माइनस तीन डिग्री और चार डिग्री तापमान में वह लोग भी बाहर निकलने के लिए सौ बार सोचते हैं जिनके पास सभी संसाधन हैं ऐसी स्थिति में मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करने वाले लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें कंबल देने का काम लगातार सोनिया रस्तोगी के द्वारा किया जा रहा है। भाजपा की पूर्व प्रत्याशी सोनिया रस्तोगी ने कहा कि धरातल पर सेवा ही करना सबसे बड़ा धर्म है ठंड में जरूरतमंदों को जरूरी वस्त्र देना और उन्हें इस बात का एहसास कराना कि भारतीय संस्कृति को मानने वाले लोग अपने से अधिनस्थ लोगों को संरक्षित करने का काम करते हैं ताकि एक तबका अपने को समाज से अलग ना महसूस करें उन्हें संरक्षित करने, व्यवस्थित करने और उनकी मदद करने का दायित्व सामर्थवान लोगों को निभाना चाहिए। कार्यक्रम में मधु रस्तोगी, शैलेश पांडे, संतोष त्रिपाठी,रवि चौधरी और इं. विजय रस्तोगी मौजूद रहे । जब से ठंड शुरू हुई है भाजपा की पूर्व प्रत्याशी रही सोनिया रस्तोगी द्वारा लगभग 15 दिनों से लगातार क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच जाकर कंबल देने का काम किया जा रहा है जिससे समाज में एक संदेश जा रहा है कि सेवा ही सर्वोपरि धर्म है।

# समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल डीह थाना क्षेत्र के दोहरी गांव पहुंचा



**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल डीह थाना क्षेत्र के दोहरी गांव में रोहित पासी एवं उसके परिवार के साथ हुए अन्याय व दुर्व्यवहार की जानकारी करने पहुंचा। प्रतिनिधि मण्डल विधायक पूर्व मन्त्री मनोज पाण्डेय, पूर्व मंत्री आर.के. चौधरी, विधायक श्याम सुन्दर भारती व राहुल लोधी एवं जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव द्वारा पीड़ित परिवार से मिलकर आपबीती सुनी गयी। पीड़ित रोहित पासी ने बताया कि वह प्लमबरिंग का कार्य करता है, दिनांक 15 दिसम्बर को अपनी मजदूरी मांगने प्राथमिक विद्यालय खेतौधन गया था, जहां पर उपस्थित शिक्षकों ने उसे जातिसूचक गाली देते हुए भाग जाने को कहा, परन्तु वह अपनी मजदूरी मांगता रहा, जिस पर शिक्षकों ने उसे लात–घूसों से मारा और पुलिस बुलाकर थाने में बन्द करवा दिया, फिर रात में लाकअप से निकाल कर पुलिस कर्मियों एवं शिक्षकों ने मारा–पीटा व अमानीय व्यवहार किया। रोहित पासी के साथ ही उसकी मां एवं बुआ सहित सात लोगों को बेवजह जेल भेजा गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधान सभा अध्यक्ष जागेश्वर यादव, मुनेश्वर पासी, आर.पी. यादव, मो अरशद खान, सुरेश पटेल, राजेन्द्र यादव, ज्ञान प्रकाश, मो मुशीर, रामस्वरूप पासी, ब्लाक अध्यक्ष अशोक यादव, विनोद रावत, समर बहादुर यादव, अनिल यादव, मुन्ना यादव, मो सईद, रंजीत यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### दो बाइक सवार भिड़े एक घायल

**ऊंचाहार।** क्षेत्र के ऊंचाहार सलोन मार्ग पर एनटीपीसी गेट नम्बर 2 के पास बाइक की टक्कर से साइकिल सवार युवक घायल हो गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। फरीदपुर गाँव निवासी हरिश्चंद्र 35 वर्ष शनिवार की दोपहर बाद साइकिल से ऊंचाहार आ रहा था, तभी एनटीपीसी गेट नम्बर 2 के पास बाइक की टक्कर से घायल हो गया,राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### जिले की सर्विलास टीम द्वारा मोबाइल फोन बरामद किया

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में सर्विलास टीम द्वारा अथक प्रयास करके जनहित में 102 खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद किया गया है। उक्त मोबाईल विभिन्न तिथियों में उनके मालिकों द्वारा खो दिये गये थे जिनकी कुल कीमत लगभग 15,95,000/- रूपये है जो आज सभी मोबाइल उनके मालिकों को सुपुर्द किये जा रहें है ।

### सीओ ने कोतवाली का किया निरीक्षण-दिए निर्देश

**मुसाफिरखाना,अमेठी।** पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह ने स्थानीय कोतवाली का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की गहनता से परख की इस दौरान संबंधित मातहतों को विवेचनाओं का समयावधि गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके साथ-साथ अपराध पर अंकुश लगाने हेतु प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह सहित संबंधित मातहत पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया इस दौरान उपनिरीक्षक पवन मिश्रा संजय तिवारी अवनीश कुमार चौहान सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### भारतीय प्रकाश क्षेत्र में बदलाव लाने की पहल

**वाराणसी।** भारत के सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले हजारों नागरिकों को उनकी ऊर्जा खपत पर बेहतर नियंत्रण और बचत में वृद्धि करके जीवन स्तर में सुधार लाकर उन्हें सशक्त बनाया गया है। ईईएसएल ने मूल रूप से नागरिकों के एलईडी बल्बों को देखने के तरीके को बदल दिया है।

# मनुष्य के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाती है शिक्षा : कुमार

● एनटीपीसी रिहंद का नैगम सामाजिक दायित्व की ओर सुनहरा कदम बालिका सशक्तिकरण मिशन

**संवाददाता।** बीजपुर/सोनभद्र



**एनटीपीसी** रिहंद ना सिर्फ देश को बिजली बनाकर प्रकाशित करने का कार्य कर रही है अपितु अपने सीएसआर विभाग के माध्यम से अपने परियोजना के आप पास के क्षेत्रों में निवास कर रहे ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाकर उनके जीवन को प्रकाशमान कर रही है। इसी तारतम्य में नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत एनटीपीसी रिहंद में 23 मई 2022 से 18 जून 2022 तक चले बालिका सशक्तिकरण अभियान की बालिकाओं हेतु 05 जनवरी 2023 से 12 जनवरी 2023 तक बालिका सशक्तिकरण अभियान शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। बालिका सशक्तिकरण अभियान शीतकालीन कार्यशाला का उदघाटन मुख्य महाप्रबंधक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल कृष्णा चट्टोपाध्याय महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण पंकज मेदिरत्ता, सभी महाप्रबंधकगण एवं वर्तिका महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्याएं आस पास के गाओं के ग्राम प्रधानों एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित एवं एनटीपीसी गीत गाकर किया।

इस मौके पर उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए श्री चट्टोपाध्याय ने कहा कि यह शीतकालीन कार्यशाला बालिकाओं को दोबारा से नयी चीजें सीखने का अवसर प्रदान कर रहा है, जो कि उनके बेहतर भविष्य के लिए है। मेरा विश्वास है कि इन कार्यक्रमों से इन बच्चियों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आयेगा। इन बच्चियों को अपने वास्तविक जीवन में करियर के शिखर पर पहुँचने में इस कार्यक्रम के द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण का लाभ अवश्य मिलेगा। शिक्षा मनुष्य के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाती है।

आज महिलों को शिक्षित करने हेतु विभिन्न पहल किए जा रहे है जिससे महिलाएं शिक्षित हो कर अपने जीवन को रोशन कर रही हैं। हम जिस भी क्षेत्र में देखे महिलाए कंधे से कन्धा मिला कर अपना निर्धारित कार्य समर्पणता से कर रही है। बालिका सशक्तिकरण मिशन शिक्षा से रोशनी की ओर एनटीपीसी की एक ऐसी ही पहल है।

# समस्याओं के समाधान को लेकर रेल मंत्री से मिले संजीव सिंह गोड़

**संवाददाता।** डाला/सोनभद्र

**ओबरा** विधायक व सूबे के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने दिल्ली प्रवास के दौरान शुक्रवार को जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर केंद्रीय दूरसंचार एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से उनके आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जनपद की मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर सूबे के समाज कल्याण राज्यमंत्री ने दिल्ली में केंद्रीय रेल संचार इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भारत सरकार अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर रावर्टसगंज पन्नूगंज मार्ग के रेलवे क्रॉसिंग तथा चोपन बाजार से चोपन गांव जाने वाले रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण, ग्राम पंचायत पनारी अन्तर्गत कड़िया फफराकुंड व हथवानी ग्राम पंचायत के जोगिडीह में अंडर पास पुलिया निर्माण की मांग की साथ ही सोनभद्र से दिल्ली व लखनऊ आने जाने हेतु सुपरफास्ट ट्रेनों को चलाने व चोपन में ठहराव होने संबंधी पत्र सौंपा। दूरसंचार मंत्री को जनपद के पहाड़ी इलाकों व दुरुह क्षेत्रों में मोबाइल टावर न होने के कारण नेटवर्क कनेक्टिविटी की हो रही समस्याओं से निजात दिलाने के लिए मोबाइल टावर लगाने की मांग की। केंद्रीय मंत्रियों ने सभी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है। इन समस्याओं से जूझ रहे लोगों ने मंत्री का आभार व्यक्त किया। ओबरा विधायक व राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने कहा है कि जनपद में सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव हो जाने से दिल्ली व लखनऊ आने जाने वाले लोगों को समयानुसार तमाम सुविधाएं मिल जाएगी साथ ही रेलवे ओवरब्रिज व अंडर पास पुलिया का निर्माण हो जाने से जाम व दुर्घटनाओं से निजात मिल जाएगी। मोबाइल टावर लगते ही नेटवर्क की समस्या का समाधान हो जाएगा।

# तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**संवाददाता।** अमेठी



**जनसामान्य** की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे–मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील अमेठी में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 33 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 02 का निस्तारण किया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 41 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 06 का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में 30 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 01 शिकायत का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस कर्मियों के काटे चालान

संवाददाता। फतेहपुर

**मार्ग** दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों, थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस कर्मियों के भी चालान काटे गये।

उधर यातायात प्रभारी ने ज्वालागंज चौराहे पर वाहन चालकों को नियमों के प्रति जहां जागरूक किया वहीं हाईवे पर अवैध पार्किंग वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों व थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में यातायात जागरूकता अभियान चलाया।

- ज्वालागंज चौराहे पर वाहन चालकों को नियमों के प्रति किया जागरूक
- हाईवे पर अवैध पार्किंग वाले वाहनों के खिलाफ हुई कार्रवाई

आने-जाने वाले वाहन चालकों को को नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही नियमों का उल्लघन करने वाले पुलिस कर्मियों के भी चालान काटे गये।

जिसमें एक उप निरीक्षक, दस मुख्य आरक्षी, बारह आरक्षी, दो महिला आरक्षी, दो होमगार्ड, एक पीआरडी समेत कुल 28 लोगों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक का कहना रहा कि सड़क सुरक्षा माह चल रहा है। इसलिए, आमजन के साथ-साथ पुलिस कर्मी भी नियमों का पालन करें।

नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उधर क्षेत्राधिकारी यातायात प्रगति यादव के कुशल पर्यवेक्षण में सड़क सड़क सुरक्षा माह में यातायात प्रभारी मनोज कुमार सिंह व यातायात पुलिस ने ज्वालागंज तिराहे पर आम जनमानस तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। हाईवे के किनारे अवैध रूप से खड़े किए गए वाहनों पर कार्यवाही करते हुए हटाया गया। इसके साथ-साथ दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट न पहनने वाले वाहनों पर आवश्यक कार्रवाई की गई।

## चोरों ने फिर चटकाया टायर की दुकान का ताला, लाखों का माल चोरी

**कालपी (जालौन)।** कोतवाली पुलिस के गस्ती की पोल खोलते हुए बेखौफ चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए टायर की दुकान के ताले चटका दिए। जहां से चोर लाखों रुपए के टायर व नगदी लेकर रफूचक्कर हो गए। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। कालपी कोतवाली के मोहल्ला आलमपुर में कोतवाली पुलिस से बेखौफ होकर घूमी चोरों की बारात ने पुलिस गस्ती की पोल खोल कर रख दी। जहां पर चोरों ने भारत टायर्स दुकान पर देर रात कोहरे का फायदा उठाते हुए दुकान पर धावा बोल दिया। जहां से चोरों ने लाखों रुपए के टायर व नगदी पार कर दी। सुबह जब दुकानदार खोलने आया तो उसकी दुकान का ताला टूटा था, जिसे देखकर उसके होश उड़ गए। दुकान मालिक ऐसशाम ने बताया कि उसने रात 8 बजे दुकान बंद की थी। सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा, तो दुकान के ताले टूटे हुए थे।

# मंडलायुक्त व आईजी ने गौशाला व तहसील के दस्तावेजों का निरीक्षण कर दिया कड़े निर्देश

संवाददाता। खागा (फतेहपुर)



**संपूर्ण** समाधान दिवस तहसील परिसर के सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत व आई जी चन्द्र प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें मौके पर आई फरियादियों से 96 प्रार्थना पत्रों में मौके पर नौं शिकायतों का निस्तारण किया गया। और क्षेत्रीय गौशाला का भी निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। खागा तहसील परिसर के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की आई शिकायतों का निस्तारण करते हुए मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत व आई जी चन्द्र प्रकाश ने बताया कि आज के संपूर्ण समाधान दिवस में कुछ 96 फरियादियों के प्रार्थना पत्रों में मौके पर 6 शिकायतों का गहनता से लेते हुए निस्तारण किया गया है और इन्होंने बताया कि अधिकांश शिकायतें पुलिस, राजस्व व बिजली पानी से सम्बोधित पायी गयी। और शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल निस्तारण करने के आदेश दिए गए हैं। उसी क्रम में संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील परिसर के कार्यालयों व गौशाला का निरीक्षण किया गया। जिसमें तहसील कार्यालय में रखे दस्तावेजों को बड़े बारीकी से निरीक्षण किया गया। जहां पर दस्तावेजों के रख रखाव व साफसफाई पर खामियां पाई जाने पर एस डी एम मनीष कुमार को कड़े शब्दों में निर्देशित किया गया। इस मौके पर एडिशनल एसपी, एस डी एम मनीष कुमार, तहसीलदार ईवेंद्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शशांक राय व ओम प्रकाश व पीयूष कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सिंह, चकबंदी अधिकारी अनिल कुमार गौतम, कानूनगो कुलदीप उत्तम वा ज्ञानेंद्र कुमार व सचान, पवन, कमल, स्टोनो शैलेंद्र कुमार, कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार राव सहित अन्य सभी शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं विद्युत विभाग व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## जनता दर्शन में ग्रामीणों ने बताई समस्याएं

**फतेहपुर।** बहुआ ब्लाक के बवांरा ग्राम पंचायत में शासन की मंशा पर ग्रामवासियों की समस्याओं को लेकर शनिवार को ग्राम जनता दर्शन का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान रूपरानी सिंह चौहान, सचिव देवेंद्र सिंह, रोजगार सेवक चंद्रहास सिंह, पंचायत सहायक महिमा दीक्षित की मौजूदगी में ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याएं रखकर समस्याओं से निजात की मांग की। सचिव देवेंद्र सिंह ने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीणों को ब्लॉक तक दौड़ न लगानी पड़े। उनकी समस्याएं ग्राम पंचायत में ही सुनकर तुरंत निस्तारित की जाए। समस्याओं के निदान के लिए शिकायतकर्ता को लिखित में ग्राम पंचायत में शिकायतें दर्ज करानी होंगी। तभी उनका परीक्षण करवाकर समस्याएं निस्तारित की जाएंगी। ग्राम प्रधान रूपरानी सिंह चौहान ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को इसी तरह से जनता दर्शन लगाकर जन समस्याओं की सुनवाई की जाएगी।

# ईटों चौकी प्रभारी पर नवयुवक को पकड़ जबरन शराब थोपने का आरोप

संवाददाता। उरई (जालौन)

**गोहन** थाना क्षेत्र की महत्वपूर्ण ईटों चौकी प्रभारी का एक नया कारनामा सामने आया है। जिनके द्वारा जुए के फड़ के करीब से गुजर रहे साईकिल सवार युवक को जबरन पकड़कर गाड़ी में बैठाने व थाने ले जाकर उस पर 50 लीटर कच्ची शराब थोपने की चर्चा क्षेत्र में आग की तरह फैल रही है। इतना ही नहीं बल्कि हंगामा कटने के बाद विधायक द्वारा प्रभारी की बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जोरों पर वायरल हो रहा है।

वही मामला संज्ञान में आते ही एसपी ने सीओ माधौगढ़ को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गोहन थाना के ईटों चौकी प्रभारी अशोक कुमार ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया। आरोप है कि सार्वजनिक स्थान पर लगे जुए के फड़ के पास से निकल रहे साइकिल सवार नवयुवक को चौकी प्रभारी ने

- विधायक व चौकी प्रभारी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर हो रहा वायरल

जबरदस्ती पकड़ कर गाड़ी में बैठा लिया। यह बात यही तक नहीं रही बल्कि थाने ले जाकर युवक पर 50 लीटर कच्ची शराब लगा दी। चौकी प्रभारी द्वारा किए गए कारनामे की चर्चा क्षेत्र में आग की तरह फैल गई।

वही शुक्रवार को नवादा में कम्बल वितरण कार्यक्रम में पकड़े गए युवक के माता पिता ने पहुंच कर मामले की शिकायत माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन से कहीं। पीड़ित की फरियाद सुनते ही विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन का पारा चढ़ गया। जब चौकी प्रभारी से मामले की जानकारी ली। पूंछे जाने पर चौकी प्रभारी ने बताया जुआ से पकड़ा गया था। जिसे मुचलके पर छोड़ दिया गया है।

## ग्राम विकास अधिकारी ने शेरगढ़ घाट पुल से लगायी यमुना में छलांग

**कुठौंद (जालौन)।** शनिवार की अपरान्ह 12 बजे के लगभग रामपुरा विकास खंड में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात उदय नारायण दोहरे ने अज्ञात कारणों के चलते थाना क्षेत्र के शेरगढ़ घाट पुल पर पहुंचकर यमुना नदी में छलांग लगा दी। चूंकि उस दौरान घना कोहरा होने की वजह से घटना के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं मिल पायी थी लेकिन वह यमुना पुल से बहते हुये लगभग दो किमी दूर ग्राम मड़ापुर तक पहुंचे तो वहां पहले से ही नदी में मछुआरों ने जैसे ही उदय नारायण दोहरे को पानी में बहते हुये देखा तो उन्हें नदी से बाहर निकाला तो वह अचेतावस्था में थे। इसके बाद उन्हेंने किसी तरह से उन्हें औरैया अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें कानपुर के लिये रैफर कर दिया था। समाचार लिखे जाने तक उनका कानपुर में उपचार चल रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद उनके परिजन भी अस्पताल में पहुंच गये थे।

# ग्राम प्रधान कुठौंद ने गांव में भ्रमण कर महिलाओं को ओढ़ाये कंबल

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)



**शनिवार** को ग्राम पंचायत कुठौंद के प्रधान नरेंद्र महंत, ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम बाजपेई के साथ कड़ाके की सर्दी में गांव में भ्रमण कर जरूरतमंद महिलाओं को कम्बल ओढ़ाकर उनसे उनका हालचाल लिया।

गौरतलब हो कि गांव में 125 कम्बलों का वितरण किया गया था इसके बाद राजस्व विभाग से केवल 10 कंबल ग्राम सभा कुठौंद को प्राप्त कराए गए उनका भी वितरण जरूरतमंदों को किया गया। सर्दी से बेहाल अनेकों जरूरतमंद ग्राम प्रधान नरेंद्र महंत के घर पहुंचे और कम्बल देने की गुहार लगायी तो ग्राम प्रधान ने अपनी ओर से 15 कम्बलों को खरीद कर अवशेष बचे वृद्धजनों में उनका वितरण करने के लिये गांव का भ्रमण कर बांटे। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों से अनुरोध भी किया कि वह सर्दी की व्यापकता को देखते हुये घर में रहकर अलाव तापे जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकले। ग्राम प्रधान नरेंद्र महंत की उदारमना कार्य की गांव के असहाय लोगों ने सराहना करते हुये कहा कि निश्चित रूप से ग्राम प्रधान को जिस उम्मीद के साथ उन्होंने जिताया था उस पर वह सौ फीसदी खरे उतर रहे हैं।

## निकाय चुनाव तक टैक्स निर्धारित प्रक्रिया को बंद कराने की मांग

**जालौन (उरई)।** नगर पालिका द्वारा मनमाने ढंग से लगाए गए हाउस टैक्स की प्रक्रिया को नगर निकाय के चुनावों तक रोक लगाए जाने के की मांग को लेकर समाजसेवी राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने नगर पालिका में नए सदन की प्रक्रिया पूर्ण तक टैक्स निर्धारण की प्रक्रिया को बंद करने की मांग की है। मुहल्ला फर्दनावीस निवासी समाजसेवी देवी दयाल वर्मा ने प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन को एक ज्ञापन भेजकर लिखा कि नगर पालिका द्वारा हाउस टैक्स बढ़ाने की प्रक्रिया नगर पालिका के सदन के पिछले कार्यकाल में शुरू हुई थी। जिसमें नगर पालिका द्वारा मनमाने ढंग से हाउस टैक्स बढ़ा दिया गया। ऐसे में टैक्स निर्धारण की प्रक्रिया जन सुनवाई द्वारा की जा रही है। अब जबकि नगर पालिका के पिछले सदन का कार्यकाल पूरा हो चुका है। ऐसे में जनसुनवाई किया जाना नियम विरूद्ध है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण पर दिए गए फैसले के बाद अगले तीन चार माह में चुनाव हो सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### मंत्री प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**फतेहपुर।** विकास खंड मलवा के शाहजहापुर गाँव मे दो दिवसीय रामलीला के दूसरे दिन शुक्रवार रात सूबे के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने गाँव के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओ को सम्मानित किया। उन्होंने यहाँ कहा की यह गाँव उत्तर प्रदेश मे सब्जी उत्पादन के लिए जाना जाता है।वह अपने विभाग से भी रोजगार के अवसर मुहैया करायेंगे। इस मौके पर जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल,ग्राम प्रधान प्रेमशंकर पासवान, पूर्व प्रधान महादेव उत्तम, दिनेश वर्मा, सुनील उत्तम रहे।

### ठंड से बचाव के लिए जलवाया अलाव

फतेहपुर। मलवा विकास खंड के हरदौलपुर ग्राम प्रधानपति शीलू सिंह द्वारा सार्वजिनक स्थानों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव जलवाया गया।चौडगरा कस्बा मे ओवरब्रिज नीचे नई मार्केट आदि कई स्थानों पर अपने प्रयास से अलाव का प्रबंध किया और कहा कि बजट न होने की दशा में भी मौसम के तेवर को देखते हुए अलाव का प्रबंध किया गया। इस बाबत ग्रामीणों द्वारा अन्य स्थान का चिह्नित किये जाने पर सभी स्थानों पर व्यक्तिगत स्तर पर सहयोग लेते हुए अलाव का प्रबंध किया जाएगा। अलाव जलने पर कस्बे मे यात्रियों और राहगिरो ने राहत की सास ली।

### ठंड से किशोरी की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के इमामगंज मुहल्ले में 13 वर्षीय किशोरी की ठंड लगने से हालत बिगड़ गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मृतका कक्षा आठ की छात्रा थी। जानकारी के अनुसार इमामगंज मुहल्ला निवासी सफी की पुत्री सदफ मुस्लिम इंटर कालेज में कक्षा आठ की छात्रा थी। बताते हैं कि ठंड लगने के कारण अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई और बेहोश हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों के बीच कोहराम मच गया।

### खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 12 जनवरी को

फतेहपुर। एक जनपद एक खेल योजना के अंतर्गत खेलों इंडिया सेंटर एथलेटिक्स खेल का संचालन स्पोर्ट्स स्टेडियम शांतीनगर में किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए क्रीड़ा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि एथलेक्टिस प्रशिक्षक जितेंद्र यादव द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण कैंप में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा व खेल उपकरण की उपलब्धता के साथ-साथ खिलाड़ियों को पेशेवर खिलाड़ी बनने की प्रतिब्धता के साथ प्रशिक्षक जितेंद्र यादव ने योजना तैयार किया है। उन्होने बताया कि खिलाड़ियों का चयन ट्रायल स्पोर्ट्स स्टेडियम शांतीनगर में 12 जनवरी को दोपहर दो बजे आयोजित किया जा रहा है। चयन ट्रायल में 18 वर्षसे कम आयु के बालक-बालिकाएं प्रतिभाग कर सकते हैं।

### खेत में बकरियां चराने के विवाद में मारपीट

**जालौन (उरई)।** खेत में बकरियां चराने को लेकर हुए विवाद में ग्रामीण के साथ गाली, गलौज व मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देते हुए की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनई परवई निवासी अहिवरन ने पुलिस को बताया कि वह खेत में बकरियों को चरा रहा था। बकरी चराने को लेकर परवई निवासी भूपेंद्र वहां आए और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। उसके चिल्लाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने उसे बचाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### बिजली विभाग के शिविर में पांच लोगों ने दर्ज करायी शिकायतें

**जालौन (उरई)।** तहसील परिसर में आयोजित किए गए बिजली विभाग के शिविर में 5 लोगों ने शिकायतें दर्ज कराई। जिनका त्वरित निस्तारण किया गया। बिजली विभाग के एसडीओ कौशलेंद्र सिंह के निर्देश पर बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं के तत्काल निस्तारण के लिए तहसील परिसर शिविर का आयोजन किया गया। टीजीटू नरेंद्र सोलंकी द्वारा समस्याओं को सुना गया। जिसमें गलत मीटर रीडिंग, बिजली बिलों में संशोधन, व मीटर से संबंधित 5 शिकायतें दर्ज की गई। समस्याओं को सुनकर समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी किया गया। जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट नजर आए।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम गुलरियापुर के समीप पैदल जा रहे 51 वर्षीय अधेड़ को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार गुलरियापुर गांव निवासी त्रिदेव प्रकाश शुक्ला का पुत्र कौशल कुमार शुक्ला शुक्रवार की देर शाम खेत से घर पैदल आ रहा था जब वह रोड पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन घायल को उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### तीन वांछित अपराधी गिरतार

**बरेली।** गंभीर मामलों में फरार चल रहे तीन वांछित अपराधियों को पुलिस ने आज गिरतार कर लिया और जेल भेजा। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव रहपुरा निवासी चंद्रसेन पुत्र थमन्ना, बसंत विहार निवासी बृजेश शर्मा पुत्र गंगा प्रसाद, धनेटा फाटक निवासी तेजपाल पुत्र गोपी चंद्र को पुलिस ने आज गिरतार कर जेल भेज दिया पुलिस के अनुसार गिरतार किए गए तीनों वांछित अपराधियों पर पास्को एक्ट व एनडीपीएस एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज थे और वो लंबे समय से फरार चल रहे थे पुलिस ने आज तीनों को गिरतार कर जेल भेजा।

### अपहरण व रेप का आरोपी गया जेल

**बरेली ।** एक युवती का अपहरण करने के बाद 11 साल तक बंधक बनाकर रखने और धर्म परिवर्तन कर निकाह करने के आरोपी को पुलिस ने गिरतार कर जेल भेजा। कैंट थाना क्षेत्र के मसीत गंज गोटिया मोहनपुर निवासी सादिक पुत्र जाकिर हुसैन उर्फभूरा को पुलिस ने आज गिरतार कर जेल भेजा उस पर बदायूं की रहने वाली एक युवती ने 11 वर्ष पूर्व बहला फुसला कर अपहरण करने और घर में बंधक बनाकर धर्म परिवर्तन कराने के बाद निकाह करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था तब पुलिस ने आरोपी को गिरतार कर लिया और आज जेल भेजा।

### तमंचा-कारतूस के साथ 2 गिरफ्तार

**फतेहपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत शनिवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने तमंचा-कारतूस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा दिया।

## एंबुलेंस स्टाफ ने बीच रास्ते में कराया महिला का प्रसव

**कोंच (जालौन)।** एक गर्भवती महिला को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाते समय बीच रास्ते में ही लेबर पेन शुरू हो गए। महिला को जब सीएचसी तक ले जाना मुश्किल दिखने लगा तो एंबुलेंस स्टाफने बीच रास्ते में गाड़ी रोक कर किसी तरह महिला के पति की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया। जानकारी के मुताबिक नदीगांव ब्लॉक के ग्राम गंगधरा निवासी अरविंद कुशवाहा की पत्नी अनीता गर्भवती थी और शनिवार को उसे डिलीवरी होनी थी। अरविंद ने 108 पर कॉल कर एंबुलेंस बुला ली और अनीता को लेकर एंबुलेंस कोंच सीएचसी के लिए चल दी। अभी एंबुलेंस थोड़ी ही दूर निकल पाई थी कि अनीता को लेबर पेन शुरू हो गए। जब दर्द असहनीय हो गया तो ईएमटी कमल किशोर ने पायलट आफ़ाब आलम ने गांव विरौरा के पास गाड़ी रोक दी। अरविंद की मदद से ईएमटी ने अनीता का सुरक्षित प्रसव कराया। अनीता ने एक सुंदर से बेटे को जन्म दिया।

# भगवत पटेल के उप शिक्षा निदेशक बनने पर दी शुभकामनाएं

संवाददाता। उरई (जालौन)

**भगवत** पटेल के उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक बनने पर जनपद में हर्ष पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद जालौन भगवत पटेल को पदोन्नति उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक पद के पद पर के जाने पर जनपद जालौन के शिक्षा विभाग एवं समाजसेवियों ने ढेर सारी बधाइयां एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उल्लेखनीय हो कि भगवत पटेल का कार्यकाल जालौन जनपद में प्रिंसिपल जीआईसी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डाइट प्राचार्य के साथ आपने जिला कार्यक्रम अधिकारी के रूप में 10 वर्ष की सेवाएं जनपद जालौन में दी। इन 10 वर्षों में आपने कुशल



नेतृत्व के साथ प्रशासनिक कार्यकाल बहुत ही महत्वपूर्ण रहा।

आपने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत सारे नवाचार जैसे कौन बनेगा नन्हा कलाम, किशोरी शिक्षा समाधान योजना, जालौन कैरियर प्रोग्राम, पुरातन छात्र परिषद जैसे नवाचार करके जनपद जालौन को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर बहुत सारे पुरस्कार दिलवाया और इसमें उनका हर कदम पर समाज के लोगों के साथ दिया। भारत विकास परिषद की टीम ने जालौन कैरियर प्रोग्राम को अपने पुरी लगन से चलाया जिसे प्रदेश स्तर पर अभ्युदय कोचिंग के रूप में प्रदेश स्तर पर लागू किया गया। आपको इं. अजय इटोरिया, रामराजा निरंजन, नितिन मित्तल, रमाकांत दुबे, शरद शर्मा, डा. सीपी गुप्ता आदि ने बढ़-चढ़कर साथ दिया।

हम सब लोगों को जो नेतृत्व प्रदान किया। जनपद को आगे बढ़ाया जिनके जाने के बाद जनपद में लगभग नवाचार धीमे से हो रहे हैं लेकिन प्रदेश सरकार ने उनको जो प्रदेश स्तर पर बहुत ही जिम्मेदारी का दायित्व दिया जिससे कि पूरे उत्तर प्रदेश लाभान्वित होगा हम लोग गौरव का अनुभव करते हुए उनको ढेर सारी बधाइयां देते हैं। उनके अनुभव से माध्यमिक शिक्षा में गुणवत्ता आयेगी।

# वारंटियों की गिरफ्तारी पर भड़के विधायक



**मोहम्मदी-खीरी।** प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम रेहरिया चौकी इंचार्ज पवन सिंह ने वन विभाग के दो वारंटियों को गिरफ्तार कर कोतवाली लाए। उसके उपरांत लिखा पढ़ी करने के बाद न्यायालय में पेश किया। जानकारी होने पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह संगठन के पदाधिकारियों के साथ कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने चौकी इंचार्ज की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की। उसके उपरांत पुलिस अधीक्षक से फोन से वार्ता करने के बाद तथा अधीक्षक के आश्वासन के बाद कोतवाली से वापस आए। शिवपुरी के शिवम सिंह और विकेश सिंह पर वन अपराध मे वारट चल रहे थे,दोनो को रेहरिया चौकी ने गिरफ्तार किया था,विधायक के कोतवाली पहुचने की खबर से भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंचने लगे। इसमें प्रमुख रूप से चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता मनोज गुप्ता आशीष त्रिवेदी, राजपाल सिंह सारिते बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। विधायक लोकेंद्र सिंह का कहना है कि आरोपियों से अवैध वसूली और गिरफ्तारी की बात सामने आई थी।

# भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष का पिस्टल के साथ रील बनाते वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

- पुलिस मामले की जांच में जुटी

**उरई (जालौन)।** यूपी में हथियारों के प्रदर्शन पर रोक है, लेकिन इसके बावजूद भी सत्ता में बैठे लोग हथियारों का जमकर प्रदर्शन करने में लगे हुए हैं। साथ ही लोगों में दहशत फैलाने के लिए हथियारों के साथ रील भी बना रहे हैं।

ऐसा ही मामला उरई कोतवाली क्षेत्र से सामने आया है। जहां पर भाजपा युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष पिस्टल के साथ रील बनाकर 2 लोगों को गोली मारकर जालौन का विकास दुबे बनने का प्रयास कर रहे है। साथ ही गैंग बनाकर लोगों में दहशत फैलाने का प्रयास में है। सोशल मीडिया में भाजपा युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है, और भाजपा नगर उपाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई में जुट गई है। सोशल मीडिया पर रील बनाकर जिन दो युवकों को गोली मार रहे युवक का वीडियो वायरल हो रहा है। उसका नाम सागर ठाकुर बताया जा रहा है। जो सिरसा कलार क्षेत्र के ग्राम दमरास का रहने वाला है। जो वर्तमान में उरई कोतवाली क्षेत्र के राजेंद्र नगर में रह रहा है, और वह भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का नगर उपाध्यक्ष है। जिसके द्वारा खुद ही सोशल मीडिया पर कई वीडियो अपलोड किए गए हैं। जिसमें उसके द्वारा लोगों में अपनी हनक दिखाने का प्रयास किया गया है। उसके सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो 26 सेकंड का अपलोड है। जिसमें वह जालौन के विकास दुबे बनने का प्रयास कर रहा है। इस वायरल वीडियो में सागर ठाकुर द्वारा दो युवकों को पिस्टल से गोली मारी जाती है, साथ ही वह बुलेट पर बैठ कर अपने साथियों के साथ गैंग बनाकर अपनी हनक दिखा रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आई है, साथ ही सागर ठाकुर के खिलाफ कार्रवाई करने में जुट गई है।

## खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

**फतेहपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त व जिलाधिकारी के आदेश के क्रम एवं सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के निर्देशन में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में खाद्य सचल दल ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण व छापेमारी कर पचास सर्विलांस नमूने संग्रहित किये। जिनमें 20 नमूनें मिश्रित दूध, 20 नमूनें खोया एवं 10 नमूने पनीर के संग्रहित किये। संग्रहित सर्विलांस नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित कर दिया गया। यदि जाँच रिपोर्ट में खाद्य पदार्थ मानक के अनुरूप नहीं पाये गये तो संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। अभियान के दौरान सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय देवेन्द्र पाल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सीएल यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामबाबू, रविशेखर कुशवाहा, अरविन्द कुमार सिंह एवं महेन्द्र कुमार यादव मौजूद रहे।

# स्वरोजगार निखारने के लिये गहोई महिला मंडल का मेला मील का पत्थर साबित होगा

संवाददाता। उरई (जालौन)

**शनिवार** को गहोई महिला मंडल उरई द्वारा महिलाओं के उत्थान हेतु, स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए गहोई महिला मेला का आयोजन गहोई धर्मशाला में किया गया गहोई महिला मेला के आयोजन पर गहोई महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सुविधा इटोरिया, मंत्री अलका कठिल, कोषाध्यक्ष सुधा रखोलिया ने संयुक्त रूप से बताया विगत 7 वर्षो से गहोई महिला मेला का आयोजन कर रही है।

इस आयोजन में नगर की महिलाओं द्वारा स्वरोजगार निखारने के लिए जन जन तक महिलाओं की सामग्री पहुँचाने के लिए इस महिला मेला का आयोजन किया जा रहा है जिससे उनके द्वारा बनाए जा रहे सामान को लोगों तक पहुंचाया जा सके जिससे उनके रोजगार में बढ़ोतरी की जा सके। महिलाओं को स्वलंबी बनाने में इस तरह के मेले का आयोजन मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। गहोई महिला मेला में महिलाओं द्वारा केक पेस्ट्री खांडवी भेलपुरी, चाट, वेज, बिरयानी, पाव भाजी आदि स्वादिष्ट सामग्री के स्टाल लगाए गए थे साथ ही महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे भगवान की पोशाक, अगरबत्ती, तेल वूलन कुर्ती, साड़ी आर्टिफिशियल ज्वेलरी, टप्परवेयर का सामान, बेडशीट चिकन सूट, कुर्ती साड़ी, स्वेटर, ब्लाउज एवं स्वदेशी सामान जनरल कॉस्मेटिक आदि की स्टॉल लगाये गए मेला का उद्घाटन रुचि सरावगी मेडिकल ऑफिसर द्वारा किया गया गहोई महिला मेला की संरक्षक मालती मिसुरहा उषा खैरा बंदना पहारिः या शशि सजरिया ,मंजुला रेजा मंजुला लोहिया, दक्षा नौगरया, रजनी निगोतिया, नीलम कंथरिया, सीमा सोनी, अर्चना लहारया, लक्ष्मी दोहरया, अनुपमा तरसौलिया, किरण कनकने, रजनी कुरेले, सुमन सोनी, अंजलि रावत पूनम कुरेले, अनीता दहोरया, उषा सेठ ने गहोई महिला मेला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## एडीएम के संपूर्ण समाधान दिवस 22 शिकायतें दर्ज

**उरई (जालौन)।** अपर जिलाधिकारी पूनम निगम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान तहसील दिवस का आयोजन तहसील सभागार माधौगढ़ में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस में 22 शिकायतें दर्ज की गई जिसमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। कदमपुरा निवासी रामकिशुन ने दरवाजे के सामने दबंगो के अतिक्रमण की शिकायत की केशव सिंह निवासी नुनायचा ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि हमारी आरा जी में दो तालाबों की खुदाई का पैसा निकाल लिया गया है प्रयाग नारायण निवासी झिझौना ने लेखपाल पर गलत दाखिल खारिज करने का आरोप लगाया, ग्या सिंह निवासी भगवानपुरा ने आराजी पर दबंगो द्वारा कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई, रामपुरा जागीर निवासी रमेश ने किसान सम्मान निधि दिलाते जाने की गुहार लगाई अपर जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण समय सीमा में गुणवत्ता परक करना सुनिश्चित करें लापरवाही अक्षम्य होगी।


## अपच हुआ वृतांत

भगवा सरकार के स्वतंत्र प्रभार वाले एक राज्यमंत्री इस बार जब से दिल्ली से वापस लौटे हैं उनकी चाल-ढाल ही बदल गई है। पहले से कहीं ज्यादा उत्साहित और आत्मविश्वास से लबरेज नजर आ रहे हैं। पेठे के लिए मशहूर शहर से ताल्लुक रखने का प्रभाव उनकी वाणी में पहले से नजर आता था मगर अब तो और मिठास भरी बातें करने लगे हैं। उनके नजदीकियों का कहना है कि यह सब दिल्ली में पीएम मोदी से हुई उनकी भेंट का प्रभाव है। जब से लौटे हैं हर वक्त उन्हीं का गुणगान करते रहते हैं। चाहे कोई भी कार्यक्रम हो, विभागीय बैठक हो या फिर निजी तौर पर कोई उनसे मिलने पहंचे, सभी को वह विस्तार पूर्वक पीएम मोदी से अपनी मुलाकात का वृतांत सुनाने में जुट जाते हैं। वह यह कतई बताने से नहीं चूकते कि कैसे अपने महकमे लिए किए गए कार्यों की पीएम ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। किस प्रकार सींखचों के पीछे रहने वाले कैदियों के तैयार किए गए अतुलनीय प्रोडक्ट उन्होंने पीएम को उपहार स्वरूप भेंट किए और उन्होंने कैदियों के हुनर को सराहा। शुरूआत में तो उनका यह यात्रा वृतांत सभी को बहुत मनभावन लगता था लेकिन अब बारंबार उसे दोहराने की राज्यमंत्री की प्रवृत्ति के कारण अब उनकी मिठास भरी बातें भी लोगों ऊबाने लगी हैं। यही वजह है कि अधिकारी अब उनसे मुलाकात करने में भी हिचकिचाने लगे है। इतना ही नहीं अधिकारी राज्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली विभागीय बैठकों में भी जाने से बचने का उपक्रम ढूंढ़ते नजर आते हैं।



## चौकन्ने चीफ साहब

आजकल सत्ता के गलियारे में चीफ साहब के दौरे को लेकर काफी चर्चा हो रही है क्योंकि अभी कुछ ही दिन बाद खिचड़ी का त्यौहार आने वाला है और चीफ साहब महाराज जी के गृह जनपद में जाकर खिचड़ी मेले की तैयारियों को देखकर आए हैं। आमतौर पर इस प्रकार के आयोजन को लेकर अभी तक महाराज जी के गृह जनपद के जिलाधिकारी ही तैयारियों की समीक्षा करते आए हैं। अमूमन ऐसा कम ही होता है जब कोई चीफ सेक्रेटरी इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिले का दौरा करे लेकिन जब से चीफ साहब को सेवा विस्तार मिला है उन्होंने अपनी भक्ति भावना को कम नहीं होने दिया है। इसलिए उनके द्वारा अभी बीते दिनों सीएम के गृह जनपद का जो दौरा किया उसको लेकर तमाम तरह की बातें हो रही हैं। यह भी कहा जा रहा है कि चीफ साहब इस त्यौहार पर महाराज के गृह जनपद के मंदिर जाकर पूजा अर्चना भी कर सकते हैं। दरअसल जब से चीफ साहब को दोबारा सेवा विस्तार मिला है तब से उन्होंने अपनी सक्रियता को और बढ़ा दिया है। चाहे लखनऊ की योजनाओं की समीक्षा करनी हो या फिर महाराज जी के गृह जनपद का मामला। चीफ साहब हर मसले पर पूरी सक्रियता और गंभीरता के साथ अपनी नजर बनाए हुए हैं ताकि कहीं कोई कमी न होने पाए।




## मौज ही मौज

बनारस में एक कहावत काफी प्रचलित है। एक बनारसी बनारस, दो बनारसी मौज, तीन बनारसी कम्पनी, चार बनारसी फौज। राजधानी के दो शिक्षण संस्थानों की शिक्षण व्यवस्था आजकल इन्हीं बनारसी लोगों के हाथ में है। अब जहां दो बनारसी हों तो समझिए मौज ही मौज है। वैसे लोगों का ऐसा विश्वास है कि बनारस में मरने पर मोक्ष मिलता है। लेकिन गुरु बनारस मरना नहीं जीना सिखाता है। इसीलिए कलम भी आजकल ज़िंदगी के मजे ले रही है। रामचरित मानस की अत्यंत लोकप्रिय चौपाई मूदहुं आंख कतहुं कुछ नाहीं की तर्ज पर चलिए तो समझने के लिए काफी है बताने की जरूरत नहीं है। सब कुछ आल इज वेल है। एक जगह से जब से पाठक के किस्से आने लगे हैं वहां पर अपने को साफ पाक दिखाने के लिए कलम का सहारा लिया जा रहा है। वैसे कलम तो हर जगह साध ली जाती है। कलम न केवल साधने के लिए है बल्कि राय भी अच्छी देती है। एक भूतकाल के अधिकारी ने जैसे ही राजदरबार में शिकायत की अर्जी दी। वैसे ही वहां से जवाब मांग लिया गया। जब यहां के बनारसी साहब ने राजदरबार को जवाब भेजा तो वो जवाब भी वायरल कर दिया गया। मतलब पत्राचार राजदरबार और बनारस वाले साहब के बीच होना था पर पत्राचार की प्रति कलम के धनी लोगों के पास भी चली गई। इसके पीछे भी कलम का ही हाथ था। फिलहाल आजकल मौज ही मौज है।

## सोचते सोचते

किसी भी समूह में सरदार का बड़ा रोल होता है। समूह के संचालन में सरदार की मुख्य भूमिका होती है। कुल मिलाकर वह जिम्मेदारियों से लबरेज होता है। प्रदेश की भगवा सरकार में भी एक सरदार हैं। इनके पास राजयोग है। गाड़ी, घोड़ा, शान, शौकत सब कुछ है। बस नहीं है तो केवल जिम्मेदारी। ऐसी स्थिति में अब वह केवल बैठकर सोचा करते हैं। पिछली भगवा सरकार में भी यह सरदार जी मंत्रिमंडल में रहकर राजयोग का सुख भोग रहे थे। इन्हें महत्वपूर्ण विभाग भी दिया गया था लेकिन जिम्मेदारी से पूर्णता मुक्त रखा गया था। पिछली भगवा सरकार में इन्हें जल को खेतों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मिली थी। अब दूसरी बार भगवा सरकार में उन खेतों को देखने की जिम्मेदारी मिली है जिसमें उन्होंने पिछली सरकार में जल भेजा था। अब सरदार जी बहुत परेशान है। उनकी समझ में नहीं आ रहा कि पिछली बार उन्होंने जल की शक्ति किस खेत में भेजी थी। यही बात सोचने के लिए वह सुबह अपने घर से निकलते हैं और कार्यालय आते हैं और फिर शाम को घर वापस चले जाते हैं। यह कार्य उनका बीते लगभग 6 सालों से चल रहा है। पिछली सरकार में सोचते रहे कि जल की शक्ति किस खेत में डाली जाए। अब इस सरकार में सोच रहे हैं कि उन्होंने किस खेत में जल की शक्ति डाली थी।



# सौ दिवसीय वैश्विक नगर अभियान की राज्यव्यापी शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### नगरीय व्यवस्था को वैश्विक स्टैंडर्ड का बनाने की कवायद



**प्रदेश** के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने नगरीय व्यवस्था को वैश्विक स्टैंडर्ड का बनाने के लिए सभी 762 नगरीय निकायों में बेहतर साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, सुन्दरीकरण आदि में सुधार आदि के लिए 100 दिवसीय उप्र वैश्विक नगर अभियान की राज्यव्यापी शुरूआत की। इस दौरान प्रदेश के सभी जिलों में नगरीय सुविधाओं को बढ़ाने और शहरों को सुन्दर बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जायेगा। इस अभियान के संबंध में सभी मण्डलायुक्त, जिलाधिकारियों, नगर आयुक्तों एवं अधिशासी अधिकारियों को कार्यों के संबंध में निर्देशित करते हुए शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

नगर विकास मंत्री ने शनिवार को जल निगम के ट्राजिट हास्टल संगम में अभियान की शुरूआत करते हुए सभी निकाय एवं डूडा के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में 6 से 7 महीनों में साफ-सफाई और कूड़ा निस्तारण को लेकर काफी अच्छा प्रयास हुआ है। इसे अभी और अच्छा बनाना है जिससे कि प्रदेश की शहरी व्यवस्था और यहां की जीवन शैली वैश्विक स्तर की हो सके, इसके लिए सभी निकाय स्वानत: सुखाय की भावना से कार्य करें और कुछ ऐसा इस अवधि में करें जो कि हमेशा के लिए एक पहचान बन जाये। बहुत दिनों से कोई अधूरे पड़े कार्य को भी पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को जिम्मेदारी दें, जो कार्यों के प्रति लापरवाही बरते उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही भी करें। सभी निकाय अधिकारियों को इस समय सबसे अच्छा प्रदर्शन करना है जो अभी तक नहीं किया गया उसे करना है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेटर्स समिट का आयोजन और जी 20 की बैठकें होनी वाली है जिसमें देश विदेश के राष्ट्राध्यक्ष, राजनायिक, शासक, प्रशासक, उद्योगपति एवं अन्य व्यक्ति हजारों की संख्या में प्रतिभाग करेंगें। इसके लिए जरूरी है कि हम अपने छोटे बड़े 762 निकायों में नियमित सफाई की बेहतर व्यवस्था करें। खाने पीने के रेस्टोरेन्ट, होटलों, ढॉबों की साफ-सफाई और वहां से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण उचित ढंग से किया जायेगा।

नगर विकास मंत्री ने कहा कि 14 से 24 जनवरी 2023 तक स्वच्छ विरासत अभियान के तहत सभी पर्यटक, ऐतिहासिक स्थलों एवं स्मारकों तथा धार्मिक स्थलों में साफ-सफाई व स्वच्छता लोगों की भागीदारी कराते हुए की जायेगी। 1 फरवरी से 31 मार्च तक प्रदेश के सभी निकायों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और सेग्रीग्रेशन कराने के लिए अभियान चलाया जायेगा। इसमें मोहल्ला समितियों का सहयोग लेकर लोगों को जागरूक भी किया जायेगा। जनवरी से मार्च तक सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकथाम के लिए आरम्भ अभियान चलाया जायेगा। साथ ही 21 जनवरी को जी20 सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा।

# डाकघरों में भी आरम्भ हुई ईसीएस क्रेडिट सुविधा

- बैंक व पोस्ट ऑफिस के बीच लेनदेन हुआ और भी आसान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** सरकार ने डाकघर के बचत खाताधारकों के लिए भी इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस ईसीएस आउटवर्ड क्रेडिट की सुविधा आरम्भ कर दी है। इससे किसी भी डाकघर में स्थित खाते को बंद करने से प्राप्त भुगतान से प्राप्त राशि खाताधारक के बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर हो सकेगी। इस सेवा का आरंभ होने से डाकघर बचत योजनाओं में जमा राशि के भुगतान के लिए अब चेक नहीं जारी किये जाएंगे।

इस सेवा का लाभ लेने के लिए भुगतान प्राप्ति के समय ग्राहकों को निकासी पर्ची के साथ कैंसल चेक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति काउंटर पर पर देना होगा। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग डिजिटल बैंकिंग के लिए अनवरत प्रयासरत है तथा डाकघर के खाताधारको के हितों का ध्यान रखते हुए नित नई सेवाओं को भारत सरकार द्वारा लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में ईसीएस सेवा डिजिटल बैंकिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यादव ने बताया कि वित्तीय समावेशन और अंत्योदय में डाकघरों की अहम भूमिका है। डाक विभाग समाज के अंतिम व्यक्ति तक आधुनिक बैंकिग सेवाएं पहुंचा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी अधिकांश लोगों के खाते डाकघरों में खुले हुए हैं। ऐसे में भारत सरकार द्वारा पोस्ट ऑफिस में भी इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस आउटवर्ड क्रेडिट की सुविधा आरंभ होने से लोगों को काफी सहूलियत होगी।

# डबल इंजन सरकार खेलों को दे रही है प्रोत्साहन: केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार खेलों को प्रोत्साहित कर रही है और बढ़ावा दे रही है। देश व प्रदेश में युवा पीढ़ी की प्रतिभा को निखारने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है और सभी स्तर के सभी तरह के खेलों के खिलाड़ियों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जा रहा है । उन्होंने कहा खेलों से शारीरिक विकास तो होता ही है एमानसिक विकास भी होता है और खेलों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना बलवती होने से आपसी सामंजस्य भी मजबूत होता है।

उन्होंने कहा की प्रतिभाओं को निखारने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है और सरकार इसके लिए सतत प्रयत्नशील है। श्री केशव प्रसाद मौर्य ने यह बात शनिवार को ला मार्टिनियर ग्राउंड लखनऊ में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का परिचय लेते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा टूर्नामेंट के आयोजकों को बधाई दी और कहा कि फुटबॉल बहुत ही लोकप्रिय खेल है भारत में इसको बढ़ावा देने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा की प्रदेश में गांव से लेकर शहरों तक खेल प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए बड़ी संख्या में गांव में खेल के मैदान विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में खेल के क्षेत्र में बहुत ही उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं।

# यूपी के लिए बैंकों ने खोला अपना खजाना

### सभी शेड्यूलिंग बैंक यूपी में लगने वाले उद्योगों को लोन देने को तैयार

- निवेशकों की आर्थिक मदद के साथ यूपी सरकार से सहभागिता की भी जताई इच्छा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते साढ़े 5 वर्ष में प्रदेश की जो छवि बदली है उसने देश दुनिया के बड़े निवेशकों के साथ साथ सभी सरकारी प्राइवेट शेड्यूलिंग बैंकों का नजरिया बदल दिया है। यूपी में इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए आमूलचूल बदलाव के साथ ही लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति में हुए सुधार के चलते देश के सभी बैंक यूपी में प्रोजेक्ट के लिए अपना खजाना खोलने को तैयार हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में उद्यम लगा रहे व्यापारिक समुदाय को लोन देने पर सहमति दे दी है। साथ ही वह यूपी सरकार के साथ जुड़कर तमाम प्रोजेक्ट में सहभागिता भी करने को उत्सुक हैं। उल्लेखनीय है कि 2017 से पहले यूपी के हालात इस कदर दयनीय थे कि बैंक यूपी के नाम पर लोगों का फोन तक नहीं उठाते थे। खराब क्रेडिट के चलते बैंक भी रिस्पांस नहीं देते थे। हालांकि अब परिस्थिति बदल चुकी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए बड़े औद्योगिक समूहों को आमंत्रित करने व रोड शो करने के लिए 5 जनवरी को मुंबई पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के बड़े बैंकर्स के साथ मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान न सिर्फ बैंकर्स ने यूपी में लगने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए आर्थिक मदद के लिए सहमति प्रदान की थी बल्कि प्रदेश में हुए सुधार की खुले मन से तारीफ भी की थी।

सीएम योगी ने मुंबई में कोटक महिंद्रा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, बैंक ऑफ बड़ौदा, एसबीआई, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, यस बैंक, आईडीबीआई, एग्जिम बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के साथ ही सिडबी, नाबार्ड, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट इक्विटी एडवाइजर्स जैसे फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस के प्रमुखों से मुलाकात की थी। ये वही बैंक हैं जो 5 साल पहले यूपी के किसी प्रोजेक्ट के लिए लोन देने को तैयार नहीं होते थे लेकिन सीएम योगी के सत्ता संभालने के बाद प्रदेश में जो बदलाव आया है उसने इन बैंकर्स की सोच बदल दी है। ये बैंकर्स भी अब उत्तर प्रदेश को निवेश का सबसे बेहतरीन गंतव्य मान रहे हैं। यूपी में पैसा डूबने का उनका डर अब खत्म हो चुका है। बल्कि वो अब उत्तर प्रदेश में होने वाले बड़े निवेश को अवसर मान रहे हैं। उन्हें इस निवेश के माध्यम से बड़ी बिजनेस डील की भी उम्मीद है। बैंकर्स के व्यवहार में आए इस बदलाव को उत्तर प्रदेश के बदले परिवेश, बदले माहौल, सुरक्षा और सुशासन की उदघोषणा के तौर पर देखा जा सकता है।

### प्रदेश के विकास से उत्साहित हैं बैंकर्स

**देश** के बड़े बैंकर्स प्रदेश के विकास के साथ साथ योगी सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों से भी प्रभावित हैं। प्रदेश सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश को आकर्षित करने के लिए जो नीतियां बनाई गई हैं, बैंकर्स को भरोसा है कि उससे न सिर्फ प्रदेश को लाभ होगा बल्कि बैंकों के लिए भी यह एक अवसर होगा। कोटक महिंद्रा बैंक के सीईओ उदय कोटक के अनुसार सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में जो स्टेबिलिटी आई है उससे निवेशकों के साथ साथ बैंकर्स का भी भरोसा व विश्वास मजबूत हुआ है। इकॉनमिक डेवलपमेंट के लिए प्रोग्रेसिव पॉलिसीज, लाखों एमएसएमई, इन्फ्रास्ट्रक्च सेक्टर डेवलपमेंटए स्टार्टअप इकोकल्चर ने हमारे लिए नए द्वार खोल दिए हैं। इसी तरह एसबीआई के सीएमडी दिनेश कुमार खारा के अनुसार प्रदेश में सेफ्टी और सिक्योरिटी में जो बदलाव आया है उसने यूपी के प्रति हम सभी का नजरिया बदला है। रोड और बिजली जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रमुख तत्वों में सुधार बेहद सराहनीय है। ये किसी भी इंडस्ट्री को सेटअप करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण तत्व हैं। सिडबी के चेयरमैन और एमडी शिव सुब्रमण्यम रमण के अनुसार सिडबी उत्तर प्रदेश सरकार के साथ कई क्षेत्रों में मिलकर काम कर रही है।

# पहले की तीन इन्वेस्टर्स समिट में कितना धन खर्च हुआ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने राज्य सरकार से सवाल किया है कि वह बताए कि पिछले 5 सालों में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले जो तीन इन्वेस्टर सम्मिट हुए थे, उस पर जनता की गाढ़ी कमाई का कितना पैसा खर्च हुआ। उन्होंने कहा कि जनता को बताया गया था कि उन तीन इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से लगभग 5 लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट आया। वह इन्वेस्टमेंट कहां लगा है और उन 5 लाख करोड़ के इन्वेस्टमेंट के बाद आज तक कितने नौजवानों को रोजगार मिला। दुबे शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बताया जा रहा है इस बार भी पांच लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट आने वाला है। उन्होंने कहा कि कहीं पूर्व की तरह यह भी जुमला तो नहीं निकलेगा। जब नौजवानों को रोजगार नहीं मिलेगा, इन्वेस्टमेंट से जनता को लाभ नहीं मिलेगा तो फिर इन्वेस्टर समिट सिर्फ चुनावी इवेंट ही साबित होगा और मंत्रियों के लिए विदेश भ्रमण का एक मौका बनकर रह जाएगा।

### भारत जोड़ो यात्रा को समर्थन देने वालों का जताया आभार

**कांग्रेस** नेता ने भारत जोड़ो यात्रा को अपना समर्थन व सहयोग देने वाले सभी वर्गों के लोगों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में चलने वाली तीन दिवसीय भारत जोड़ो यात्रा 5 जनवरी 2023 को उत्तर प्रदेश के जनपद शामली से होते हुए हरियाणा में प्रवेश कर गई। इस दौरान यात्रा में किसान, नौजवान, बच्चे, बूढ़े, महिलाए, फीस वृद्धि से परेशान छात्र, गलत जीएसटी की एवं नोटबंदी की मार से अपना उद्योग धंधा बंद कर चुके व्यापारी, एनजीओ, फिल्मी कलाकार, अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, समाज के अलग-अलग हिस्सों का प्रतिनिधित्व करने वाले शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी लोगों का कांग्रेस पार्टी ह्रदय से धन्यवाद करती है और आभार प्रकट करती है। दुबे ने कहा कि खास तौर से राष्ट्रीय लोकदल को कांग्रेस पार्टी ह्रदय से आभार प्रकट करती है। बिना किसी भय के राहुल गांधी की यात्रा को अपना भरपूर समर्थन प्रदान किया। फलस्वरूप पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट समुदायों से जुड़े नौजवानों और किसानों ने यात्रा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के संयोजक-प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि सरकार पिछले 5 साल से लगातार पूंजी निवेश के दावे कर रही है। सरकार श्वेत पत्र जारी करके बताए कि उत्तर प्रदेश में कितना पूंजी निवेश हुआ है और जो हाल ही में मंत्रियों के देश व विदेश दौरे हुए, उसमें कितना खर्च हुआ।

# विपक्ष को नहीं है इन्वेस्टर्स समिट की समझ: भूपेन्द्र

### चार बार रही सपा की सरकार लेकिन नहीं ला सके एक पैसे का भी इन्वेस्टमेंट

- सीएम योगी के नेतृत्व में बदले परिवेश में बना है सकारात्मक माहौल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष समेत विपक्ष के नेताओं को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की समझ ही नहीं है। उत्तर प्रदेश नए बदलाव की ओर बढ़ रहा है। यूपी में लाखों करोड़ का निवेश होने जा रहा है। युवाओं को रोजगार के अपार अवसर मिलने जा रहे हैं। योगी सरकार यूपी के वासियों की जिंदगी में खुशियां लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और विपक्ष को यही बात हजम नहीं हो रही है। विपक्ष नहीं चाहता कि उत्तर प्रदेश में निवेश हो। विदेशी निवेशक यहां आएं और बड़े पैमाने पर उद्यम लगाएं। वो यह समझ नहीं पा रहे कि जो काम इतने वर्षों में कोई नहीं कर सकता, वो सीएम योगी ने महज 5 वर्षों में कैसे कर दिखाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को समझना होगा कि अब यूपी की राजनीति बदल चुकी है। जनता उसके साथ है जो विकास की बात करेगा, रोजगार की बात करेगा। प्रदेश की प्रगति सीएम योगी की प्राथमिकता है और प्रदेश की जनता इस बात को भली भांति समझ चुकी है। प्रदेश भाजपा ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सिर्फ प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में बल्कि विदेशों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। विभिन्न देशों के उद्योगपति यूपी में अपना उद्योग शुरू करना चाहते हैं।

प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर में जो सुधार हुआ है उसे पूरी दुनिया रिकगनाइज कर रही है जबकि विपक्ष आंखें बंद किए हुए है। यह इन्वेस्टर सम्मिट पर टिप्पणियां कर रहे हैं, रोड शो पर टिप्पणियां कर रहे हैं, जबकि इन्हें इन्वेस्टर समिट की समझ तक नहीं है। इन्हें रोड शो और इन्वेस्टर्स समिट के बीच का अंतर ही नहीं पता है। श्री चौधरी ने समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में चार बार सपा की सरकार रही लेकिन यह प्रदेश में एक पैसे का इन्वेस्टमेंट नहीं ला पाए। इनकी सरकार में विदेशी तो छोड़िए देश के निवेशक भी यूपी के नाम से दूर भागते थे। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश के स्थानीय निवेशक भी दूसरे प्रदेशों में खुद को ज्यादा महफूज समझते थे। व्यापारी भ्रष्टाचार से पीड़ित था। सरकार से जुड़े गुंडे, अपराधी उनसे वसूली करते थे। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में बदलाव आया है। आज कोई गुंडा, अपराधी किसी व्यापारी को परेशान नहीं कर सकता। न वसूली हो सकती है और न छिनैती। गुंडे और अपराधियों को उनकी सही जगह पहुंचा दिया गया है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने आगे कहा कि सपा सरकार में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहे थे। जो नौकरियां मिल भी रही थीं उसमें परिवार के लोग ही डाका डालने का कार्य कर रहे थे।

# भाजपा शुरू से ही रही है सामाजिक न्याय की विरोधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लगातार पिछड़ों और दलितों को दिए जा रहे आरक्षण पर हमला कर कमजोर कर रही है। भाजपा शुरू से सामाजिक न्याय की विरोधी रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भर्तियों में आरक्षण की अनदेखी की गयी। कई विश्वविद्यालयों में पिछड़ों का हक मारा गया। पिछड़ों को मान-सम्मान और हक देने को लेकर भाजपा की नीयत कभी ठीक नहीं रही है। भाजपा आरक्षण के खिलाफ पिछले दरवाजे की राजनीति कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि देश में विदेशी विश्वविद्यालयों के कैम्पस खोलने की तैयारी हो रही है। इससे देश के छात्र-छात्राएं कितना लाभान्वित होंगे यह तो समय बताएगा किन्तु यह निश्चित है कि इनमें आरक्षण जैसी कोई व्यवस्था नहीं होगी। उन्होंने कहाकि भाजपा अपने



राजनीतिक उद्देश्य को पूरा करने के लिए पिछड़ों के साथ रहने का दिखावा कर रही है। भाजपा सत्ता पाने के बाद धोखा दे देती है। भाजपा के धोखे और छलावा को पिछड़े और दलित समझ चुके हैं। समय आने पर इस धोखे का जवाब देंगे। अखिलेश ने कहा कि देश और प्रदेश के विश्वविद्यालयों में जब आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा रहा है तो भला विदेशी विश्वविद्यालयों के कैम्पस में दलित, पिछड़े, आदिवासी अध्यापकों और विद्यार्थियों को क्या मान-सम्मान और स्थान मिलेगा अच्छा होता भारत के प्रतिष्ठित संस्थाओं के कैम्पस विदेशों में भी खोलने का प्रयास किया जाता। उत्तर प्रदेश में कोई एक नहीं कई उदाहरण है जब भाजपा की सरकार ने पिछड़ों का हक मारा है। पुलिस भर्ती में आरक्षण की गलत व्याख्या कर सैकड़ों नौजवानों को नौकरी से वंचित कर दिया।

# अब और अधिक सुरक्षा के साथ गंगा में आस्था की डुबकी लगा सकेंगे पर्यटक

- पूर्वांचल के पर्यटन को नई ऊंचाई देने के लिए काशी में रेत पर बस रहा तंबुओं का शहर

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी, लखनऊ



**योगी** सरकार नए साल में पूर्वांचल के पर्यटन को नई ऊंचाई देने के लिए काशी में गंगा के पूर्वी तट पर तंबुओं का शहर बसा रही है। इस टेंट सिटी के जरिए पर्यटक जहां काशी को नये ढंग से एक्सप्लोर करेंगे वहीं सरकार की मंशा है कि पर्यटक काशी की धार्मिक और अध्यात्मिकता को भी आत्मसात करें। सैलानियों के लिए यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाने का अवसर मिलेगा। इसके लिए सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। तंबुओं के शहर के साथ फ़्लोटिंग बाथ जेटी बनाई जा रही है जिससे पर्यटक गंगा में सुरक्षित तरीके से आस्था की डुबकी लगा सकें। 15 जनवरी से शुरू हो रही टेंट सिटी में वे सभी सुविधाएं होंगी जो एक लग्जीरियस होटल में होती है।

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया कि मकर संक्रांति से टेंट सिटी शुरू करना प्रस्तावित है। इसके लिए दो कार्यदाई संस्थाएं तेजी से काम रही हैं। पूरे टेंट सिटी में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। पर्यटन की नई पहचान बन रहे टेंट सिटी में फ्लोटिंग जेटी पर बाथ कुंड बनाया रहा है। तीर्थाटन करने वाले और अन्य पर्यटक गंगा में स्नान करना चाहते हैं। इसलिए उनको सुरक्षित डुबकी लगाने के लिए फ्लोटिंग बाथ कुंड बनाया जा रहा है। इसमे एक साथ 20 से 25 लोग स्नान कर सकते हैं। दो क्लस्टर में निर्माण कर रही टेंट सिटी प्रावेग कम्युनिकेशंस इंडिया लिमिटेड की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर प्रोलिना बराड़ा ने बताया की 20 गुण 20 फिट का फ्लोटिंग बाथ कुंड बनाया जा रहा है जो हर उम्र के लोगों को देखते हुए पूरी तरह सुरक्षित होगा। काशी में माँ गंगा में स्नान और बाबा विश्वनाथ का दर्शन सदियों से सनातनी परंपरा रही है। टेंट सिटी बसा रही दोनों ही कंपनियों ने अपने अपने पैकेज़ में काशी की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों से रबरु करने के साथ ही बनारसी खानपान भी परोसेगी। साथ ही टेंट सिटी में स्पा, गेमिंग जोन, योगा और हॉर्स राइडिंग आदि जैसी कई परंपरागत सुविधाएं आधुनिकता के साथ मिलेगी।

### एआरटीओ दफ्तर में जांच शिविर का आयोजन

# प्रशासन ने जांचा चालकों का स्वास्थ्य

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 04 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है।

शनिवार को तय कार्यक्रम के मुताबिक सड़क सुरक्षा माह के तीसरे दिन उप-सम्भागीय परिवहन कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चालक-परिचालकों के लिए स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के नेत्र परीक्षण अधिकारी साजिद खॉन, नेत्र परीक्षण अधिकारी मुकेश कुमार रस्तोगी एवं उनकी टीम द्वारा 100 से अधिक वाहन चालकों, परिवहन एवं प्रवर्तन दल के सभी कर्मचारियों, करीब 50 होमगार्डों, ड्राईविंग लाइसेस हेतु आये आवेदकों तथा कार्यालय कार्मिकों का नेत्र परीक्षण किया गया।

परिवहन विभाग एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नेत्र कैम्प में एआरटीओ प्रशासन, आलोक कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) पंकज, टीएसआई जेपी यादव ने प्रतिभाग किया। नेत्र परीक्षण कैम्प में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जागरूक करते हुए उपस्थित अधिकारियों ने जानकारी देकर जागरूक किया।



### एआरटीओ ने दिलाया सड़क सुरक्षा का संकल्प, किया जागरूक

**परिवहन** विभाग के प्रवर्तन दल के प्रमुख एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे ने जनपद के विभिन्न मार्गो पर संचालित वाहन चालकों को खराब मौसम (कोहरे) में वाहन संचालन को किस प्रकार संचालित किया जाय, से अवगत कराकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही वाहनों पर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी स्टीकर लगाये गये तथा जनमानस में पेम्फलेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित किए।

एआरटीओ आलोक सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने, अस्पताल पहुॅचाने वाले नेक व्यक्ति को मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार पुलिस पूछताछ से सुरक्षित रखा गया है जिससे सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता करने हेतु लोग निर्भय होकर आगे आ सकें। साथ ही घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर अस्पताल में तत्काल इलाज प्रारम्भ किया जायेगा तथा इलाज के लिए किसी भी खर्चे की मांग नही की जायेगी।

एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे ने कहा कि यदि वाहन स्वामी/चालक अपने वाहन से सम्बन्धित प्रपत्रों एवं ड्राईविंग लाइसेंस की हार्डकॉपी अपने पास नहीं रखना चाहता है और चालान से भी बचना चाहता है, तो इसका विकल्प मौजूद है। इसके लिए डिजि लॉकर या एम-परिवहन का प्रयोग कर सकते हैं। इन ऐप में रखे गये प्रपत्र की सॉफ्ट कापी चेकिंग के दौरान मान्य है।

सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) पंकज ने अवगत कराया कि शीतकाल में वाहन चालक अपने वाहनों को धीमी गति एवं सुरक्षित संचालन के साथ-साथ अपने वाहनों में फाग लाइट एवं रेडियम पट्टी का प्रयोग करें जिससे स्वयं एवं मार्ग पर संचालित अन्य वाहन/यात्रियों को असुविधा न हो। खास कर गन्ना ढुलाई में लगे वाहनों (ट्रैक्टर ट्रालियों) में क्षमता से अधिक भार न लादें तथा रेडियम पट्टी एवं फाग लाइट का प्रयोग करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन

**संवाददाता।** मोहम्मदी-खीरी



**तहसील** सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें पुलिस अधीक्षक सजीव सुमन मुख्य विकास अधिकारी सहित जिले के अन्य अधिकारी शामिल हुए। कड़ाके की ठंड को देखते हुए फरियादियों की संख्या बेहद कम रही। वहीं ठंड से बचाव के लिए तहसील सभागार में अलाव की व्यवस्था की गई। आज के संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 57 प्रार्थना पत्र आया जिसमें राजस्व की 27 पुलिस की 8 विकास कार्य की 11 पूर्ति विभाग की 5 प्रार्थना पत्र आये। 9 का मौके पर निस्तारण किया गया। वही दिलावरपुर में रिक्त हुई प्रधान की सीट को लेकर एक सदस्य को जिलाधिकारी द्वारा अध्यक्ष नियुक्त करने पर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया जिस पर जिलाधिकारी ने नियमानुसार कारवाई करने का आश्वासन दिया। सदस्यों की एक बैठक करने के निर्देश दिए। वही अधिवक्ताओं की समस्या को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं से की वार्ता गौशालाओं की देखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिये। बैठक में मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा विद्युत विभाग शुभम मौर्य नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पी.एन. दीक्षित सपना भारद्वाज सहित अनुविभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में जरूरतमन्द फरियादियों को डीएम ने बांटा कम्बल

**शनिवार** की सुबह सर्द मौसम में डीएम के संपूर्ण समाधान दिवस मोहम्मदी में जन सुनवाई में आने वाले निर्धन, असहाय व निराश्रित, दिव्याग कई फरियादियों को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सर्वप्रथम कम्बल ओढ़ाया फिर उनकी फरियाद को सुना। फरियादी को कम्बल भेंट कर समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियो को समयबद्धता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### धौरहरा में एडीएम की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**शनिवार** को तहसील धौरहरा में एडीएम (वि/रा) संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें एएसपी डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम धीरेंद्र सिंह, सीओ, सहित बड़ी संख्या में तहसील, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 43 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस धौरहरा में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र को पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धितअधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया।

# रचनात्मक और कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति आवश्यक : अनुराग

**अयोध्या।** अच्छे से मेहनत करोगे तो आगे बढ़ोगे। अच्छी नौकरी के लिए मेहनत करनी होती है। कोई भी सफलता छोटी नहीं होती और कुछ भी बिना मेहनत के नहीं मिलता। कुछ खोना पड़ता है। ताकत लगानी पड़ती है और प्लानिंग बनानी पड़ती है। यह बात सी.बी.एस.ई के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने कही। वह शनिवार को एस.एस.वी इण्टर कालेज में आयोजित वार्षिक समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हमेशा परिश्रम करते रहना पड़ेगा। यात्रा कभी समाप्त नहीं होती। जब व्यक्ति परिश्रम करता रहता है जो सफलताओं के आयाम बदलते रहते हैं। जब परिश्रम होता रहता है तो सफलताओं और श्रेणियों अंतर भी होता है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएससी के सचिव त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश के सामने एक स्वर्णिम भविष्य लेकर आ रही है। भारत के विद्यालय में दी जा रही शिक्षा ज्ञान देने वाली है लेकिन रचनात्मक और कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। बावजूद

**● एस.एस.वी. इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव**

इसके एक एक बच्चे को प्रशिक्षण के साथ-साथ उसका बौद्धिक मानसिक और शारीरिक ज्ञान बढ़ाते रहना होगा ` उन्होंने कहा कि जो शिक्षा विज्ञान संस्कृत का ज्ञान हमने प्राप्त किया अगर उसका उपयोग हम जीवन में नहीं कर रहे हैं तो वह व्यर्थ है। सीखे हुए ज्ञान का उपयोग हो न चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक ज्ञान का उद्देश्य भी मनुष्य के लिए आवश्यक होता है। जो रचनात्मकता को प्राप्त करता है वही सफलताओं की ऊंचाइयों का स्पर्श करता है। आइंस्टीन न्यूटन जैसे वैज्ञानिकों ने देश को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने कहा कि तीव्र कार्य करने कि यदि क्षमता किसी भी छात्र में है, समस्या का समाधान करने की क्षमता है, क्रिएटिविटी करने की रचना है, लीडरशिप और विनम्रता के साथ सामाजिकता है तो वह ऊंचाइयों पर अवश्य पहुंचेगा। अन्यथा अध्ययन करने वाला छात्र देश समाज राष्ट्र और परिवार के काम नहीं आएगा। छात्र को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी स्किल और क्षमता को आगे बढ़ाएं।

महावीर स्वामी और महात्मा बुध का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि देश दुनिया की तमाम समस्याओं का निस्तारण व स्वयं कर सकते थे। उन्होंने एडिशन का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि किस पृष्ठभूमि से हैं इसका फर्क नहीं पड़ता। बल्कि नैतिक और सामाजिक शोध सही रहती है तो सफलता अवश्य मिलती है। विशिष्ट अतिथि माद्यमिक शिक्षा के लेखाकार वीरेश वर्मा ने कहा कि शिक्षा मानवता की और उदारता की प्रेरणा देती है। सफल वही होता है जो मेहनत करता हैंद्य इसके पहले प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत अतिथि देवो भव के प्रेरणाप्रद वाक्य से किया। संचालन विवेकानन्द पाण्डेय ने किया।

अतिथियों के आगमन पर प्रबन्धक पुनीत मेहरोत्रा व प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने अतिथियो का स्वागत कियाद्य अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जयसराज वर्मा, पूर्व अध्यक्ष त्रियुग नारायण तिवारी, रमाकांत पाण्डेय व रामनेग गौतम व अन्य प्रधानाचार्य डॉ राम सुरेश मिश्र, डॉ राम कृष्ण मिश्र, डॉ अशोक मिश्रा, डॉ तारा सिंह, बसंत कुमार, रामजी राय गिरीश चंद वैश्य, रामप्रिया शरण सिंह, केके यादव का माल्यार्पण व बुके भेंटकर, बैज लगाकर स्वागत किया गया। ले उमाकान्त भारती के निर्देशन में एन.सी.सी. छात्रों ने गार्ड आफ आनर दिया तो स्काउट मास्टर कौशल पटेल के निर्देशन में स्काउट ने कलर पार्टी से अतिथियों का स्वागत किया।

# बजाज चीनी मिल गोला पर गन्ना किसानों का बकाया भुगतान को लेकर आंदोलन पांचवें दिन जारी



**● राष्ट्रीय किसान मजदूर यूनियन व भाकियू चढुनी के नेताओं ने सड़कों पर उतर कर भीख मांगी**

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**नगर** की बजाज चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों का पिछला बाकी व इस साल का बाकी गन्ना भुगतान को लेकर भाकियू चढुनी गुट व राष्ट्रीय किसान मजदूर यूनियन का पांचवें दिन संयुक्त रूप से आंदोलन जारी है। आज सड़कों पर उतर कर आंदोलन को नई धार दी गई।

भाकियू चढुनी गुट के प्रदेश महासचिव अमनदीप सिंह, जिलाध्यक्ष सरकार सिंह, राष्ट्रीय किसान मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार दीक्षित व दर्जनों किसानों ने भीख मांगी।

धरना प्रदर्शन करते हुए आंदोलन कारियों ने गोला चीनी मिल के मालिक व जिम्मेदार पदाधिकारियों को चेतावनी दी है कि अगर 14 तारीख तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 15 जनवरी को किसान पंचायत कर आरपार की लड़ाई लड़ेगा।

राष्ट्रीय किसान मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने अपने बयान में बगैर नाम लिए एक किसान यूनियन पर जमकर बरसते हुए कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए उन्होंने कहा कि यह किसानों का आंदोलन है इस आंदोलन को सफल बनाने में सभी किसानों व किसान यूनियनों का स्वागत है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**मैलानी खीरी।** संस्थान ऑडिटोरियम में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन लखनऊ से मैलानी निरीक्षण को पहुंचे मंडल रेल प्रबंधक ने फीता काटकर किया।

शिविर में मौजूद चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य शिविर में आए 425 मरीजों की निशुल्क जांच कर उनको दवाइयां भी मुहैया कराई गई। शिविर में ब्लड शुगर और बॉडी चेकअप के अलावे ब्लड प्रेशर,डायबिटीज,आंखों की जांचें सहित कई अन्य प्रकार की जांच की गई। मैलानी जंक्शन एवं मीटर गेज के रेल खंड पर निरीक्षण करने मैलानी जंक्शन पहुंचे डीआरएम आदित्य कुमार स्टेशन पर निरीक्षण कर स्वास्थ्य कैंप में पहुंचे और कैंप का उद्घाटन किया।

### भीषण ठंड से संरक्षित गोवंश को राहत पहुंचाने के लिए

# नोडल अफसरों ने की आश्रय स्थलों में व्यवस्थाओं की पड़ताल

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**● अफसरों ने आश्रय स्थल में उपलब्ध पैरा, त्रिपाल, जूट बोरे को उपयोगिता को कराया सुनिश्चित**

**● नोडल अफसरों ने गो पालकों को दिए दो-दो कंबल**

**भीषण** ठंड, शीतलहरी से संरक्षित गोवंश को राहत पहुंचाने, आश्रय स्थल में मुकम्मल व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर सभी तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के बाद सभी अधिकारी गो आश्रय स्थलों के लिए रवाना हुए।

खीरी के सभी गो आश्रय स्थलों में मुकम्मल व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने, गोवंश-संरक्षण, संवर्धन के लिए प्रशासन से जिला, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर नामित नोडल अफसर दो बजे जन सुनवाई समाप्त होने के बाद आवंटित गो आश्रय स्थलों के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने अपनी देखरेख में सभी मुकम्मल व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया।

यही नहीं मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह व अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संजय कुमार सिंह ने भी स्वयं गो आश्रय स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं की न केवल पड़ताल की, बल्कि सभी मुकम्मल व्यवस्थाओं को खड़े होकर सुनिश्चित कराया। इस दौरान उन्होंने गौ-सेवकों को दो-दो कंबल भी वितरित किया।

निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारियों ने आश्रय स्थलों में गोवंशों की संख्या के अनुरूप उपलब्ध जूट बोरे, आश्रय स्थल में बिछाने के लिए पैरा का उपयोग सुनिश्चित कराया। यही नहीं अपने सम्मुख आश्रय स्थल में करीब 02 से 03 स्थानों पर और अलाव भी जलवाए। उन्होंने आश्रय स्थल संचालकों को अलाव जलाने की निरंतरता बनाने के लिए निर्देशित किया। अफसरों ने गोवंशों को चारा, गुड़ एवं फल आदि खिलाया। मौजूद पशु चिकित्सा अधिकारियों ने गोवंशों का चेकअप कर उनकी आवश्यकता नुरूप औषधि का सेवन भी कराया।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जिले में संचालित सभी गो आश्रय स्थलों में नोडल अफसरों ने संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारियों के साथ दस्तक देकर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया है।

शासन की मंशा के अनुरूप शीतलहरी एवं भीषण ठंड से गोवशों को राहत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि मुकम्मल व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया जा सके। डीएम के निर्देश पर सभी नोडल अफसरों ने आवंटित गो आश्रय स्थलों पर व्यवस्थाओं की पड़ताल करते हुए अपनी अद्यतन रिपोर्ट भेजी है। सभी आश्रय स्थलों में उपलब्ध संसाधनों के अतिरिक्त पर्याप्त मात्रा में जूट के बोरे, आश्रय स्थल में बिछाने के लिए पैरा, त्रिपाल भी उपलब्ध कराया है।

# शिकायतों के निस्तारण में न करें लापरवाही: डीएम

**फतेहपुर।** संम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर के सभागार में जिलाधिकारी श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, विकास, पुलिस, कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, विद्युत, सिंचाई, भूमि विवाद, शिक्षा आदि विभागों से संबंधित कुल 54 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 12 जन शिकायतों का मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने निस्तारण किया। शेष शिकायतों को समयसीमा, समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त जन शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलंब न हो। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न करें। शासन की मंशा के अनुरूप संपूर्ण समाधान दिवस में आयी प्रत्येक समस्या को गंभीरता ले और मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। ताकि शिकायतकर्ता को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर न जाना पड़े। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित जन शिकायतों को सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता एवं गंभीरता से सुनें। उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें।

# पेज एक का शेष

## उड़ान में...

अनियंत्रित यात्रियों के हालिया मामले को उड़ान के दौरान और इसके बाद बेहतर तरीके से संभाल सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पुलिस उपायुक्त (हवाई अड्डा) रवि कुमार सिंह ने कहा कि आरोपी मिश्रा बेंगलुरु के संजय नगर में अपनी बहन के घर रह रहा था। उसके ठिकाने की लोकेशन मिलने के बाद दिल्ली पुलिस अधिकारियों की एक टीम बेंगलुरु पहुंची और शुक्रवार की रात उसे गिरफ्तार कर दिल्ली ले आई। इससे पहले मुम्बई स्थित उसके घर पर दिल्ली पुलिस को ताला लटका मिला था। मिश्रा ने 3 जनवरी को अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया था और उनकी आखिरी लोकेशन बेंगलुरु बताई गई थी। वह अपने दोस्तों के साथ संवाद करने के लिए अपने सोशल मीडिया अकाउंट का उपयोग कर रहा था। इससे वह पकड़ में आ गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकर लगातार अपना ठिकाना बदलता रहा, क्योंकि पुलिस ने उसकी तलाश में थी और उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी हो चुका था। वह बेंगलुरू में यात्रा करने के लिए टैक्सी लेता था। पिछले कुछ दिनों में देश भर के टीवी चैनलों पर उसकी तस्वीर प्रसारित होने से चूंकि वह एक जाना-पहचाना चेहरा बन गया था, इसलिए पहचान बदलने के लिए उसने अपनी दाढ़ी मुंडवा ली। नवंबर में क्लिक की गई तस्वीरों में वह स्पोर्टी दाढ़ी और मूंछों में दिख रहा है। शुरुआत में उसकी लोकेशन व्हाइटफील्ड एरिया के पास ट्रेस की गई थी, लेकिन वह अपनी लोकेशन बदल रहा था। सूत्रों ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने दो दिन पहले बेंगलुरू पुलिस से संपर्क किया था।

## सहयात्री का...

पर थे। एजेंसी के पास उपलब्ध शिकायत की प्रति में कहा गया है कि जेएफके न्यूयॉर्क से आईजीआईए, नई दिल्ली एआई 102 उड़ान में दोपहर का भोजन दिया गया और भोजन के बाद लाइट बंद कर दी गई। इसमें कहा गया है कि बिजनेस क्लास की सीट पर बैठा नशे में धुत पुरुष यात्री बुजुर्ग महिला की सीट (९ए) पर चला गया और उसने अपनी पैंट की जिप खोली और उन पर पेशाब किया। भट्टाचार्जी ने कहा कि जब शंकर उन पर गिरे तो उनकी नींद खुल गई। उन्होंने कहा कि मैंने शुरू में सोचा कि उड़ान के कारण उसने अपना संतुलन खो दिया। हालांकि, जब मैं शौचालय जा रहा था, मैंने ९ए और ९सी के अपने दो साथी यात्रियों को परेशानी में देखा। उन्होंने कहा कि ९ए सीट वाली महिला गैलरी क्षेत्र में आई, वह पूरी तरह गीली हो गई थीं। उन्होंने कहा कि हम यह जानकर चौंक गए कि मेरा सह-यात्री (8सी) इतना नशे में था कि वह अगली पंक्ति में गया और उस यात्री पर पेशाब कर दिया। इस दौरान दो विमान परिचारिकाओं ने उन्हें साफ करने, उनके कपड़े बदलने और उनके सामान तथा सीट को साफ करने में मदद की। उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से इस तथ्य से परेशान हूं कि कैप्टन ने पीड़ित महिला को नई सीट आवंटित करने से पहले लगभग दो घंटे इंतजार कराया। पीड़िता की शिकायत के मुताबिक बिजनेस क्लास में कोई सीट खाली नहीं होने के कारण उन्हें 20 मिनट के लिए खड़ा किया गया और एयरलाइन कर्मचारियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक छोटी सी सीट की पेशकश की गई। पीड़िता की शिकायत के अनुसार वह लगभग दो घंटे तक छोटी सी सीट पर बैठी रही और उन्हें अपनी सीट पर वापस जाने के लिए कहा गया जो गीली थी और पेशाब की बदबू आ रही थी।

## जोशीमठ में...

आपदा से बचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता जीवन और संपत्ति बचाना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। इस बीच शहर में दरार पड़ना जारी है। नरसिंह मंदिर जहां शंकराचार्य की पीठ स्थापित है वहां भी दरारें पड़ रही हैं। ज्योतिर्मठ भवन में भी धंसाव के कारण दरारें पड़ रही हैं। बाद में देहरादून सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में धामी ने गढ़वाल के आयुक्त की अध्यक्षता में तुरंत एक कमेटी के गठन का निर्देश दिया, जो जोशीमठ में राहत और बचाव कार्य की निगरानी करेगी।

## हिमाचल मंत्रिमंडल...

था। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद लगभग एक महीने पहले सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के शपथ लेने के बाद से नए मंत्रियों के नामों को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। सुक्खू ने कहा कि सूची आलाकमान को सौंप दी गई है और कैबिनेट का विस्तार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मंजूरी के बाद ही किया जाएगा।

## ड्रग तस्करी...

में कथित रूप से आरोपी का बचाव करने वाले अंकुश खन्ना को जमानत दे दी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट सान्या दलाल ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण करने वाले खन्ना को यह देखते हुए राहत दे दी कि उसके खिलाफ लगे आरोप जमानती हैं।

## अमेरिका में...

जांच अधिकारी इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसे यह हथियार कहां से मिला। पुलिस प्रमुख ने हालांकि, इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी। स्कूल में कक्षा चार में पढ़ने वाले एक छात्र की मां जोसलिन ग्लोवर ने वर्जीनिया-पायलट अखबार को बताया कि उसे स्कूल से संदेश मिला था कि एक व्यक्ति को गोली लगी है और एक अन्य को हिरासत में लिया गया है। ग्लोवर ने कहा, इस संदेश से मेरा दिल बैठ गया। मैं यह सोचकर घबरा गई कि कहीं वह व्यक्ति मेरा बेटा तो नहीं है। हालांकि, ग्लोवर का नौ वर्षीय बेटा कार्लोस उस समय भोजन अवकाश पर था। उसने बताया कि घटना के बाद स्कूल के बच्चे जोर-जोर से रो रहे थे। उधर, पुलिस प्रमुख ने इस बारे में नहीं बताया कि क्या अधिकारी बच्चे के माता-पिता के संपर्क में हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग घटना की जांच कर रहा है।

## बिहार में...

गया एक ऐतिहासिक कदम है। एक बार अभ्यास पूरा हो जाने के बाद, यह वंचितों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लाभ के लिए कार्य करने के लिए राज्य सरकार को वैज्ञानिक डेटा प्रदान करेगा। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के छोटे पुत्र तेजस्वी यादव ने कहा, भाजपा को छोड़कर, महागठबंधन सरकार के सभी गठबंधन सहयोगी इस कवायद के पक्ष में थे। भाजपा, जो एक गरीब विरोधी पार्टी है, हमेशा इस कवायद के बारे में आलोचनात्मक थी और यही कारण है कि वे शुरू से ही जाति-आधारित गणना का विरोध करती रही है। बिहार की राजनीति में जाति-आधारित जनगणना एक प्रमुख मुद्दा रहा है, नीतीश कुमार की पार्टी जद (यू) और महागठबंधन के सभी घटक लंबे समय से मांग कर रहे थे कि यह जल्द से जल्द किया जाए।

## मैक्कार्थी अमेरिकी...

का है। उन्होंने मैक्कार्थी के चुनाव के तुरंत बाद एक बयान में कहा, यह जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से शासन करने और यह सुनिश्चित करने का वक्त है कि हम अमेरिकी परिवारों के हितों को पहले रखें। राष्ट्रपति ने कहा, जिल बाइडन (प्रथम महिला) और मैं, सदन का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर केविन मैक्कार्थी को बधाई देते हैं। अमेरिकी लोग अपने नेताओं से इस तरीके से शासन करने की उम्मीद करते हैं जिससे किसी भी चीज से ऊपर उनकी जरूरतें रहें और हमें अभी यही करने की आवश्यकता है। बाइडन ने कहा कि वह रिपब्लिकन के साथ काम करने के लिए तैयार हैं और मतदाताओं ने भी स्पष्ट कर दिया है कि वे रिपब्लिकन से उनके साथ काम करने के लिए तैयार रहने की उम्मीद करते हैं। मैक्कार्थी ने प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष के तौर पर अपने पहले संबोधन में कहा कि वह सार्वजनिक ऋण के मुद्दे पर गौर करेंगे और संकल्प लिया कि सदन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के उभार विषय पर चर्चा करेगा। मैक्कार्थी ने कहा, हम अमेरिका की दीर्घकालिक चुनौतियों, ऋण और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के उभार विषय पर चर्चा करेंगे। कांग्रेस को इन मुद्दों पर एक स्वर में बोलना चाहिए। उन्होंने कहा, जहां तक चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की बात है, हम चीन पर एक द्विदलीय प्रवर समिति का गठन करेंगे, जो इस बात पर गौर करेगी कि चीन जाने वाली सैकड़ों-हजारों नौकरियों को कैसे वापस लाया जाए। तब हम इस आर्थिक स्पर्धा को भी जीतेंगे। मैक्कार्थी ने कहा कि यह देश के भीतर एक दूसरे के बीच विश्वास बहाल करने का मौका है।

## सीजन का...

शीत लहर चली। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि कोहरे के कारण 36 ट्रेनें एक से सात घंटे की देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गंगा के मैदानी इलाकों में हल्की हवाओं और उच्च नमी की स्थिति बनी रहने के कारण पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में अगले दो दिनों के दौरान घना कोहरा जारी रहने की संभावना है। अगले तीन दिनों के दौरान उत्तराखंड, उत्तरी राजस्थान, बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, त्रिपुरा के अलग-अलग इलाकों में घना कोहरा छाने की संभावना है। उत्तर मध्य प्रदेश में भी अगले दो दिनों के दौरान घना कोहरा छाए रहने का पूर्वानुमान जताया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगले दो दिनों के दौरान शीत लहर जारी रहने की संभावना है।

# शटरिंग मिस्त्री का नाला में मिला शव, ग्रामीणों ने रोड जाम किया

**संवाददाता।** हमीरपुर



**कुरारा** थानाक्षेत्र के शिवनी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में नाले में गिर कर अधेड़ की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगा शव को रोड में रखकर जाम लगा दिया, करीब आठ घंटे तक चले जाम के बाद पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के मंगलपुर गांव निवासी होरीलाल निषाद (45) मकान निर्माण में शटरिंग का काम करता था। कल शाम जगनपुर अपने पुत्र निर्भय को लेकर बाइक से गया था। आज सुबह उसका शव शिवनी गांव के पास मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के गले में चोट के निशान होने पर गुस्साए ग्रामीणों ने परिजनों की मदद से कुरारा मूसानगर मार्ग सैकड़ों ग्रामीणों ने रोड में शव रखकर जाम लगा दिया।

इस बीच मृतक के लड़के निर्भय कुमार ने कहा जब तक पिता की मौत का खुलासा नहीं हो जाएगा वह शव को नहीं उठने देंगे। मौके पर सीओ सदर राजेश कमल, थाना प्रभारी निरीक्षक पवन पटेल, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल व हमीरपुर नगर पालिका के निवर्तमान चेयरमैन कुलदीप निषाद ने परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

## रोडवेज बस की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत, दो घायल

**राठ ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के धनौरी गांव के रोडवेज बस की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत हो गई है। मृतक के पिता ने कोतवाली में रोडवेज बस चालक के विरुद्ध तहरीर दी है।

कोतवाली के धनौरी गांव निवासी गोपाल कुशवाहा का पुत्र प्रकाश(20) अपने दोस्त शिवम, नरेंद्र के साथ ई रिक्शा से अपने खेत जा रहा था। तभी मुस्करा की ओर से आ रही तेज रफ्तार राठ डिपो बस ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथी शिवम व नरेंद्र मामूली रूप से घायल हुए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद रोडवेज बस चालक मौके फरार हो गया। ग्रामीणों ने बस पकड़ लिया। पुत्र की मौत पर मां राधारानी और स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल तारा सिंह पटेल ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# संयुक्त टीम ने किया ओवरलोड बालू लदे ट्रकों का चालान, खनन माफियाओं में हड़कंप

**● एसडीएम प्रमोद झा के नेतृत्व में चला अभियान**



अभियान की जानकारी देते अधिकारी।

**राजापुर ( चित्रकूट )।** जहां एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार अवैध बालू खनन, ओवरलोडिंग परिवहन न करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। वहीं राजापुर तहसील के उपजिलाधिकारी प्रमोद झां के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी कर सरधुआ थाना क्षेत्र के अर्की मोड़ के पास ओवरलोड बालू भरे ट्रकों का ई चालान व सीज किए गए हैं। जिससे ओवरलोडिंग परिवहन करने वाले ट्रक मालिकों, ड्राइवरों में खलबली मच गई और मौके से फरार हो गए। राजापुर तहसील के उपजिलाधिकारी प्रमोद झा की मौजूदगी में जिले की एक संयुक्त टीम जिसमें खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह बालू से लदे 7 ओवरलोड ट्रकों का ई-चालान व दो ट्रकों का जब्ती चालान करते हुए थाना सरधुआ के सुपुर्द किया गया है। औचक छापेमारी से ओवरलोड ट्रक संचालकों में खलबली मच गई और लोकेशन गैंग के द्वारा ट्रकों, ट्रैक्टरों के छिपने छिपाने का कार्य काफी देर तक चलता रहा। उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के रवन्ना के आधार पर ही बालू, गिट्टी, मोरम का परिवहन किया जाए और यदि ओवरलोड परिवहन करते हुए ट्रक ट्रैक्टर पकड़े जाते हैं तो उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा और बालू घाट संचालकों को निर्देशित किया गया है कि रवन्ना के मानक अनुरूप ही लोडिंग कराएं अन्यथा घाट संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घाटों में लगे धर्मकांटा की तौल पर्ची ट्रक संचालकों को अवश्य दें तथा सीसीटीवी कैमरे में किसी भी प्रकार की हेराफेरी करते हुए पकड़े गए तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तहसील क्षेत्र में सक्रिय लोकेशन गैंग की भी जानकारी की जा रही है, पता चलने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला का आयोजन कल

**कानपुर देहात।** निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ के प्राप्त निर्देशों की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राम सिंह ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर, कानपुर देहात परिसर में 9 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जय भारत मारुति लिमिटेड एवं एलेनटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नोएडा तथा जनपद की प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयां प्रतिभाग कर रही हैं। आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी किसी भी व्यवसाय (फिटर, इलेक्ट्रीशियन, आरएसी, प्लंबर, मोटर मैकेनिक, टूल एंड डाई मेकर, वेल्डर, टर्नर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक) के हों, 10:30 बजे से 3:30 बजे तक अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति के साथ मेले में प्रतिभाग कर अप्रेंटिसशिप प्राप्त कर सकते हैं।

## मकर संक्रांति के पहले नदी के घाटों की कराएं सफाईः अजीत सिंह


नदी में फैली गन्दगी।

**चित्रकूट।** बुन्देली सेना ने मकर संक्रांति के पहले जिलाधिकारी से मन्दाकिनी नदी के घाटों और सीढ़ियों की सफाई कराने की मांग की है। नया गांव रपटा से लेकर बूड़े हनुमानजी मंदिर तक नदी में गंदगी का अम्बार है। कर्वी के घाटों में सीढ़ियों की सफाई जरूरी है।

शनिवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व में कर्वी और चित्रकूट के घाटों में मेला लगता है। हजारों लोग मन्दाकिनी नदी में डुबकी लगाते हैं। कर्वी के घाटों में काई और फिसलन की बड़ी समस्या है। यहां काई छुड़वाकर 4-6 बोरी बालू सीढ़ियों में डलवाने की आवश्यकता है। एक घाट की सीढ़ियां मलबे से पटी पड़ी हैं, यह मलबा भी मकर संक्रांति के पूर्व हटवाने की जरूरत है। इसी तरह रामघाट में नयागांव रपटा से लेकर बूडे हनुमान जी मंदिर तक नदी में गंदगी का अम्बार है। जहां लेजर लाइट के पम्प लगते हैं, वहां भी चोई और जलीय घास ने कब्जा कर रखा है। सीवर का पानी महीनों नदी में जाने से पन्नालाल घाट की सीढ़ियों में भी मलबा जमा है। मकर संक्रांति के पहले सिंचाई विभाग और पालिका के सफाई कर्मियों की टीम नदी में लगा दी जाये तो सीढ़ियों और घाटों की विधिवत सफाई हो जायेगी। श्रद्धालु संक्रांति के मेले में साफ सुथरे घाटों में स्नान-दान आदि कर सकेंगे। घाटों के किनारे सिंचाई विभाग से मछलियां मारने की चेतावनी सम्बन्धी बोर्ड और सूचनाएं अंकित कराने का अनुरोध किया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 70 में 11 का हुआ निस्तारण

**● सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग की हुई प्राप्त**



**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज सभागार में आज निर्धारित समय से समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी अरुण मौली की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर 70 फरियादियों ने अपनी समस्याओं के समाधान हेतु शिकायती पत्र सौंपे। इनमें से 11 सामान्य शिकायतों का मौके पर ही सुलह समझौते के आधार पर या फिर प्रशासनिक नीति के अनुसार सीडाओ द्वारा तत्काल निस्तारण करा दिया गया। शेष 59 आवेदन पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पारदर्शिता पूर्ण ढंग से स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित कराने के निर्देश देते हुए सौंप दिए गए। हर समाधान दिवस की तरह आज भी अधिकतर समस्याएं अवैध कब्जों, चक मार्गो पर किए गए कब्जों तथा निजी एवं सार्वजनिक स्थलों के अवैध कब्जों से संबंधित राजस्व विभाग से जुड़ी हुई प्राप्त हुईं। इससे यह साफ हो रहा था कि तहसील प्रशासन के उच्च अधिकारी से लेकर लेखपाल तक समस्या निस्तारण में न जाने क्यों जानबूझकर कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। यही कारण है कि राजस्व विभाग की समस्याओं का आए दिन अम्बार लगता जा रहा है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा गया कि समस्याएं हैं लेकिन उनके निस्तारण के लिए भी अब विशेष प्रयास अवश्य किया जाएगा। समाधान दिवस में आए ग्राम सूरजपुर के लालजीत पुत्र रामकिशन ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे, पहाड़पुर के मनोज कुमार सिंह ने कस्बा कंपिल में यूरिया खाद की कालाबाजारी, थाना व परगना व कस्बा शमशाबाद के निवासी पप्पू पुत्र फकीरे ने अपनी पैतृक जमीन पर दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे, कस्बा शमशाबाद मोहल्ला चोखंडा निवासी महेंद्र नारायण सक्सेना ने उसकी पैतृक जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने की शिकायत, नगर कायमगंज मोहल्ला श्यामा गेट निवासी हरिओम रस्तोगी पुत्र श्यामाचरण रस्तोगी ने शिकायत पत्र देकर न्यायालय आदेश के बावजूद भी कोतवाली पुलिस द्वारा श्यामा गेट पर बने द्वार का जीर्णोद्धार कराने में रुकावट डालने, शमशाबाद क्षेत्र के गांव ख्वाजा अहमदपुर कटिया निवासी रामदास पुत्र बालकराम ने भी गांव स्थित अपनी पैतृक भूमि गाटा संख्या 1092 पर अवैध कब्जा तथा ग्राम भटासा निवासी भूपेंद्र सिंह पुत्र जादौसिंह ने गांव स्थित चकरोड नंबर 513 पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत करते हुए। सभी अन्य फरियादियों ने समस्या समाधान की गुहार लगाई।

हालांकि सभी शिकायती पत्रों के निस्तारण का संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने निस्तारण का निर्देश दिया है। अब देखना यह है कि कायमगंज तहसील की निरंतर बढ़ती अवैध कब्जों जैसी राजस्व समस्याओं का निस्तारण होगा अथवा नहीं, यदि होगा तो किस स्थिति में और कब तक फरियादी को न्याय मिल पाएगा।

## समाधान दिवस में एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नही

**मौदहा ( हमीरपुर )।** नगर के तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आज हाड़ कंपाऊ ठंड के चलते फरियादियों का टोटा रहा। आधा दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपर जिलाधिकारी के सामने अपनी समस्याएं रखीं लेकिन किसी भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका।

नगर के तहसील परिसर पर स्थित सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी रमेश चंद्र ने की। इस मौके पर कुल सात फरियादी मामले आए जिसमें एक भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। इधर नगरवासियों ने इस कड़कती ठंड में पालिका द्वारा अलाव जलाने के नाम पर खानापूरी करने की शिकायत करते हुए मामले की जांच करवा सभी मुख्य स्थानों पर अलाव जलाने की मांग की जिस पर अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए उनसे नियमित अलाव जलवाने को कहा। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी घनश्याम सिंह के अलावा क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे। आज शीत लहर व ठंड के चलते समाधान दिवस में फरियादियों का टोटा रहा।

# तहसील दिवस में उठा पहारिया मेडिकल स्टोर का मुद्दा

**● व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने की व्यापारियों का उत्पीड़न रोकने की मांग**



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर संबंधित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये गये। वहीं जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी के नेतृत्व में व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यापारियों के किये जा रहे शोषण व उत्पीड़न रोकने की मांग की है।

शनिवार को तहसील सभागार कर्वी में डीएम-एसपी के समक्ष व्यापार मंडल अध्यक्ष ओम केशरवानी, उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, महामंत्री गुलाब गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता व महामंत्री अंकित पहारिया ने पहुंचकर ट्राफिक चौराहा में स्थित पहारिया मेडिकल स्टोर की दुकान का मुद्दा उठाया, साथ ही अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर 50-50 साल से नगरपालिका द्वारा आवंटित दुकानों में व्यापार कर रोजी-रोटी चला रहे व्यापारियों के किये जा रहे शोषण पर रोक लगाये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बगैर वैकल्पिक इंतजाम किये व्यापारियों की दुकानें न हटाई जायें। व्यापारी आवंटित दुकानों में व्यवसाय कर अपने परिवार का गुजर बसर कर रहे है। उन्होंने कोई अवैध कब्जा नही किया है। इस पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने भरोसा दिया कि उचित कार्यवाही की जायेगी। साथ ही डीएम ने एसडीएम कर्वी राजबहादुर से कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामले में पुलिस व राजस्व की टीम मौके पर भेजकर निस्तारण करायें। जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुसार समय सीमा से समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाये। कार्यों में शिथिलता पर जिलाधिकारी ने कर्वी हल्का लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश एसडीएम कर्वी को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम कर्वी राजबहादुर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी एसके शुक्ला, डीडीओ आरके त्रिपाठी, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, बीएसए लवप्रकाश यादव, तहसीलदार राकेश कुमार पाठक, नायब तहसलीदार रामानन्द मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## विधवा को लेखपाल के घूस मांगने की शिकायत से रोकने पर सदर तहसील में बवाल

**फर्रुखाबाद।** लेखपाल के घूस मांगने की शिकायत करने जा रही विधवा को रोकने पर वकील भड़क गये। जिसपर लेखपाल से काफी तीखी नोंकझोंक हुई। बताते है कि ग्राम शमशेरनगर निवासी विधवा रोली देवी 6 महीने से विरासत दर्ज नाम कराने को लेकर अधिकारियों के चक्कर काट रही थी। पीड़िता का आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल हिमांशु गुप्ता ने विरासत दर्ज कराने के नाम पर 50,000 की घूंस मांगी थी । पीड़िता ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल ने कहा कि तुम विधवा हो तो 40000 दे दो या आधा बीघा खेत मेरे नाम कर दो, दर्ज कर दूंगा तुम्हारी विरासत। पीड़िता का आरोप है लेखपाल की शिकायत जब तहसीलदार सदर से की तो उन्होंने उससे भी कहीं अधिक अपमानजनक बातें की। पीड़िता का आरोप है मामला निस्तारित करने के बजाए तहसीलदार सदर ने मामला न्यायालय में डाल दिया। इस संबध में जब एडीएम से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि विवादित विरासत निस्तारण में कुछ तथ्यों की आवश्यकता है इसी कारण सदर तहसीलदार न्यायालय में है। उन्होंने बताया कि घूस मांगने के संबंध में जांच की जायेगी यदि लेखपालं दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। क्षेत्रीय लेखपाल हिमांशु गुप्ता न बताया कि महिला का आरोप निराधार है।

## क्विक न्यूज

### अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** कोतवाली कायमगंज में तैनात एसआई शिवकुमार हमराह पुलिस बल के साथ इलाका गस्त पर थे। उसी समय उन्हें मुखबिर द्वारा मिली सूचना के आधार पर पुलिस बल ने कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित टेढ़ी कोन के पास बने प्रतीक्षालय के पास कहीं जाने की फिराक में खड़े एक संदिग्ध को घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी में उसके पास से पुलिस के अनुसार एक अदद देसी तमंचा 315 बोर बरामद होना बताया जा रहा है। पूछताछ में उसने अपना नाम अंकेश पुत्र सिंह राम निवासी पपड़ी मिलिकिया बताया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि उसने इसी तमंचे से इससे पहले फायर कर हमला किया था। आज वह तमंचा कहीं ले जाने के लिए अपने दोस्त के इंतजार में यहां खड़ा था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया।

### अज्ञात चोर ने चुराई बागवान की बाइक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव कला खेल गिर्द निवासी अनवर हुसैन खान पुत्र स्वर्गीय सरवर हुसैन खान ने लिखित तहरीर देते हुए कहा कि वह कल शुक्रवार को दमदमा. मऊ रशीदाबाद रोड पर स्थित अपने नींबू के बाग को देखने, अपनी सुपर स्प्लेंडर काले रंग की बाइक संख्या यूपी 76 डब्लू 4486 से गया था । बाग पर पहुंचने के बाद उसने लॉक लगाकर बाइक बाग के पास खड़ी कर दी और बाग के अंदर चला गया । कुछ देर बाद वापस लौटा, तो जिस स्थान पर बाइक खड़ी करके गया था। वहां से बाइक गायब थी । मैंने इधर-उधर तलाश किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला । किसी अज्ञात चोर द्वारा बाइक चुरा लेने की आशंका व्यक्त करते हुए बाइक मालिक ने मुकदमा दर्ज करने का अनुरोध किया। पुलिस ने बाइक चोरी की घटना में अज्ञात के विरुद्ध आईपीसी की धारा 379 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी दबंग के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना पहाड़ी अंतर्गत ग्राम कलवारा बुजुर्ग निवासिनी आरती देवी (काल्पनिक नाम) ने थाना पहाड़ी में लिखित सूचना देते हुए बताया कि कल वह अपने पति के साथ रिश्तेदारी में गयी थी। घर में नाबालिग पुत्री मनोरमा उम्र 14 वर्ष (काल्पनिक नाम)व दो छोटे पुत्र ही थे। रात्रि में गांव का ही दबंग शेषनारायन मिश्रा पुत्र गिरीश मिश्र शराब के नशे में धुत पीछे की ओर से घर में घुसकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने लगा। पीड़िता के भाई के विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिससे वह डर गया, आरोपी दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे भाग गया। जब रिश्तेदारी से मां बाप वापस आये तो पीड़िता ने रोते हुए पूरी घटना मां से बताई तब मां व अन्य परिजनों ने थाना पहाड़ी आकर घटना की लिखित सूचना दी। जिस पर प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल पांडेय ने तत्काल घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए 376-452-506-4पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी भिजवाया दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।


### कोहरे से वाहनों में हुई टक्कर, एक की मृत्यु

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के पहाड़ी मार्ग पर कोहरे के चलते बुलेरो व पिकअप में हुई टक्कर में बुलेरो सवार युवक की मृत्यु हो गई। बुलेरो चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया। मृतक की शिनाख्त देर शाम तक नहीं हो सकी। ये हादसा शुक्रवार को देर शाम हुआ। बताया गया कि राजापुर थाना क्षेत्र के महुआ गांव के उत्तमपुर का निवासी लवकुश मिश्रा पुत्र इन्द्रदत्त अपनी बुलेरो से जिला मुख्यालय से अपने गांव उत्तमपुर जा रहा था। पहाड़ी की ओर से अनाज से लदी पिकअप आ रही थी। कोहरे के चलते आमने-सामने दोनों वाहनों की टक्कर लग गई। इससे घटनास्थल पर एक युवक की मृत्यु हो गई, युवक की पहचान कराई जा रही है। घायल लवकुश का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। उसे प्रयागराज रेफर किया गया है।

### खेत में पानी लगा रहे किसान की ठंड से मौत

**चित्रकूट।** जिले में इन दिनों हाड़ कंपा देने वाली ठंड पड रही है। देर रात सरधुआ थाने के खोपा गांव में खेत में पानी लगा रहे किसान जवाहर की ठंड लगने से मृत्यु हो गई। परिजनों में किसान की मौत से कोहराम मचा है। शनिवार को मृतक किसान जवाहर का यहां मर्चरी में पोस्टमार्टम हुआ। बताया गया कि कल देर रात खोपा गांव का किसान जवाहर खेत में पानी लगाने गया था। पानी लगाने के दौरान उसे जोरों की ठंड लगी। वह कांपने लगा। परिजनों ने ठंड से बचाने के तमाम घरेलू उपाय किये, लेकिन कोई भी उपाय काम नहीं आया। उसकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर खेत में गिर गया।

### टेंडर खुलने के पहले ही शुरू हो गये लाखों के काम



**हमीरपुर।** नगर पंचायत सरीला में टेंडर खुलने के पहले ही कस्बे में निर्माण कराना शुरु कर दिया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले की शिकायत सभासद ने एसडीएम सरीला से की है। नगर पंचायत सरीला के सभासद सिद्धोपाल ने एसडीएम को बताया कि 15वे वित्त आयोग के अन्तर्गत 32 लाख 26 हजार रुपये के टेंडर आगामी 12 जनवरी को खुलना था, मगर अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के कारण एक साजिश के तहत निर्माण कराना शुरु कर दिया गया है। जो भारी अनियमितताओ के अन्तर्गत आता है। इस कार्य में ईओ भी शामिल है। नगर विकास के प्रमुख सचिव ने आदेश जारी किया था कि जिन नगर पालिका अध्यक्षों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है , वे कोई नीतिगत फैसला न करें। शासन ने साफ कहा था कि जिलाधिकारी द्वारा कमेटी गठित कर निकायों के कार्यो का संचालन किया जाये , मगर आदेश को नगर पंचायत सरीला दरकिनार कर दिया है। इस मामले को लेकर जनता में भारी रोष देखा जा रहा है। इसके पहले भी भारी अनियमितताएं की गयी थी, जिसका खुलासा आडिट में हो चुका है। मगर उसमें कोई कार्यवाही न होने से संबंधित चेयरमैन व कर्मियों के हौसले बुलंद है। सभासद ने एसडीएम को सबूत पेश करते हुये कहा है कि यदि इस मामले में कार्यवाही नहीं हुई तो आन्दोलन किया जायेगा।

### डीएम व एसपी का वीवीपैट वेयर हाउस व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**कानपुर देहात।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा पुलिस अधीक्षक सुनीति के साथ संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वीवीपैट वेयर हाउस व स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कानपुर खण्ड स्नातक/ शिक्षक निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक के साथ आगामी 29 जनवरी को पार्टी रवाना किये जाने हेतु आवश्यक प्रबंध अभी से सुनिश्चित करने के साथ ही, रवानगी स्थल हेतु भी ठंड के दृष्टिगत टेंट आदि का प्रबंध भी यथावत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि निर्वाचन कार्यो में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने के उपरांत निर्वाचन कार्यो को पूर्ण प्रभावी रूप से सम्पन्न किया जाना चाहिये। उन्होंने बताया कि इस बार निर्वाचन बैलट के माध्यम से सम्पन्न किया जाना है, जिसके लिए अभी से बैलेट बूथ वार विभाजित कर किट तैयार कर ली जाएं। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की सड़क क्षतिग्रस्त पाई गई । जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था से दुरुस्त कराये जाने के निर्देश उपस्थित कार्मिकों को दिए।

# सदर विधायक अनिल प्रधान ने मैन ऑफद मैच की ट्रॉफी देकर बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

**● व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री शानू गुप्ता ने की आयोजन की सराहना**



**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म स्मृति पर आयोजित हो रहे चौथे राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला बनारस और अलीगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें बनारस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवर खेलकर 176 रन बनाए। जिसमें बनारस की बल्लेबाज निक्की विजया ने 24 गेंदों पर 48 रन बनाए। वहीं दूसरी बल्लेबाज नेहा पटेल ने 28 गेंदों पर 23 रन और तीसरी बल्लेबाज पूनम पाल ने 21 गेंदों पर 26 रनों का योगदान दिया। अलीगढ़ की गेंदबाज आदित्य ने 3 ओवर में 17 रन खर्च कर 2 विकेट हासिल किए। वहीं सुषमा और रचना ने एक-एक विकेट प्राप्त किए, जबकि विशाल स्कोर 177 रनों का पीछा करने उतरी अलीगढ़ की टीम की बल्लेबाज कुसुम यादव ने 20 गेंदों पर 70 रनों का योगदान दिया। उनके साथ दूसरी बल्लेबाज रचना ने 14 गेंदों पर 9 रनों तथा तीसरी बल्लेबाज दृष्टि कुशवाहा ने 30 गेंद खेलकर 17 रनों का योगदान दिया। बनारस की गेंदबाज अनसीन ने अच्छी कसी गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। इसके अलावा स्वाति, निपू,और काजल ने एक-एक विकेट हासिल किए। आज के मुख्य अतिथि रहे व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री शानू गुप्ता और विशिष्ट अतिथि के रूप में शहजादे भाई, अमित गुप्ता,आजाद भाई ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का औपचारिक शुभारंभ कराया। समापन मैच के मुख्य अतिथि रहे सदर विधायक अनिल प्रधान ने मैन ऑफद मैच का ट्रॉफी दिया और दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का समापन करवाया। आयोजन को सफल बनाने में सिराज खान, करण पटेल, विजय भारद्वाज, समसुद्दीन खान, प्रेम नारायण, कमलेश परिहार, अनुज कुशवाहा आदि मौजूद रहे। मीडिया मैनेजर नागेंद्र सिंह मिश्रा ने बताया कि कल जिलाधिकारी एकादश बनाम नागरिक एकादश के बीच खेला जाएगा। इसके अलावा महिलाओं का फाइनल मैच 09 जनवरी को खेला जाएगा। अच्छी गेंदबाजी करते हुए बनारस में इस मैच को 78 रनों से जीत लिया।

# करहिया गांव में कवि सम्मेलन आयोजित

**● न होटल, न ढावा, न काशी न काबा की चर्चा, केवल बाबा के बुलडोजर की चर्चा**



**मौदहा ( हमीरपुर )।** विकासखंड के न्याय पंचायत करहिया में बुंदेलखंड के मशहूर कवियों ने आज कविता के माध्यम से देश व समाज में फैली भ्रांतियों को कविता के माध्यम से दूर कर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रधर्म, देश की एकता, अखंडता को बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया। मंच का संचालन कर रहे सुरेंद्र भदौरिया ने बीच- बीच में कविता के माध्यम से लोगों को खूब ठहाके लगवाए, साथ ही मंच में उपस्थित युवा कवि देवेंद्र चतुर्वेदी ने अपनी ओजस्वी कविता से लोगों के अंदर जोश खरोश भर दिया उन्होंने कहा कि हम हैं राणा हम हैं शिवाजी हम ही वंशज मौर्य के विश्व के इतिहास में हम ही उदाहरण शौर्य के। वहीं युवा कवि धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि हम भी कुछ अपनी आन बान रखते हैं हम हथेली पर जान रखते हैं। हास्य कवि दिनेश दुबे घाटमपुर ने अपनी हास्य कविता के माध्यम से लोगों को बताया कि 'न होटल की चर्चा है न ढाबा की चर्चा है न काशी की चर्चा है ना काबा की चर्चा है आज अगर चर्चा है तो चारों ओर केवल बाबा के बुलडोजर की चर्चा है',वहीं हमीरपुर से पधारे गीतकार नाथूराम पथिक ने अपने गीतों के माध्यम से मैं खुद को सजा दिया, उनके गीत हैं चल जमूरे चलो आज वह दुनिया देखी जाए, जहां सपेरा नाचे और नागिन बीन बजाए । इसके बाद सुरेंद्र तिवारी ने बदलते परिदृश्य नेताओं की भूमिका के बारे में बताया कि मैं रंग बदलता गिरगिट सा न जान सका वरना मैं कह देता नेता मैं भी हूं। वही फरीद पछ्वी ने अपने दर्द भरे गीतों से लोगों की आंखें नम कर दीं, दामन को आंसुओं से भिगोने नहीं दिया उस संग दिल ने मुझको रोने नहीं दिया महफूज हमने रखा है कपड़े की तरह हमने तुम्हारी याद को खोने नहीं दिया। बीच-बीच में सुरेंद्र भदौरिया लोगों के अंदर जोश खरोश भरते रहे जिससे तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मंच गुंजायमान हो रहा था। भदोरिया के आदमी से आदमी का प्रेम प्यार हो जन जन में राष्ट्र चेतना का संस्कार हो बचपन से सपना देख रही है मेरी आंखें बस जिंदगी मेरी देश पर निखार हो देश पर निखार हो।

# कैपिटल परिसर में विद्रोह अमेरिकी लोकतंत्र पर हमला था

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि अमेरिकी कैपिटल (संसद भवन परिसर) में छह जनवरी 2021 को हुआ विद्रोह देश के लोकतंत्र पर हमला था, लेकिन अंत में लोगों की जीत हुई। बाइडन ने 2021 में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद हुई हिंसा की घटना को याद करते हुए शुक्रवार को कहा, भीड़ ने कैपिटल परिसर पर धावा बोला। ऐसा अमेरिका के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ था, यहां तक कि गृह युद्ध के दौरान भी। छह जनवरी 2021 को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों ने कैपिटल परिसर में घुसकर तोड़फोड़ की थी। ट्रंप समर्थकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के जवानों के बीच हिंसक झड़प भी हुई थी। घटना के बाद ट्रंप पर संसद परिसर में दंगा भड़काने के आरोप लगे थे और उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू की गई थी। बाइडन ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक राष्ट्रपति नागरिक पदक प्रदान करने के बाद एक समारोह में कहा, दो साल पहले छह जनवरी को हमारे लोकतंत्र पर हमला किया गया था। हिंसा की उस घटना को लोकतंत्र पर हमला कहना ही सबसे उपयुक्त होगा।

उन्होंने व्हाइट हाउस में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हिंसक विद्रोह के दौरान न सिर्फ पुलिस एवं कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला किया गया और प्रतिनिधि सभा के हॉल में तोड़फोड़ की गई, बल्कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी निशाना बनाया गया। यह सब लोगों की इच्छा का अपमान करने और सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को रोकने के प्रयास के तहत किया गया। राष्ट्रपति ने कहा, यह विद्रोह 2020 के चुनाव में बोले गए झूठ से भड़का था। लेकिन दो साल पहले आज के दिन हमारे लोकतंत्र की जीत हुई थी, क्योंकि जैसा कि हमारा संविधान हमें संदर्भित करता है हम लोग घबराए नहीं। हम लोगों ने इसका डटकर सामना किया। बाइडन ने कहा, अंत में हम लोगों की जीत हुई। आज उस दिन को याद करते हुए हम उपराष्ट्रपति, उनके पति और आप सभी के साथ उन अमेरिकियों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने छह जनवरी 2021 से पहले, उस दौरान और बाद में लोकतंत्र की रक्षा में योगदान दिया। वंही रिपब्लिकन पार्टी के नेता केविन मैक्कार्थी को शनिवार को ऐतिहासिक 15वें चरण के मतदान में अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष चुन लिया गया जिससे देश में पिछले कुछ समय से पैदा गतिरोध खत्म हो गया। मैक्कार्थी (57) डेमोक्रेटिक पार्टी की 82 वर्षीय नैंसी पेलोसी का स्थान लेंगे जो आठ नवंबर को हुए मध्यावधि चुनाव के बाद सदन में बहुमत खो बैठी थीं। इस चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी ने 435 सदर्स्इय सदन में 222 सीट जीती थीं जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी ने 212 सीट जीती थीं। मैक्कार्थी ने 15वें चरण तक चले मतदान में 216 वोट हासिल किए जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी के 52 वर्षीय हकीम सेकोउ जेफरीज को 212 वोट मिले। रिपब्लिकन सांसद अपनी पार्टी के छह बागियों के मतदान के लिए उपस्थित होने के बाद ही बहुमत का जादुई आंकड़ा छूने पर कामयाब रहे। मैक्कार्थी प्रतिनिधि सभा के 55वें अध्यक्ष होंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मैक्कार्थी को बधाई दी और कहा कि यह वक्त जिम्मेदारीपूर्वक शासन करने का है। उन्होंने मैक्कार्थी के चुनाव के तुंरत बाद एक बयान में कहा, यह जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से शासन करने और यह सुनिश्चित करने का वक्त है कि हम अमेरिकी परिवारों के हितों को पहले रखें। राष्ट्रपति ने कहा, जिल बाइडन (प्रथम महिला) और मैं, सदन का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर केविन मैक्कार्थी को बधाई देते हैं। अमेरिकी लोग अपने नेताओं से इस तरीके से शासन करने की उम्मीद करते हैं जिससे किसी भी चीज से ऊपर उनकी जरूरतें रहें और हमें अभी यही करने की आवश्यकता है। बाइडन ने कहा कि वह रिपब्लिकन के साथ काम करने के लिए तैयार हैं और मतदाताओं ने भी स्पष्ट कर दिया है कि वे रिपब्लिकन से उनके साथ काम करने के लिए तैयार रहने की उम्मीद करते हैं।



केविन मैक्कार्थी को ऐतिहासिक 15वें चरण के मतदान में अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष चुना गया

## पाक पुलिस ने पंजाब से टीटीपी के पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया

**लाहौर।** पाकिस्तानी पुलिस ने शनिवार को पंजाब प्रांत में खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के मुताबिक आतंकियों को पंजाब के लाहौर, ओकरा, मंडी बहाउद्दीन, फैसलाबाद और लैय्याह जिलो से गिरफ्तार किया गया। सीटीडी ने एक बयान में कहा, गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री, आत्मघाती जैकेट, हथियार और प्रतिबंधित साहित्य बरामद किया गया है।

## नासा का पुराना उपग्रह इस सप्ताह के अंत में धरती पर गिरेगा

**केप केनवरल (अमेरिका)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नैशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) का 38 साल पुराना सेवानिवृत्त उपग्रह इस सप्ताह के अंत तक धरती पर गिर सकता है। हालांकि, नासा ने शुक्रवार को कहा कि उपग्रह का मलबा किसी पर भी गिरने की आशंका बहुत कम है। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, पृथ्वी के वायुमंडल मे दोबारा प्रवेश करने से पहले 5,400 पौंड (2,450 किलोग्राम) वजन वाले इस उपग्रह का अधिकांश हिस्सा जल जाएगा, लेकिन कुछ टुकड़ो के बचकर धरती पर भी गिरने की संभावना है। नासा का कहना है कि किसी के मलबे की चपेट में आने और घायल होने की आशंका लगभग 9,400 मे से एक है।


## पश्चिमोत्तर पाक में बढ़ते आतंकवाद के खिलाफ हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया

**पेशावर।** अफ्गानिस्तान की सीमा से लगते पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में आतंकवाद और अपहरण की बढ़ती घटनाओ के विरोध में हजारों लोगो ने प्रदर्शन किया और क्षेत्र में तत्काल शांति बहाली की मांग की। दक्षिणी वजीरिस्तान कबाइली जिले के मुख्यालय वाना में शुक्रवार को 5,000 से अधिक कबाइलियों ने अपने यहां अशांति, आतंकवाद और अपहरण की बढ़ती घटनाओ के विरोध में रैली निकाली। यह प्रदर्शन विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतो मे बढ़ते आतंकी हमलों के बीच हुआ है। आतंकी हमलों को अफ्गानिस्तान आधारित प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) समूह द्वारा अंजाम दिया जाता रहा है।

# चीन में कोविड की स्थिति भयावह

● इससे दूसरे देशों में बड़ा खतरा पैदा होने की आशंका नही

**भाषा।** नॉर्विच (ब्रिटेन)



**चीन फिलहाल** कोविड संक्रमण और इससे होने वाली मौतों की गंभीर लहर का सामना कर रहा है। इसके बारे में समय-समय पर आधिकारिक जानकारी नहीं मिलने के कारण हम यह नहीं जानते कि यह लहर कितनी गंभीर है। लेकिन सभी संकेतों को देखते हुए ऐसा लगता है कि स्थिति भयावह है। खबरों से पता चलता है कि अस्पताल और शवगृह भरे हुए हैं।

चीन में यह नौबत कैसे आई और इससे कैसे निकला जा सकता है? कहा जा रहा है कि चीन में जीरो कोविड पॉलिसी के तहत लगी पाबंदियां दिसंबर की शुरुआत में हटाए जाने के कारण ही संक्रमण की यह मौजूदा लहर आई है, लेकिन यह पूरी तरह से सही नहीं है। पाबंदियों में ढील दिए जाने से पहले ही चीन में मामले बढ़ रहे थे। मुझे लगता है कि टीकाकरण होने के बाद लंबे समय तक जीरो कोविड रणनीति जारी रखना मामलों में बेतहाशा वृद्धि होने का कारण था। हम जानते हैं कि टीकाकरण से मिली प्रतिरक्षा कुछ महीने बाद खत्म हो जाती है। एक अप्रकाशित अध्ययन में पता चला है कि पहली बूस्टर खुराक लेने के आठ महीने बाद संक्रमण से मिली हर तरह की सुरक्षा खत्म हो जाती है। गंभीर बीमारियों से मिली सुरक्षा लंबी चलती है, लेकिन उसका भी अंत हो जाता है। चीन में फरवरी 2022 में टीकाकरण लगभग पूरा हो चुका था। लिहाजा शरद ऋतु के बाद संक्रमण से मिली सुरक्षा मोटे तौर पर खत्म होने लगी होगी। वैसे तो गंभीर बीमारियों से मिली सुरक्षा लंबी चलती है।

## चीन ने कोविड के दौरान हिरासत में रखे गए लोगों को रिहा करने का आदेश दिया

**बीजिंग।** चीन सरकार ने तीन साल पुरानी जीरो-कोविड नीति को खत्म करने की अपनी योजना से एक दिन पहले कोविड संबंधी घटनाओ को लेकर हिरासत मे लिए गए लोगो को रिहा करने का शनिवार को आदेश दिया। देश मे बड़े पैमाने पर कोरोना वायरस प्रकोप के बीच, चीन रविवार को 12 बजे से विदेशी यात्रियों पर लगी पाबंदियां समाप्त कर देगा, यात्रा और व्यापार के लिए अपने हवाई अड्डों और बंदरगाहो को पूरी तरह से खोल देगा। प्रतिबंध हटने के बाद विदेशी यात्री बिना न्यूक्लिक एसिड टेस्ट और पृथक्तावास पाबंदियो के चीन पहुंच सकते है। सरकार ने पिछले महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनों के मद्देनजर अपनी कठोर जीरो-कोविड नीति मे ढील दी थी, जिसके बाद चीन ओमीक्रॉन स्वरूप के कारण कोरोना वायरस संक्रमण के मामलो मे तेज वृद्धि से जूझ रहा है। अधिकारियों का तर्क है कि ओमीक्रोन स्वरूप डेल्टा स्वरूप जितना घातक नही है, जिसके कारण पूरी दुनिया में बड़े पैमाने पर मौतें हुई हैं। कोविड नियमो मे पूरी तरह से ढील देने से पहले, चीन सरकार ने शनिवार को कोविड से संबंधित मामलो के लिए हिरासत मे लिए गए लोगो को रिहा करने का आदेश दिया।

# ब्रिटेन की संघर्षरत स्वास्थ्य प्रणाली को लेकर सुनक ने आपात बैठक बुलाई

**भाषा।** लंदन



**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश में जारी स्वास्थ्य संकट सुधारने के लिए शनिवार को 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपने मंत्रियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्य सेवा प्रबंधकों को आपात बैठक बुलाई। ब्रिटेन में स्वास्थ्य संकट की स्थिति ऐसी गहरा गई है कि अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ है और हजारों रोगी अस्पताल के बाहर इंतजार कर रहे हैं। सरकार ने कहा है कि वह स्वास्थ्य एवं सेवा क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक साथ ला रही है, ताकि ज्ञान एवं व्यावहारिक समाधान को एक-दूसरे से साझा किया जा सके। विपक्षी लेबर पार्टी ने इस बैठक कोै थोथी कवायदै करार देते हुए खारिज कर दिया है और विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि सरकार द्वारा वित्त-पोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एचएचएस) में लंबे समय से चल रही समस्याओं का कोई त्वरित समाधान नहीं है। कोरोना महामारी संबंधी प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के बाद देखभाल की बढ़ती मांग, दो वर्ष की बंदी के बाद फ्लू और सर्दी के अन्य विषाणुओं में वृद्धिअ और ब्रेक्सिट के बाद यूरोपीय कर्मचारियों में कमी की वजह से ब्रिटेन की स्वास्थ्य प्रणाली दबावों का सामना कर रही है। हजारों अस्पताल के बिस्तर ऐसे लोगों से भरे हुए हैं जो छुट्टी पाने लायक हैं, लेकिन लंबे समय तक देखभाल के लिए जगह की कमी के कारण अस्पताल से बाहर नहीं जा सकते। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि पिछले हफ्ते इंग्लैंड के एक अस्पताल से छुट्टी लायक मरीजों में से केवल एक तिहाई मरीज ही नाम कटाकर जा सके हैं। एनएचएस कन्फेडरेशन के मुख्य कार्यकारी मैथ्यू टेलर ने कहा, यह संकट एक दशक या उससे अधिक समय से बना हुआ है। इस बीच, हड़ताल समाप्त कराने के प्रयास के तहत स्वास्थ्य संघों के नेता सोमवार को सरकार से मिलने वाले हैं।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0–1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून–248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4527/ई–निविदा सूचना/2022–23 दिनांक : 07/01/23

**ई–निविदा संशोधनः**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु ई–निविदा, सिंगल बिड के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :–

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कालसी | मरलऊ कोपटा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 110400.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 2 | कालसी | नराया पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 73000.00 | ₹2500 + GST | 06 माह |
| 3 | कालसी | छटोऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 60000.00 | ₹2000 + GST | 06 माह |
| 4 | चकराता | खबऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 194700.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 5 | कालसी | खणी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 81000.00 | ₹3000 + GST | 06 माह |
| 6 | चकराता | मसक पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 183400.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 09.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 09.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 3 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 18.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 23.01.2023 up to 17.00 Hrs |
| 5 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 23.01.2023 upto 17.00 Hrs. |
| 6 | बिड खोलने की तिथि। | 24.01.2023 at 11.00 Hrs. |

ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय–जीवन संचय"

**अधिशासी अभियन्ता**

# अमेरिका ने यूक्रेन के लिए तीन अरब डॉलर के अतिरिक्त सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका ने** रूस की आक्रामकता के खिलाफ लड़ाई में मदद के लिए यूक्रेन को 3.75 अरब डॉलर से अधिक की अतिरिक्त सैन्य सहायता की घोषणा की है जिससे यूक्रेन के खिलाफ कुल अमेरिकी सैन्य सहायता बढ़कर 24.9 अरब डॉलर की हो गई है। हालिया सहायता में पहली बार यूक्रेनी सेना के लिए 50 एम2–ए2 ब्रैडली बख्तरबंद वाहन शामिल किए जाएंगे। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि अत्याधुनिक साजो–सामान से लैस ए बख्तरबंद वाहन एक इन्फैंट्री बटालियन के लिए पर्याप्त हैं। पिछले साल 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया था। अमेरिका के विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को कहा, 2023 के पहले सप्ताह में अमेरिका यूक्रेन और अपने यूरोपीय सहयोगियों एवं भागीदारों के साथ खड़े होने के अपने विचार पर दृढ़ता से डटा रहा और 3.75 अरब की नई सैन्य सहायता की घोषणा की। इस सहायता में रक्षा विभाग की प्रतिभूतियों से यूक्रेन को तुरंत प्रदान की जाने वाली 2.85 अरब अमेरिकी डॉलर की निकासी और दीर्घकालिक क्षमता निर्माण तथा यूक्रेन की सेना के आधुनिकीकरण का समर्थन करने के लिए विदेशी सैन्य वित्तपोषण में 22.5 करोड़ डॉलर की मदद शामिल है। इसमें यूरोपीय भागीदारों और सहयोगियों के लिए विदेशी सैन्य वित्तपोषण में 68.2 करोड़ डॉलर भी शामिल हैं, जिससे यूक्रेन को सैन्य उपकरणों की प्रदायगी को प्रोत्साहित करने और उनकी भरपाई में मदद मिलेगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरिन जीन पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज यूक्रेन के लिए अमेरिका की ओर से तीन अरब डॉलर से अधिक की नई सैन्य सहायता की घोषणा यूक्रेन की रक्षा के लिए अमेरिकी प्रतिबद्धता को फिर से प्रदर्शित करेगी, जिसमें यूक्रेन के लिए 2.8 अरब डॉलर की राशि भी शामिल है, जो अब तक की सबसे बड़ी सहायता राशि है।

## यूक्रेन ने अमेरिकी सैन्य मदद की सराहना की,अस्थाई युद्ध विराम को रूस की चाल बताया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने नवीनतम सैन्य सहायता पैकेज में टैंक ध्वस्त करने वाले बख्तरबंद वाहनों को शामिल करने के लिए अमेरिका की तारीफ करते हुए कहा कि रूसी सेना के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन के सैनिकों को बिल्कुल इसी की जरूरत है। इस बीच, अधिकारियों ने कहा कि यह स्पष्ट नही है कि रूस ऑर्थोडॉक्स ईसाईयो द्वारा सात जनवरी को मनाए जाने वाले क्रिसमस के लिए 36 घंटे के एकतरफा संघर्ष विराम का पालन कर रहा है या नही। यूक्रेन ने युद्ध विराम को रूस की चाल बताते हुए निंदा की है। अमेरिका द्वारा शुक्रवार को घोषित सैन्य सहायता के रूप में अरबों डॉलर का नवीनतम पैकेज कीव के लिए अब तक का सबसे बड़ा पैकेज है। इसमें टैंक ध्वस्त करने वाले ब्रैडली बख्तरबंद वाहन भी शामिल है। जेलेंस्की ने शुक्रवार को टेलीविजन पर अपने संबोधन में इसे एक बहुत शक्तिशाली पैकेज कहा।

## भारतीय-अमेरिकी संस्था ने उप विदेश मंत्री पद के लिए रिचर्ड वर्मा के नामांकन का स्वागत किया

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय-अमेरिकी** संस्था इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड ने अमेरिका के उप विदेश मंत्री पद के लिए अधिवक्ता एवं राजनयिक रिचर्ड वर्मा को नामित करने का स्वागत किया है। व्हाइट हाउस ने दिसंबर में एक बयान में कहा था कि राष्ट्रपति जो. बाइडन ने वर्मा को उप विदेश मंत्री (प्रबंधन एवं संसाधन) के रूप में नामित करने की अपनी मंशा की घोषणा की है। अगर सीनेट से वर्मा (54) के नाम की पुष्टि होती है तो वह विदेश विभाग में शीर्ष पद पाने वाले भारतीय–अमेरिकी होंगे। संस्था ने एक बयान में कहा, यह नामांकन मौजूदा प्रशासन में विविधता लाने के राष्ट्रपति बाइडन के अभियान के संकल्प में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि है। भारतीय–अमेरिकी संस्था के कार्यकारी निदेशक नील मखीजा ने कहा, इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट एक और दूरदर्शी दक्षिण एशियाई नेता के ऐतिहासिक नामांकन का स्वागत करती है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0–1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून–248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4528/ई–निविदा सूचना/2022–23 दिनांक : 07/01/2023

**ई–निविदा संशोधनः**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु ई–निविदा, टू – बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कॉमर्शियल बिड) के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :–

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | चकराता | मलेथा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 353000.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |
| 2 | चकराता | रायगी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 355100.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |
| 3 | चकराता | जोगियो पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 367500.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |
| 4 | चकराता | लोहारी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 343800.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |
| 5 | सहसपुर | कारबारी ग्रान्ट पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 445300.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |
| 6 | डोईवाला | भट्टोवाला पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 347700.00 | ₹4000 + GST | 12 माह |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 10.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 10.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री–बिड मीटिंग की तिथि | 15.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 18.01.2023 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 24.01.2023 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 24.01.2023 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 25.01.2023 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय–जीवन संचय"

**अधिशासी अभियन्ता**

# जलवायु परिवर्तन से अफ्रीकी हाथियों के लिए बढ़ रहा पानी का संकट

(रॉब हेनसोन, रचेल ग्रॉस, ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी)

**भाषा।** सिडनी



**अफ्रीकी हाथियों** की संख्या 1800 के दशक में लगभग 2.6 करोड़ थी, जो आज घटकर 415,000 हो गई है। काफी हद तक यूरोपीय उपनिवेशीकरण, अवैध शिकार और निवास स्थान के नुकसान के कारण ऐसा हुआ। अब इस प्रजाति को एक और गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण अफ्रीका के अधिकतर हिस्सों में सूखा लंबा और अधिक गंभीर हो रहा है। यह हाथियों के आवासों को नुकसान पहुंचाता है और उन्हें जरूरी पानी से भी वंचित करता है। अपने अनोखे शरीर विज्ञान के कारण, अफ्रीकी हाथियों को जीवित रहने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी की आवश्यकता होती है। अफ्रीकी सवाना हाथी लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध है। यदि स्थिति नहीं बदलती है, तो अफ्रीका- वास्तव में, दुनिया- अपनी सबसे प्रतिष्ठित पशु प्रजातियों में से एक को खो सकती है। दुखद हालात हाथी न केवल अपने पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मूल्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे एक महत्वपूर्ण प्रजाति भी हैं। यानी, वे पारिस्थितिक तंत्र को एक साथ रखने में मदद करते हैं। इसका मतलब है कि उनके विलुप्त होने के दूरगामी परिणाम होंगे। कई अफ्रीकी पारिस्थितिक तंत्र हाथियों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमते हैं। हाथियों के खाने की आदतें, जैसे पेड़ों को धक्का देना और छाल को छीलना, जंगली वनस्पतियों को घास के मैदानों में बदल सकती हैं। इससे छोटी प्रजातियों के आने-जाने के लिए जगह बनती है। सूखी नदी के तल में पानी के लिए उनकी खुदाई से छोटे छिद्र बन जाते हैं जिनका उपयोग अन्य जानवर कर सकते हैं। इसके साथ जब हाथी आगे बढ़ते हैं, अपने मल के जरिए बीज फैलाने में मदद करते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीका में लंबे समय से सूखा पड़ रहा है। कुछ क्षेत्र 20 से अधिक वर्षों से सूखे की चपेट में हैं। पानी की कमी से हाथियों पर काफी असर पड़ा है। वर्ष 2003 के अध्ययन से पता चलता है कि जिम्बाब्वे में हाथी सूखे के दौरान मर रहे थे। और 2016 में, मौसम का शुष्क अल नीनो पैटर्न दक्षिणी अफ्रीका में आया, तो अधिक हाथियों की मौत की खबरें आईं। इससे स्थानीय संरक्षण समूह जमीन की गहरी खुदाई कर पानी की समस्या दूर करने के लिए आगे आए। सूखे का लंबा मौसम भोजन की उपलब्धता को भी कम कर सकता है, जिससे हाथी भूखे रह सकते हैं। इसका मतलब यह भी हो सकता है कि युवा हाथी मर जाते हैं या ठीक से विकसित नहीं होते हैं, क्योंकि उनकी प्यासी मां को कम दूध होता है। अद्वितीय शरीर विज्ञान तो, हाथी सूखे और गर्मी में क्यों संघर्ष करते हैं? जब हाथियों को उच्च आंतरिक गर्मी का अनुभव होता है, तो यह कोशिकाओं, ऊतकों और यकृत जैसे अंगों के कार्य को बाधित कर सकता है और उनके बीमार होने और मरने का कारण बन सकता है। मनुष्य और अन्य जानवर भी गर्मी से व्याकुल हो जाते हैं। लेकिन हाथी विशेष रूप से कमजोर होते हैं क्योंकि वे पसीना नहीं बहा सकते। गर्मी हाथियों के प्राकृतिक चयापचय और शारीरिक गतिविधि के साथ-साथ पर्यावरण से अवशोषित होने के माध्यम से जमा होती है। लेकिन यह हमेशा प्रभावी रूप से नष्ट नहीं होती है। हाथियों की मोटी चमड़ी गर्मी के नुकसान को धीमा कर देती है - और उनकी पसीने की ग्रंथियों की कमी इसे बढ़ा देती है। हाथी एक दिन में कई सौ लीटर पानी पीकर खुद को ठंडा करते हैं। हाथियों को आजाद घूमने देना चाहिए।

# आरएसएस अपने स्वयंसेवकों के माध्यम से दबाव समूह नहीं बनाना चाहताः भागवत

**भाषा।** पणजी



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि उनका संगठन ऐसे स्वयंसेवक तैयार करता है जो कई क्षेत्रों में देश के लिए योगदान दे सकते हैं, लेकिन उनके माध्यम से कोई दबाव समूह नहीं बनाना चाहता। भागवत यहां आरएसएस की ओर से आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि एक व्यक्ति संघ को दूर बैठकर नहीं समझ सकता। उन्होंने लोगों से संगठन में शामिल होने की अपील की और कहा कि संघ में हर किसी को साथ लेकर चलने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के स्वयंसेवक अपने व्यक्तिगत स्तर पर विभिन्न सामाजिक प्रयासों में शामिल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि संघ एक सेवा संगठन है। भागवत ने कहा, स्वयंसेवक जो कुछ भी करते हैं, वह उनकी व्यक्तिगत क्षमता में होता है। संघ ने उन्हें वह सोच दी है, जिसके कारण वे वह काम करते हैं, जिसकी जरूरत होती है। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने की कला में महारत हासिल की है, इसलिए वे समाज का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने कहा, इस तरह स्वयंसेवकों को ढाला जाता है, उन्हें देश में कोई प्रभावशाली दबाव समूह बनाने के लिए नहीं ढाला जाता है। संघ पूरे देश को एकजुट करना चाहता है। लोगों से संघ में शामिल होने की अपील करते हुए भागवत ने कहा कि अगर लोग इसे दूर से देखेंगे तो उन्हें संगठन के बारे में गलतफहमियां होंगी। उन्होंने कहा, संघ को दूर से देखने पर समझ में नहीं आता। संघ में सबको साथ लेकर चलने की क्षमता है, लेकिन किसी को स्वार्थी रवैए के साथ संघ में शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, संघ से जुड़कर आप कुछ हासिल नहीं कर सकते, लेकिन आप इसका हिस्सा बनकर देश के लिए योगदान दे सकते हैं। भागवत ने लोगों से दैनिक व्यवहार में पर्यावरणीय मूल्यों को लागू करने की भी अपील की। उन्होंने कहा, अगर हम पर्यावरण के प्रति अपना व्यवहार बदलेंगे तो समाज का व्यवहार भी बदलेगा। आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा कि यह दुनिया के हित में है कि भारत एक मजबूत देश बने। उन्होंने कहा कि पिछले 2,000 वर्षों में विभिन्न (राजनीतिक और सामाजिक) प्रयोग हुए, लेकिन अब दुनिया चाहती है कि भारत रास्ता दिखाए।

## नंदीग्राम हिंसा की बरसी पर तृणमूल कांग्रेस, भाजपा नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप

**नंदीग्राम (पश्चिम बंगाल)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने 2007 में यहां प्रस्तावित केमिकल हब का विरोध करने के दौरान मारे गए 14 लोगों की याद में शनिवार को अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर एक दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप लगाए। करीब 100 मीटर की दूरी पर आयोजित दोनों कार्यक्रम भूमि उच्छेद प्रतिरोध समिति (बीयूपीसी) के बैनर तले आयोजित किए गए। उस समय ममता बनर्जी के समर्थन के साथ समिति ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा प्रस्तावित केमिकल हब के लिए समुद्र के पास उपजाऊभूमि का अधिग्रहण करने की सरकार की योजनाओं का कड़ा विरोध किया था। टीएमसी के प्रदेश महासचिव और प्रवक्ता कुणाल घोष ने विपक्षी दल भाजपा और नंदीग्राम के विधायक शुभेंदु अधिकारी पर निशाना साधा। टीएमसी के पूर्व नेता शुभेंदु 2021 के राज्य चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे। अधिकारी ने यहां स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। घोष ने कहा, नरसंहार में शामिल रहे माकपा के गुंडे अब भगवा हो गए हैं। शुभेंदु अधिकारी ने उन लोगों के साथ हाथ मिलाकर नंदीग्राम के लोगों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है, जो शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर अत्याचार के लिए जिम्मेदार थे। पूर्वी मेदिनीपुर के लोगों उन्हें माफ नहीं करेंगे। भांगबेड़ा में भूमि अधिग्रहण विरोधी समिति बीयूपीसी के 14 ग्रामीण 16 साल पहले इसी दिन तत्कालीन सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) से जुड़े संदिग्ध बदमाशों की हिंसा में मारे गए थे। यह घटना तब हुई थी जब लोग भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे थे।



नई दिल्ली कैंट में एनसीसी गणतंत्र दिवस 2023 शिविर में अपने दौरे के दौरान कैडेटों से बातचीत करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

# सरकार के खिलाफ विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं हैः अशोक गहलोत

**भाषा।** जयपुर,



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दल भाजपा के पास राज्य सरकार के खिलाफ एक भी मुद्दा नहीं है। यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि विपक्ष को सरकार की कुछ बातों की सराहना भी करनी चाहिए ताकि उनकी अपनी साख बढ़े। पुलिस थानों में प्राथमिकी दर्ज करने को अनिवार्य किए जाने सहित सरकार की अन्य पहलों का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा, अगर हम कोई रिफॉर्म (सुधार) करें तो विपक्ष को चाहिए कि कुछ बातों को एप्रिशिएट (तारीफ) भी करें, तब तो उनकी क्रेडिबिलिटी (साख) बढ़ेगी। मुख्य विपक्षी दल भाजपा पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, हर बात को लेकर भाजपा वाले आलोचना करते जाएंगे, इसलिए उनकी आक्रोश रैली फेल हुई है, एक पॉइंट उनके पास कहने के लिए नहीं है सरकार के खिलाफ। 200-200 लोग इकट्ठे मुश्किल से हो रहे हैं और जब उनकी यात्रा खत्म होती है तो सिर्फ 20 लोग बचते हैं उनके यहां, ए स्थिति है, क्यों हुई ऐसी ? क्योंकि उन्होंने मतलब का कोई मुद्दा बनाया ही नहीं, हमनने बनाने ही नहीं दिया। किसानों की कर्जमाफी के मुद्दे पर गहलोत ने कहा कि विपक्ष वाले झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा, ए जो झूठ बोलते हैं हमारे विपक्ष वाले, 22 लाख किसानों के कर्जे माफ हुए हैं वे ऑनलाइन हैं, 14 हजार करोड़ रुपए हमने माफ किए हैं, तो ए तमाम तथ्य तो ऑनलाइन हैं। फिर भी झूठ बोलते रहते हैं ए लोग। कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल किए जाने पर सवाल उठाए जाने पर गहलोत ने कहा, हम तो ए मानते हैं कि हमारा प्रबंधन जो है, जो वित्तीय प्रबंधन हमारे विभाग ने किया है, हम लोगों ने बैठकर बातचीत की है, हमारा मानना है कि कोई काम ऐसा नहीं है जो कि हो नहीं सकता हो।

# राहुल को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने के लिए नहीं है भारत जोड़ो यात्राः रमेश


**भाषा।** करनाल (हरियाणा)



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि भारत जोड़ो यात्रा 2024 के आम चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने की कवायद नहीं है। रमेश ने इस बात पर जोर दिया कि पदयात्रा का चुनाव से कोई संबंध नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश ने कहा कि यात्रा आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) और भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) से वैचारिक रूप से मुकाबला करने के लिए है।

कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी के संचार एवं मीडिया विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां एक सवाल के जवाब में कहा, यह भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने के लिए नहीं निकाली गई है। यह एक वैचारिक यात्रा है, जिसका मुख्य चेहरा राहुल गांधी हैं। यह किसी एक व्यक्ति की यात्रा नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक की पदयात्रा चुनावी यात्रा नहीं है, जो वर्तमान में हरियाणा से गुजर रही है। रमेश ने कहा कि यह पूछना अनुचित है कि क्या विपक्षी पार्टी 2024 के आम चुनाव में गांधी को अपने प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश कर रही है। एक संवाददाता के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ना, ना, ना... हम नहीं कर रहे हैं, यह कोई चुनावी यात्रा नहीं है। उन्होंने कहा, 200 भारत यात्री हैं। यह कांग्रेस पार्टी की यात्रा है। पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हैं। निश्चित तौर पर, देश का ध्यान राहुल गांधी पर है, क्योंकि वह यात्रा में सबसे ज्यादा दिख रहे हैं और वह एक प्रमुख चेहरा हैं। हालांकि, यह किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं है, यह उन्हें प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने के लिए नहीं है। रमेश के साथ हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी थे। रमेश ने कहा, राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान तीन बड़े मुद्दे उठाए हैं - आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक निरंकुशता। वह इन मुद्दों को पदयात्रा के दौरान हर रोज होने वाले संवाद के दौरान और सभाओं में उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आपका यह सवाल पूछना अनुचित है - क्या हम उन्हें प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश कर रहे हैं? हम नहीं कर रहे हैं।

# भाजपा देश के संविधान को नष्ट कर देगीः महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को केंद्र में सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश के संविधान को नष्ट कर देगी और तिरंगे की जगह भगवा झंडा फहरा देगी। अपने पिता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक कार्यक्रम में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख ने यह भी कहा कि कोई भी देश अपने ही लोगों के खिलाफ युद्ध नहीं जीत सकता है।

महबूबा मुफ्ती ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग के बिजबेहरा इलाके में एक कार्यक्रम में कहा, उनका (सईद) यह विश्वास था कि यदि कोई देश शक्तिशाली है तो भी वह अपने ही लोगों के खिलाफ युद्ध नहीं जीत सकता। अगर यह सच नहीं होता, तो अमेरिका वियतनाम से पीछे नहीं हटता, या बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग नहीं होता। मुफ्ती ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वह देश के राष्ट्रीय ध्वज की जगह भगवा झंडा लगा देगी। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा, हम अपने देश के लोगों को बताना चाहते हैं कि भाजपा ने 2019 में हमारे संविधान को नष्ट कर दिया, आने वाले समय में वह इस देश के संविधान को नष्ट कर देगी। उन्होंने (भाजपा) हमारे झंडे को छीन लिया, और आने वाले समय में, वे तिरंगा छीन लेंगे, जिसके लिए देश की जनता ने अपना खून दिया था। वे तिरंगे की जगह भगवा झंडा लगा देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने न केवल जम्मू कश्मीर के संविधान को नष्ट किया, बल्कि भारत के संविधान को भी कमजोर कर दिया है। मुफ्ती ने कहा, (अनुच्छेद) 370 को निरस्त करके, उन्होंने देश के संविधान को भी नष्ट कर दिया। मुफ्ती ने कहा कि एक समय था जब अदालत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला सुनाया था। उन्होंने कहा, आज, हमारे प्रधान न्यायाधीश कहते हैं कि अदालतें जमानत देने से डरती हैं। आपको अंतर देखना होगा। अब वे बेगुनाहों को जमानत देने से डर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब दंगे होते थे, तो मीडिया सरकार से सवाल करता था, लेकिन आज मीडिया डर गया है।



नई दिल्ली में डिजिटल इंडिया अवार्ड्स के सातवें संस्करण के प्रतिभागियों को प्रस्तुत करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## कर्नाटक मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगाः मुख्यमंत्री बोम्मई

**चित्रदुर्ग (कर्टक)।** मंत्री पद की मांग को लेकर पार्टी विधायकों के बढ़ते दबाव के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा। हालांकि, उन्होंने मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले विधायकों के संभावित नामों का खुलासा नहीं किया। बोम्मई ने कहा, हमने कुछ दिन पहले विस्तार से चर्चा की थी। मुझे मिली जानकारी के अनुसार, जल्द ही एक बैठक बुलाई जाएगी और निर्णय लिया जाएगा। मुझे उम्मीद है कि यह बहुत जल्द होगा। यह पूछे जाने पर कि मंत्रिमंडल में किन विधायकों को शामिल किया जाएगा, मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भाजपा आलाकमान को तय करना है। बोम्मई ने कहा कि उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सभी मुद्दों से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा, अंतिम फैसला उनके (आलाकमान) द्वारा लिया जाएगा। जब वे कोई फैसला लेंगे, तो हम आपको बताएंगे। संकेत हैं कि यह बहुत जल्द होगा।

# जब तक मतदाता मेरे साथ हैं नेताओं की चिंता न करेंः आजाद

**भाषा।** श्रीनगर



**डेमोक्रेटिक** आजाद पार्टी (डीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने शनिवार को कहा कि जब तक मतदाता उनके साथ हैं उन्हें नेताओं के पार्टी छोड़ने की चिंता नहीं है। उनकी यह टिप्पणी उनके कई सहयोगियों द्वारा डीएपी छोड़कर कांग्रेस में वापस आने के बाद आई है। आजाद ने कहा कि वह यहां के लोगों की दुर्दशा देखकर जम्मू-कश्मीर आए हैं और वह (ऐसे) नेताओं के भरोसे नहीं हैं। उन्होंने कहा, मुझे चिंता नहीं है कि 10 या 12 नेता दिल्ली चले गए। जब तक मतदाता मेरे साथ है, मुझे नेताओं की चिंता नहीं है। आप (मतदाता) नेता बनाते हैं। मैं टिकट देता रहा था, आपने उन्हें जिताया...। आजाद ने यहां पार्टी के एक समारोह में कहा, अब टिकट देने वाले और विजेता बनाने वाले एक साथ आ गए हैं। देखते हैं कितनों को जीत मिलती है। गौरतलब है कि शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद और जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के पूर्व प्रमुख पीरजादा मोहम्मद सईद सहित 17 नेता दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं ने उनकी पार्टी छोड़ दी है, ईश्वर की कृपा से वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों में और भी बुरे हालात का सामना करेंगे। आजाद ने कहा कि वह नेताओं के भरोसे जम्मू-कश्मीर नहीं आए हैं, बल्कि लोगों के लिए आए हैं। उन्होंने कहा, मैं आपके दुखों, आपकी परेशानियों को देखकर यहां आया हूं। मैं गरीबी, बेरोजगारी देखकर वापस आया हूं।

## केंद्र की मंशा केरल के प्रत्येक जिले में वृद्धाश्रम शुरू करने कीः आठवले

**कोच्चि (भाषा)।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को कहा कि केंद्र का इरादा गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के सहयोग से केरल के प्रत्एक जिले में एक वृद्धाश्रम शुरू करने का है। आठवले ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार जाति और धर्म से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कहा, सामाजिक न्याय विभाग की मदद से अब तक देश में 1658 वृद्धाश्रम स्थापित किए जा चुके हैं और उनमें से नौ केरल में हैं। विभाग की आर्थिक सहायता से देश में चल रहे 1720 नशा मुक्ति केंद्रों में से 109 केंद्र केरल में है। उन्होंने जोर दिया कि जनधन योजना, मुद्रा, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और पीएम आवास योजना जैसी योजनाएं सभी वर्गों के लोगों के जीवन को बदलने में उत्प्रेरक का काम कर रही हैं।

# दुर्लभ रोग से ग्रसित किसी भी मरीज को संबंधित योजना के तहत नहीं मिली मददः वरुण गांधी

**भाषा।** नई दिल्ली




**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने शनिवार को कहा कि दुर्लभ रोगों से ग्रस्त मरीजों को 50 लाख रुपए की सहायता से संबंधित स्वास्थ्य मंत्रालय की एक योजना से अबतक किसी भी मरीज को लाभ नहीं मिला है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसके कारण 432 मरीजों की जान खतरे में है और उनमें से ज्यादातर छह साल से कम उम्र के बच्चे हैं। गांधी ने ट्वीट किया कि इलाज के इंतजार में 10 बच्चों की जान चली गई है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से भुगतान को मंजूरी देने के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील भी की। मांडविया को भेजे पत्र में गांधी ने कहा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने दुर्लभ रोगों से ग्रसित मरीजों की जान बचाने के लिए 30 मार्च, 2021 को राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति, 2021 की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि मई, 2022 में उसमें किए गए संशोधन के अनुसार दुर्लभ रोगों के मरीजों के सभी समूहों को इलाज के लिए 50 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने का आश्वासन दिया गया था। गांधी ने पत्र में लिखा है कि घोषणा के कई महीने बाद भी एक भी मरीज इस योजना का लाभ नहीं ले पाया है, जिससे 432 मरीजों, खासकर छह साल से कम उम्र के रोगियों की जान खतरे में पड़ गई है। उन्होंने कहा कि उनमें ज्यादातर बच्चे गौचर (प्लीहा और यकृत में कुछ खास वसीय पदार्थ का जमा होना), पोम्प (हृदय एवं कंकाल मांसपेशियों का बहुत कमजोर हो जाना), एमपीएस- वन (बच्चों की कोशिकाओं में शर्करा की असामान्य मात्रा) और एमपीएस-टू और फैब्री (इंजाइमों में त्रुटि) जैसे लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर से ग्रस्त हैं।

## जनता देश में सांप्रदायिक राजनीति को आगे बढ़ने से रोकेः जमात-ए-इस्लामी हिंद

**नई दिल्ली (भाषा)।** मुस्लिम संगठन जमात-ए-इस्लामी हिंद ने देश के लोगों और धर्मनिरपेक्ष दलों से नफरत और सांप्रदायिक राजनीति को आगे बढ़ने से रोकने की शनिवार को अपील की। जमात ने साथ में उत्तराखंड के हल्द्वानी में रेलवे के दावे वाली 29 एकड़ ज़मीन से अतिक्रमण हटाने के राज्य के उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत की ओर से प्रदान की गई अंतरिम राहत का स्वागत करते हुए आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों से संबंधित संपत्तियों पर बुल्डोज़र चलाना राजनीतिक जनसांख्यिकी बदलने की कवायद है और दावा किया कि लव जिहाद नाम की किसी भी चीज़ का अस्तित्व ही नहीं है। यहां संगठन के मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जमात के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजीनीयर मोहम्मद सलीम ने दावा किया कि हल्द्वानी मामले को राजनीतिक लाभ के लिए सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की जा रही है।

# आतंकवाद के शिकार धंगरी गांव के लोग खौफ के साए में

**भाषा।** राजौरी/जम्मू



**जम्मू** कश्मीर के राजौरी के धंगरी गांव में हाल के आतंकवादी हमले ने न केवल लोगों खासकर अल्पसंख्यकों के बीच दहशत का माहौल पैदा हो गया बल्कि दो दशक पहले हुए बाल जाराल्लान नरसंहार की जख्मों को भी हरा कर दिया है। धंगरी से बाल जाराल्लान गांव की दूरी करीब चार किलीमीटर है। धंगरी में एक जनवरी को आतंकवादी हमले और अगले दिन बम विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। बाल जाराल्लान नरसंहार 19 फरवरी, 1999 को हुआ था जब आतंकवादियों ने एक विवाहघर में घुसकर बारातियों का इंतजार कर रहे मेहमानों पर गोलियां बरसाई थीं। उस हमले में अल्पसंख्यक समुदाय के सात लोगों की मौत हो गई थी और सात अन्य लोग घायल हो गए थे। धंगरी के निवासी दलीप सिंह ने कहा कि नवीनतम घटना ने पुराने घाव को हरा कर दिया है और लोगों के मन में इस सीमावर्ती जिले में आतंकवाद के फिर से सिर उठाने का डर पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, मेरे कई करीबी रिश्तेदार शादी में गए थे और हमें तब इस घटना का पता चला जब हमले के शिकार लोगों को हमारे घरों के सामने से अस्पताल ले जाया जा रहा था, क्योंकि उस समय जम्मू कश्मीर में मोबाइल फोन नहीं थे। उन्होंने कहा कि उनके कई रिश्तेदार उस हमले में बच गए थे लेकिन अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को बहुत बड़ा झटका लगा था क्योंकि आसपास में अल्पसंख्यकों पर यह पहला ऐसा हमला था। बाल जाराल्लान कांड के अलावा राजौरी जिले में अतीत में अल्पसंख्यकों पर हुए अन्य बड़े आतंकवादी हमलों में 1997 में स्वारी गांव में सात लोगों की हत्या, 1998 में कोटेधारा में पांच लोगों की हत्या, 2002 में निरोजाल में तीन लोगों की हत्या, 2003 में पतरारा में पांच लोगों की हत्या तथा 2005 में पांगलार में पांच व्यक्तियों की हत्या शामिल हैं। सिंह ने कहा, अब इस धंगरी हमले ने अल्पसंख्यक समुदाय को न केवल ताजा घाव दिया है बल्कि उनके बीच आतंक का खौफ भी पैदा कर दिया है। संजय कुमार ने कहा कि धंगरी घटना एक बड़ी चिंता की वजह है क्योंकि यह जिले में आतंकवादी गतिविधियों के फिर सिर उठाने का संकेत है जबकि कई साल पहले जिले को आतंकवाद मुक्त घोषित कर दिया गया था। कुमार ने कहा, सरकार को लोगों के मन में सुरक्षा तंत्र पर फिर भरोसा जगाने के लिए जरूरी कदम उठाना चाहिए तथा जिन लोगों ने जान गंवाई है या जो घायल हुए है, उनके लिए इंसाफ सुनिश्चित करने की खातिर हमलावरों को ढूंढ निकालना चाहिए। राजौरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहम्मद असलम ने आश्वासन दिया था कि धंगरी घटना में शामिल आतंकवादियों का शीघ्र सफाया किया जाएगा।

# डब्ल्यू-20 की अध्यक्ष ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल से मुलाकात की



**जम्मू (भाषा)।** जी-20 समूह के संगठन डब्ल्यू-20(महिला-20) की भारतीय अध्यक्ष डॉ संध्या पुरेचा ने शनिवार को यहां राजभवन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। अप्रवक्ता के मुताबिक डॉ संध्या पुरेचा ने लैंगिक समानता पर उपराज्यपाल के साथ जी-20 समूह के आधिकारिक दृष्टिकोण और लक्ष्यों को साझा किया। उपराज्यपाल ने डब्ल्यू-20 को महिला नीत विकास और एक समान और समतापूर्ण समाज को लेकर उसके प्रयासों को केंद्रशासित प्रदेश में सभी सहयोग और समर्थन सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। प्रवक्ता के मुताबिक डॉ पुरेचा ने उपराज्यपाल के साथ जी-20 चर्चाओं में लैंगिक समानता संबंधी विचारों को मुख्यधारा में लाने के प्रयासों को भी साझा किया।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 9 जनवरी, 2023



# सूर्यकुमार के शतक से भारत ने श्रृंखला कब्जाई

**● अंतिम मैच में 91 रन से हराया**

**● श्रृंखला 2-1 से जीती**

**भाषा।** राजकोट

**टी20 क्रिकेट के** नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के 51 गेंद में नाबाद 112 रन की मदद से भारत ने श्रीलंका को शनिवार को तीसरे और आखिरी मैच में 91 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 2–1 से जीत ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 16.4 ओवर में 137 रन पर आउट हो गई। सूर्यकुमार ने श्रीलंकाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का एक और शानदार नजारा पेश किया। उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट्स खेलकर टी20 क्रिकेट में तीसरा शतक जड़ा। अपना अर्धशतक 26 गेंद में पूरा करने के बाद सूर्यकुमार ने तिहरे अंक तक पहुंचने में 19 गेंद ही और ली। उन्होंने आखिरी ओवर में चमिका करूणारत्ने को एक चौका और एक छक्का लगाया। पहले दो मैच करीबी रहने के बाद भारत ने आज श्रीलंका को बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में काफी पीछे छोड़ दिया जिससे इस युवा भारतीय टीम का मनोबल बढा होगा। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पाथुम निसांका (15) हार्दिक पंड्या की पहली ही गेंद पर पगबाधा की अपील से बच गए। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाते हुए 44 रन की साझेदारी की। निसांका ने अर्शदीप सिंह को दूसरे ओवर में दो चौके लगाए और अगले ओवर में कुसल मेंडिस ने पंड्या को दो छक्के जड़े। पंड्या ने गेंद स्पिनर अक्षर पटेल को सौंपी जिन्होंने मेंडिस (23) को आउट किया। इसके बाद अर्शदीप ने निसांका को पवेलियन भेजा जबकि पंड्या ने अविष्का फर्नांडो (एक) का विकेट लिया। युजवेंद्र चहल ने चरित असलांका (19) को आउट किया जिनका शानदार कैच शिवम मावी ने लपका। उमरान मलिक ने दो विकेट चटकाए लेकिन अपने स्पैल में एक नोबॉल और 11 वाइड गेंदें डाली। इससे पहले पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके शुभमन गिल (46) ने नौ गेंदें बेकार की लेकिन उसके बाद दिलशान मदुशंका को तीसरे ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया। राहुल त्रिपाठी ने 16 गेंद में 35 रन बनाए। इससे पहले ईशान किशन पहले ही ओवर में एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। स्पिन गेंदबाजों के आते ही त्रिपाठी ने महेश तीक्षणा को निशाना बनाया और पांचवें ओवर में तीन चौके लगाए। उन्होंने पहला चौका स्क्वेयर लेग के ऊपर, दूसरा प्वाइंट में और तीसरा मिडआफ में जड़ा। त्रिपाठी ने करूणारत्ने को दो छक्के लगाए। भारत ने पावरप्ले में दो विकेट खोकर 53 रन जोड़े। गिल ने धीमी गति से रन बनाए लेकिन सूर्यकुमार ने आक्रामक पारी खेली। टी20 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज ने चौके के साथ अर्धशतक पूरा किया। दूसरे छोर से गिल ने वानिंदु हसरंगा को छक्का लगाया लेकिन दूसरा चौका लगाने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। इसके साथ ही 111 रन की साझेदारी भी टूट गई। कप्तान हार्दिक पंड्या (चार) और दीपक हुड्डा (चार) सस्ते में आउट हो गए। दूसरे छोर से सूर्यकुमार की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही जिन्होंने अपनी पारी में नौ छक्के और सात चौके लगाए। आखिर में अक्षर पटेल ने सिर्फ नौ गेंद में चार चौकों की मदद से नाबाद 21 रन बनाए।


सूर्यकुमार-शुभमन

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी** : किशन का डी एम डिसिल्वा बो मदुशंका 1, गिल बो पी डिसिल्वा 46,त्रिपाठी का मदुशंका बो करूणारत्ने 35, यादव नाबाद 112, पंड्या का डी एम डिसिल्वा बो रजीता 4,हुड्डा का पी डिसिल्वा बो मदुशंका 4,पटेल नाबाद 21, **अतिरिक्त** : पांच रन, कुल योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 228 रन, **विकेट पतन** :1-3, 2-52, 3-163, 4-174, 5-189, **गेंदबाजी** : मदुशंका 4-0-55-2, रजीता 4-1-35-1,तीक्षणा 4-0-48-0, करूणारत्ने 4-0-52-I, डिसिल्वा 4-0-36-I

**श्रीलंका पारी** : निसांका का मावी बो अर्शदीप 15, मेंडिस का मलिक बो पटेल 23, अविष्का का अर्शदीप बो पंड्या I, डिसिल्वा का गिल बो चहल 22,असालांका का मावी बो चहल 19,शनाका का पटेल बो अर्शदीप 23, हसरंगा डिसिल्वा का हुड्डा बो मलिक 9,करूणारत्ने पगबाधा बो पंड्या 0, तीक्षणा बो मलिक 2,रजीता नाबाद 9,मदुशंका बो अर्शदीप I,**अतिरिक्त** : 13 रन, **कुल योग** : 16 . 4 ओवर मे 137 रन, **विकेट पतन** :1- 44, 2- 44, 3- 51, 4- 84, 5- 96, 6- 107, 7-123, 8- 127, 9- 135, **गेंदबाजी** : पंड्या 4- 0- 30- 2, अर्शदीप 2.4-0-20-3, मावी I-0-6-0, पटेल 3-0- 19-I, मलिक 3-0-31-2, चहल 3-0-30-2

## पंत के घुटने की सर्जरी सफल रही

**भाषा।** नई दिल्ली



भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की मुंबई के एक अस्पताल में हुई घुटने की सर्जरी सफल रही।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। पंत पिछले सप्ताह भीषण कार दुर्घटना में से चमत्कारिक रूप से बच गए थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, ऋषभ पंत की घुटने की लिगामेंट की सर्जरी शुक्रवार को की गई। यह सर्जरी सफल रही। वह चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे। यह सर्जरी मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में सेंटर फॉर स्पोर्ट्स मेडिसिन के प्रमुख और आर्थ्रोस्कोपी एंड शोल्डर सर्विस के निदेशक डॉ परदीवाला की देखरेख में हुई। पंत को देहरादून से एयर एंबुलेंस द्वारा मुंबई ले जाया गया क्योंकि वह आम विमान से उड़ान भरने की स्थिति में नहीं थे। पंत 30 दिसंबर को हुई कार दुर्घटना में बाल बाल बच गए। दिल्ली से रुड़की जाते समय उनकी कार एनएच 58 पर डिवाइडर से टकरा गई थी।

## एसीए भारत श्रीलंका वनडे मैच से विश्व कप की मेजबानी का दावा पेश करने की तैयारी में

**गुवाहाटी।** भारत-श्रीलंका के बीच अगले सप्ताह यहां एकदिवसीय मैच की मेजबानी की तैयारी कर रहा असम क्रिकेट संघ इस मौके को साल के आखिर में भारत में होने वाले विश्व कप मैचों की मेजबानी के अपने दावे को मजबूत करने का उपयोग करना चाहता है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य क्रिकेट निकाय अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) द्वारा निर्धारित सभी मानक प्रोटोकॉल का पालन करने से लेकर किसी भी आपात स्थिति में ग्रीन कॉरिडोर स्थापित करने जैसे विशेष कदम उठाने तक कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। एसीए स्टेडियम 10 जनवरी को भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की श्रृंखला के पहले वनडे की मेजबानी करेगा, जो चार वर्षों में यहां 50 ओवरों का पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर का मैच होगा। बीसीसीआई के संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया ने पीटीआई-भाषा से कहा, बीसीसीआई ने इस साल होने वाले विश्व कप के आयोजन स्थलों को अंतिम रूप नहीं दिया है। गुवाहाटी मजबूत दावेदार है और काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि अगला मैच कैसे होता है। उन्होंने कहा, एसीए की दावेदारी सिर्फ एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे आठ पूर्वोत्तर राज्य की है।

### उषा ने डोपिंग का मुकाबला करने के लिए बाहर परीक्षणों को बढ़ाने का जोर दिया

**नागपुर।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने शनिवार को डोपिंग खतरे से निपटने के लिए प्रतियोगिता से बाहर होने वाले परीक्षणों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उषा यहां खासदार क्रीड़ा महोत्सव के उद्घाटन से पहले बोल रही थी। डोपिंग को खत्म करने के सवाल को उषा ने इसे एक बड़ा मुद्दा करार देते हुए कहा, हम चाहते है कि ऑफ-सीजन (सत्र के बाद या पहले) में और अधिक खिलाड़ियों का औचक परीक्षण किया जाए। प्रतियोगिता से बाहर के परीक्षणों को बढ़ाया जाना चाहिए। इसके अलावा जागरूकता बढ़ाने के लिए अधिक कक्षाएं दी जा रही है, लेकिन फिर भी डोपिंग के मामले आ रहे है। उषा ने कहा, मुझे लगता है कि प्रतियोगिता से बाहर परीक्षणों की अधिक आवश्यकता है और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाना चाहिए।

### न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज हेनरी पाक, भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर

**कराची।** न्यूजीलैड के तेज गेंदबाज मेट हेनरी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पाकिस्तान और भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की आगामी श्रृंखला से बाहर हो गए है। हेनरी को पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के आखिरी दिन चोट लगी थी लेकिन उन्होने चोट के साथ गेंदबाजी की। कोच गैरी स्टीड ने इसकी पुष्टि की। स्टीड ने शनिवार को कहा , उसे वनडे टीम से बाहर रहना पड़ेगा। न्यूजीलैड क्रिकेट ने अभी उनके विकल्प की घोषणा नही की है। हेनरी टेस्ट टीम के साथ स्वदेश लौट जाएंगे। न्यूजीलैड को 10 जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ और 18 जनवरी को भारत के खिलाफ श्रृंखला खेलनी है।

### सूर्य ने ब्रेविस से नो लुक शॉट सिखाने के लिए कहा

**मुंबई।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस की पावर-हिटिंग क्षमता से प्रभावित है और इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र मे वह मुंबई इंडियन्स के अपने साथी खिलाड़ी से नो लुक शॉट सिखना चाहते है। सूर्या ने एमआई (मुंबई इंडियंस) टीवी पर पोस्ट की गई ब्रेविस के साथ बातचीत में कहा, मै कभी-कभी आपको (ब्रेविस) कॉपी करने की कोशिश कर रहा हूं। जिस तरह से आप बल्लेबाजी करते है। आपको मुझे एक बात सिखानी होगी, आप कैसे करते है कि नो-लुक शॉट, नो-लुक सिक्स लगाते है। मै बस आपसे यही सीखना चाहता हूं।

### एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने शनिवार को कजाकिस्तान के अस्ताना मे 10 से 12 फरवरी तक होने वाली 10वी एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैपियनशिप में भाग लेने के लिए 26 सदस्ईय भारतीय दल की घोषणा की। टीम मे 13 पुरुष और इतनी ही महिला एथलीट शामिल होंगी, जिनमें तोक्यो 2020 ओलंपियन तजिंदरपाल सिंह तूर और 100 मीटर बाधा दौड़ में महिला राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक ज्योति याराजी शामिल है। एएफआई के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने कहा, इन एथलीटो का चयन 36वें राष्ट्रीय खेलों और राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2022 में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया था।

## चेतन शर्मा फिर बने चयन समिति के अध्यक्ष

**भाषा।** नई दिल्ली

**● नई टीम में पूरी तरह से नए चेहरे होंग**

**टी20 विश्व** कप में भारतीय टीम के सेमीफाइनल से बाहर होने के कारण भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पूरी चयन समिति को भंग करने के दो महीने बाद चेतन शर्मा को शनिवार को वरिष्ठ चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त किया गया।
चेतन की नई टीम में हालांकि पूरी तरह से नए चेहरे होंगे। दक्षिण क्षेत्र के चयनकर्ताओं के जूनियर अध्यक्ष एस शरत को पदोन्नत किया जाएगा। समिति में शामिल अन्य लोगों में पूर्वी क्षेत्र के पूर्व तेज गेंदबाज सुब्रतो बनर्जी, पश्चिम क्षेत्र के सलिल अंकोला और मध्य क्षेत्र के टेस्ट सलामी बल्लेबाज शिव सुंदर दास शामिल हैं। दास ने ओडिशा के लिए खेलने के बाद विदर्भ का प्रतिनिधित्व किया था इसलिए वह पूर्व खिलाड़ी होने के बाद भी मध्य क्षेत्र के प्रतिनिधित्व के लिए योग्य थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने दास के मध्य क्षेत्र से चुने जाने के फैसले का बचाव करते हुए कहा, मध्य और पूर्व दो ऐसे क्षेत्र हैं जहां से ज्यादा योग्य नाम नहीं आए। इसलिए बीसीसीआई को सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध विकल्प का उपयोग करना पड़ा। दास के विदर्भ प्रतिनिधित्व ने उन्हें मध्य क्षेत्र से पात्र बना दिया। इसके अलावा बंगाल के राणादेव बोस जूनियर समिति में है। उन्होंने कहा, सुब्रतो बंगाल के लिए खेले थे, लेकिन उन्होंने बंगाल से ज्यादा क्रिकेट तत्कालीन बिहार के लिए खेला था। चेतन के सहयोगी हरविंदर सिंह ने भी फिर से आवेदन किया, लेकिन साक्षात्कार के बाद उन पर विचार नहीं किया गया। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, बोर्ड ने चयनसमिति के पांच पदों के लिए 18 नवंबर 2022 को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर विज्ञापन जारी किया था जिसके जवाब में लगभग 600 आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा, उचित विचार-विमर्श और आवेदनों को सावधानीपूर्वक परखने के बाद क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए 11 व्यक्तियों को शॉर्टलिस्ट किया। साक्षात्कार के आधार पर सीएससी ने पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के लिए निम्नलिखित उम्मीदवारों की सिफारिश की है। यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि दास और चेतन दोनों ने समान संख्या में 23-23 टेस्ट खेले है लेकिन चेतन के 65 एकदिवसीय मैच के मुकाबले दास ने सिर्फ चार एकदिवसीय मैच खेले है। चेतन का टेस्ट करियर 1984 में शुरू हुआ था जबकि दास ने 2000 में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। तमिलनाडु के पूर्व कप्तान शरत की बात करें उन्हें जूनियर क्रिकेट के खिलाड़ियों को परखने का अच्छा अनुभव है। वह इस पैनल में में इकलौते ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने भारत के लिए नहीं खेला है। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, शरत प्रतिभा परखने के मामले में शानदार है। उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट को करीब से देखा है। जूनियर खिलाड़ियों के कौशल के बारे में उनकी समझ अच्छी है। बनर्जी ने पिछली बार भी आवेदन किया था लेकिन देबाशीष मोहंती से हार गए थे।



## सानिया ने अगले महीने दुबई में खेल को अलविदा कहने का मन बनाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**अनुभवी भारतीय** टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अगले महीने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में अपने शानदार करियर को अलविदा कहने का फैसला किया है। युगल रैंकिंग में शीर्ष पर रही सानिया ने डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस संघ) से इसकी घोषणा की। सानिया ने पिछले सत्र के आखिर में अपने खेल को अलविदा कहने का मन बनाया था लेकिन कोहनी की चोट के कारण वह अगस्त 2022 में अमेरिकी ओपन से बाहर हो गई और पूरे सत्र खेल से दूर रही। पाकिस्तान के क्रिकेटर शोएब मलिक से शादी करने वाली 36 वर्षीय सानिया एक दशक से अधिक समय से दुबई में रह रही हैं और वह अपने घरेलू मैदान पर खेल को अलविदा कहना चाहेंगी। सानिया ने डब्ल्यूटीएटेनिस डॉट कॉम से कहा, मैं डब्ल्यूटीए फाइनल्स (बीते सत्र में) के बाद खेल को अलविदा कहने वाली थी, क्योंकि डब्ल्यूटीए फाइनल्स के युगल वर्ग में हमारी जगह पक्की थी। अमेरिकी ओपन से ठीक पहले मेरी कोहनी में चोट लग गई थी, इसलिए मुझे इसके बाद के हर टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं अपनी शर्तों पर जीना पसंद करती हूं। इसलिए मैं चोट के कारण बाहर नहीं होना चाहती थी। मैंने वापसी के लिए अभ्यास जारी रखा था। सानिया ने महिला युगल और मिश्रित युगल में तीन-तीन ग्रैंड स्लैम जीता है। उन्होंने कजाकिस्तान की अन्ना डेनिलिना के साथ इस महीने के ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए हामी भरी है। वह पिंडली में चोट की समस्या से जूझ रही है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि चोट उसकी विदाई की योजनाओं में बाधा नहीं बनेगा। उन्होंने कहा, उनकी कोशिश दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप के दौरान दुबई में खेल को अलविदा कहने की है। दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप, एक डब्ल्यूटीए 1000 स्तर का टूर्नामेंट है। यह 19 फरवरी से शुरू होगा।



## शीर्ष रैंकिंग पर काबिज अल्कारेज चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हटे

**भाषा। मेलबर्न**

**टेनिस रैंकिंग** में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज दाहिने पैर में चोट के कारण शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर हो गए। स्पेन के 19 साल के खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अभ्यास के दौरान वह चोटिल हो गए। साल का पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट 16 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा। इसका ड्रॉ गुरुवार को है। अल्कारेज पिछले सितंबर में यूएस ओपन में खिताब जीतने के बाद रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के शुरू होने के बाद वह पुरुष वर्ग में सबसे कम उम्र में शीर्ष रैंकिंग के साथ सत्र खत्म करने वाले खिलाड़ी बने थे। पिछले साल उनके जीत-हार का रिकॉर्ड 57-13 रहा। इस दौरान उन्होंने एकल वर्ग के पांच खिताब जीते। अल्कारेज ने ट्विटर पर लिखा, मैंने ऑस्ट्रेलिया ओपन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ स्तर हासिल करने के लिए काफी मेहनत की थी लेकिन दुर्भाग्य से मैं नहीं खेल पाऊंगा। स्पेन के इस खिलाड़ी ने कहा, यह कठिन है, लेकिन मुझे उम्मीद बनाए रखनी होगी, इससे उबरना होगा और आगे देखना होगा। अल्कारेज के बाहर होने के बाद उनके हमवतन 22 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता हासिल करेंगे।

## चोटिल जोकोविच एडीलेड फाइनल में

**भाषा।** एडीलेड

**नोवाक जोकोविच** ने मैच के दौरान पैर में चोट लगने के बावजूद दानिल मेदवेदेव को 6-3, 6- 4 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल एकल फाइनल में जगह बना ली। मैच के पहले सेट में सातवें गेम के दौरान जोकोविच को बाएं पैर में चोट लगी थी। उन्होंने मेडिकल टाइमआउट भी लिया। अब उनका सामना सेबेस्टियन कोरडा से होगा जिन्हें प्रतिद्वंद्वी योशिहितो निशिओका के चोटिल होकर कोर्ट छोड़ने के कारण फाइनल में जगह मिल गई। उस समय कोरडा 7-6, I-0 से आगे थे। महिला वर्ग में दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने इरिना कामेलिया बेगु को 6-3, 6- 2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना युवा क्वालीफायर लिंडा नोस्कोवा से होगा जिसने शीर्ष वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 6- 3,1-6, 6-3 से हराया।



## दक्षिण अफ्रीका के छह विकेट झटककर ऑस्ट्रेलिया ने जीत की उम्मीदों को बढ़ाया

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी को चार विकेट पर 475 रन पर घोषित करने के बाद बारिश से प्रभावित चौथे दिन का खेल खत्म होने तक शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के छह विकेट चटका कर तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में सूपड़ा साफ करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। कमिंस ने तेज गेंदबाजो के अनुकूल परिस्थितियों मे शानदार गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए तीन विकेट झटके जबकि हेजलवुड को दो और नाथन लियोन को एक सफलता मिली। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली पारी मे अब भी ऑस्ट्रेलिया ए 327 रन पीछे है। इस मैच को जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया को रविवार को मैच के आखिरी दिन दक्षिण अफ्रीका के बाकी बचे चारो विकेट को जल्दी से झटक कर फॉलोऑन करना होगा। और फिर दूसरी पारी के सभी विकेट झटकने होंगे। इस मैच में जीत से ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मे अपनी जगह पक्की कर लेगा। शुक्रवार को बारिश के कारण खेल संभव नही हुआ। शनिवार की सुबह भी बारिश जारी रही जिससे लंच के पहले का सत्र धुल गया। कमिंस को इससे पारी घोषित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उस्मान ख्वाजा के 195 रन पर नाबाद थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज करने के लिए पांच सत्र मे 20 विकेट चटकाने की चुनौती स्वीकार की। पारी के नौवें ओवर मे ही हेजलवुड की गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने कप्तान डीन एल्गर (13) का शानदार कैच लपक कर ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई।



## जीवन और बालाजी टाटा ओपन फाइनल में हारे



**भाषा।** पुणे

**एन श्रीराम** बालाजी और जीवन नेदुंचेझियान टाटा ओपन महाराष्ट्र युगल फाइनल में बेल्जियम के सैंडर गिली और जोरान विलेजेन से सीधे सेटों में हार गए। अपना पहला एटीपी टूर फाइनल खेल रहे बालाजी अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टीम को जीत नहीं दिला सके। भारतीय टीम एक घंटे दस मिनट तक चले फाइनल में 4-6, 4-6 से हार गई। बेल्जियम जोड़ी का यह एटीपी विश्व टूर पर छठा खिताब है और 2021 में सिंगापुर ओपन जीतने के बाद से पहला खिताब भी है।

### ग्रीकस्पूर ने पहला एटीपी विश्व टूर खिताब जीता

**पुणे।** नीदरलैंड के टालोन ग्रीकस्पूर ने एक बेहद रोमांचक मुकाबले में बेंजामिन बोंजी को हराकर पहला एटीपी विश्व टूर खिताब जीत लिया। नीदरलैंड के इस खिलाड़ी ने टाटा ओपन महाराष्ट्र के फाइनल में फ्रांस के बोंजी को 4-6, 7- 5, 6- 3 से मात दी। दोनों खिलाड़ियों ने बालेवाड़ी स्टेडियम पर जबर्दस्त खेल का प्रदर्शन किया। पहले सेट में लग रहा था कि मुकाबला टाइब्रेकर तक खिंचेगा लेकिन ग्रीकस्पूर ने डबल फॉल्ट कर दिया और बोंजी ने तीन ब्रेक प्वाइंट के साथ पहला सेट अपनी झोली में डाला। दूसरे सेट में भी मुकाबला बराबरी का रहा और दोनों खिलाड़ियों की बेहतर सर्विस देखने को मिली। इस सेट में ग्रीकस्पूर ने वापसी करते हुए मुकाबले को निर्णायक सेट में खींचा। तीसरे सेट में उन्होंने बोंजी को वापसी का मौका नहीं दिया।

### सबालेंका एडीलेड इंटरनेशनल महिला वर्ग के फाइनल में

**एडीलेड।** दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने इरिना कामेलिया बेगु को 6-3, 6-2 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल महिला एकल फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना युवा क्वालीफायर लिंडा नोस्कोवा या शीर्ष वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर से होगा। पुरुष सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच की टक्कर दानिल मेदवेदेव से होगी। इस मैच के विजेता का सामना सेबेस्टियन कोरडा से होगा जिन्हे प्रतिद्वंद्वी योशिहितो निशिओका के चोटिल होकर कोर्ट छोड़ने के कारण फाइनल मे जगह मिल गई। उस समय कोरडा 7-6,1-0 से आगे थे।

### यूनाइटेड कप फाइनल में इटली का सामना अमेरिका से

**सिडनी।** इटली का सामना पहले यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस के फाइनल मे अमेरिका से होगा। इटली ने सेमीफाइनल मे यूनान को हराया। पहले दोनो एकल मैच गंवाने के बाद स्टेफानोस सिटसिपास ने मातेओ बेरेतिनी को 4-6, 7-6, 6-4 से हराकर यूनान की उम्मीदे कायम रखी। इटली के लिए हालांकि लूसिया ब्रोंजेती ने वालेंतिनि जी को 6-2, 6-3 से हराकर इटली को 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। इससे पहले टेलर फ्रिट्स ने पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके जीत दर्ज की जिसके दम पर अमेरिका ने फाइनल मे प्रवेश कर लिया। फ्रिट्ज ने हुरकाज को 7-6, 7-6 से हराकर अमेरिका को 3- 0 की विजई बढ़त दिलाई। इससे पहले जेसिका पेगुला और फ्रांसिस टियाफो ने अपने अपने एकल मैच जीते थे।

### कोको गॉ एएसबी क्लासिक टेनिस के फाइनल में

**आक्लैंड।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉ ने मोंटेनीगरो की डांका कोविनिच को 6-0, 6-2 से हराकर एएसबी क्लासिक टेनिस के फाइनल मे प्रवेश कर लिया। अमेरिका की कोको ने अभी तक एक भी सेट नही गंवाया है। उसे जीत दर्ज करने मे एक घंटे का ही समय लगा। दूसरा सेमीफाइनल क्वालीफायर सालिन बोनावेंचर और रेबेका मासारोवा के बीच खेला गया जिसमे मासारोवा ने 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की।

### वीनस विलियम्स चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर

**मेलबर्न।** वीनस विलियम्स इस सप्ताह न्यूजीलैंड के ऑकलैंड मे एक टूर्नामेंट के दौरान चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस को पिछले महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन मे वाइल्ड-कार्ड एंट्री मिली थी, जो मेलबर्न पार्क मे उनका 22वां मेजर होता। ऑस्ट्रेलियाई ओपन ने शनिवार को कहा कि 42 वर्षीय वीनस 16 जनवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से हट गई हैं। उन्होंने हालांकि चोट का विवरण नहीं दिया।

### उम्मीद है कि इस साल 90 मीटर की बाधा को पार करूंगा

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक मे स्वर्ण पदक जीतने वाले भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को उम्मीद है कि वह इस साल अपने भाले से 90 मीटर की दूरी की बाधा को पार कर लेंगे। ओलंपिक मे ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद 24 साल के नीरज ने विश्व चैम्पियनशिप मे रजत पदक और फिर डायमंड लीग फाइनल्स मे स्वर्ण पदक जीतकर उम्मीदो को बढ़ाना जारी रखा। इन दमदार प्रदर्शन के बाद भी नीरज हालांकि अपने 90 मीटर के लक्ष्य को हासिल करने मे नाकाम रहे। इंग्लैड मे अभ्यास कर रहे नीरज ने ऑनलाइन बातचीत मे कहा, मुझे उम्मीद है कि इस नए साल मे मै इस सवाल को खत्म कर दूंगा। वह प्रतिष्ठित डायमंड लीग के स्टॉकहोम चरण में इस लक्ष्य के करीब पहुंच गए थे। उन्होने तब 89.94 मीटर की दूरी के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था। नीरज का मानना है कि वह स्टॉकहोम मे मुकाम हासिल कर सकते थे। भाला फेंकते समय अगर मेरा पैरा कुछ सेंटीमीटर आगे रहता तो मै ऐसा कर सकता था। हां, मै सिर्फ छह सेंटीमीटर से चुका था। लेकिन एक एथलीट के लिए यह जादुई उपलब्धि की तरह है। जब भी आप किसी शीर्ष एथलीट के बारे में बात करते हैं तो हम सभी यही कहते है कि उसने 90 मीटर की दूरी तय की है। नीरज हालांकि इसे लेकर ज्यादा चिंतित नही है। उन्होने कहा, मै हालांकि उम्मीदों के दबाव से परेशान नही हूं। यह जब होना होगा तब होगा। यह पिछले साल या साल पहले भी हो सकता था, लेकिन शायद भगवान ने इसके लिए एक सही समय और स्थान रखा है। सेना से जुड़े हरियाणा के इस खिलाड़ी ने कहा, यह अपना सब कुछ झोंक देने के बारे में है, आपकी सोच ऐसी होनी चाहिए की आप इसे हासिल करने के लिए अपना शत प्रतिशत जोर लागाएंगे। मुझे यह उम्मीद उन लोगो को है जो मुझे प्यार करते है। यह एक सकारात्मक भूमिका निभाते है।

